हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

**टीम इंडिया में वापसी से पहले मोहम्मद शमी खेलेंगे घरेलू क्रिकेट**



Page 10

देश

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं कर रहे हैं रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग**

कृष्ण पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 04 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 235 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹70,580 | ₹85,500 |



## आज का इतिहास

- 1828 : लॉर्ड विलियम बेंटिंक कलकत्ता (अब कोलकाता) नए गवर्नर-जनरल के रूप में अपना प्रशासन शुरू करने के लिए यूनाइटेड किंगडम के राजा जॉर्ज IV के स्थान पर भारत आए।
- 1947 : ब्रिटिश संसद के सामने भारतीय स्वतंत्रता बिल का प्रस्ताव रखा गया था। जिसके तहत देश का भारत और पाकिस्तान में बंटवारा हुआ।

# मुख्यमंत्री ने नवादा में सीमेंट फैक्ट्री का किया शिलान्यास, नालंदा में पुल का किया उद्घाटन

मिथिलेश कुमार | नवादा/ नालंदा





सीएम नीतीश कुमार ने वारिसलीगंज में अडानी ग्रुप की सीमेंट ग्राइंडिंग फैक्ट्री यूनिट का शिलान्यास करने पहुंचे। यहां उन्होंने मंच के निकट बने हुए यूनिट की संरचना का अवलोकन किया। सीएम ने ईंट रखकर यूनिट का शिलान्यास किया। ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। साथ में मंत्री प्रेम कुमार, नवादा के सांसद विवेक ठाकुर व विभागीय सचिव मौजूद थे।

शिलान्यास के बाद सीएम सड़क मार्ग से वारिसलीगंज से पटना के लिए लौट गए। उनके जाने के करीब 20 मिनट के बाद हैलीपैड पर हेलीकॉप्टर आया। हेलीकाप्टर अभी यहीं पर रूका हुआ है। सीएम जा चुके हैं। सीएम के साथ अडाणी ब्रदर्स भी शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। वे दोनों सड़क मार्ग से लौट गए।

वहीं, इसके पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काशीचक की 40 एएनएम सीमेंट फैक्ट्री के रास्ते में आकर प्रदर्शन करने लगीं। पुलिस अधिकारियों इन्हें हटवाने का प्रयास किया। ये संविदा स्वास्थ्यकर्मी फेस अटेंडेंस का विरोध करने के साथ ही समान काम के लिए समान वेतनमान की मांग को लेकर बीते कई दिनों से जिले भर में विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।

इसके अलावा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नालंदा जिले के हरनौत के द्वारिका बिगहा में मुहाने नदी पर बने पुल का उद्घाटन किया। 41 मीटर लंबे डबल लेन पुल के निर्माण में पांच करोड़ रुपये खर्च हुए। इसका निर्माण पुल निर्माण निगम ने कराया है। इसके बन जाने से एनएच- 20 से पश्चिम बसे हरनौत के गिर्द के ग्रामीणों की सहूलियत होगी। द्वारिका बिगहा पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय ग्रामीणों और जिले के जद(यू) नेताओं का अभिवादन स्वीकार किया। ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर मांग पत्र समर्पित किया।

### ककोलत में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकार्पण

इधर, नवादा पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने ककोलत जलप्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का किया लोकार्पण। ककोलत के मुख्य द्वार गेट के समीप लोकार्पण स्थल बनाया गया है। उनके साथ मंत्री प्रेम कुमार हैं। सीएम ने गेट के अंदर में पौधारोपण किया है। अमलताश का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वह घूम-घूमकर विकास कार्य जो ककोलत में हुए हैं उनका जायजा ले रहे हैं। ककोलत में प्राकृतिक कूंड, चेंजिंग रूम, कैफेटेरिया, प्रशासनिक भवन, पर्यटक सूचना केंद्र, अमानती घर, पार्किंग, शौचालय, प्राथमिक उपचार केंद्र जैसी सुविधाएं बहाल कराई गई है। विभागीय सचिव उन्हें विकास कार्यों की जानकारी दे रहे हैं। वंदना प्रेयसी साथ में हैं। जिला वन पदाधिकारी सीएम को कॉफीटेबल बुक दिखा रहे हैं। सीएम ने सीढ़ियों पर रूककर वहां पहाड़ी से संभावित भूस्खलन, चट्टान खिसकने जैसी घटना को रोकने के लिए किए गए कार्यों के बारे में विशेषज्ञों से जानकारी ली, ताकि ककोलत पूरी तरह से सुरक्षित हो। पूर्व में वहां ककोलत की जलधारा में कई बार बाढ़ आने की घटना हो चुकी है।

पीएम ने कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुये कहा

# भारत के 90 प्रतिशत छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी | नयी दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में छोटे किसानों को देश की खाद्य सुरक्षा की ताकत बताते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय कृषि की विविधता इस देश को विश्व की खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण बनाती है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित "कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई)" का उद्घाटन करते हुये ये बातें कहीं।

यह सम्मेलन भारत में 65 साल बाद आयोजित किया गया है। सात दिवसीय इस सम्मेलन में दुनिया भर के करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक महिला प्रतिनिधि हैं। श्री मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि 65 साल पहले जब भारत ने मैसूर में इस सम्मेलन का आयोजन किया था। उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया की चिंता का विषय था, आज भारत दुनिया की खाद्य सुरक्षा की चिंता कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व की चुनौतियों को एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के समग्र दृष्टिकोण से ही ही निपटा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 65 साल पहले जब आईसीएई की कॉन्फ्रेंस यहां हुई थी, तो भारत नया-नया आजाद हुआ था और देश की खाद्य सुरक्षा और भारत की कृषि "दुनिया की चिंता का विषय था।" आज भारत, अपनी जरूरत से अधिक अन्न पैदा करने वाला देश है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र भारत की आर्थिक नीति में केंद्रीय महत्व रखता है। हमारे यहां, करीब 90 प्रतिशत कृषक परिवार ऐसे हैं, जिनके पास बहुत कम जमीन है। ये छोटे किसान ही भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही स्थिति एशिया के कई विकासशील देशों में है। इसलिए, भारत का मॉडल कई देशों के काम आ सकता है।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ कृषि के लिए भारत में बड़े पैमाने पर रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में भी स्वस्थ और जलवायु परिवर्तन को सहन करने में समर्थ कृषि पर बड़े पैमाने पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम अपने किसानों का सहयोग करने के लिए एक पूरा वातावरण विकसित कर रहे हैं। भारत का बहुत जोर जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशील फसलों से जुड़ी अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने पर है।

### भारत दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक देश

65 साल पहले भारत में हुए कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतिम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को याद करते हुए पीएम ने उल्लेख किया कि उस समय भारत एक नया-नया स्वतंत्र राष्ट्र था, जिसने भारत की खाद्य सुरक्षा और कृषि के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय था। पीएम ने कहा, आज भारत एक खाद्य अधिशेष देश है, दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है और खाद्यान्न, फल, सब्जियां, कपास, चीनी, चाय और खेती की गई मछली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

## न्यूज बाइट्स

### अमित शाह ने की देशवासियों से घरों पर तिरंगा लहराने की अपील

**नई दिल्ली (ए.)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देशवासियों से अपील की कि वे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आगामी नौ से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा लहराकर इसकी सेल्फी 'हर घर तिरंगा' वेबसाइट पर अपलोड करें। श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्याग, निष्ठा व शांति का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान आजादी के नायकों को याद करने, राष्ट्रप्रथम का संकल्प लेने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर यह अभियान बीते दो वर्षों से जन-जन का अभियान बन गया है। आगामी नौ से 15 अगस्त तक आप भी अपने घरों में तिरंगा लहराकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी अपलोड करें।

### पटना राष्ट्र निर्माण में सामूहिक योगदान देना होगा : कोविंद

**नई दिल्ली (ए.)।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि देश अमृत काल के प्रारम्भ से गुजर रहा है और भारत को एक बार फिर विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को राष्ट्र निर्माण में सामूहिक रूप से योगदान देना होगा। श्री कोविंद ने यहां सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस द्वारा विश्व गुरु के रूप में भारत का उदय नया युग, नयी उचाइयां विषय पर आयोजित पांचवें डॉ. राजाराम जैपुरिया मेमोरियल लेक्चर में भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और वैज्ञानिक विरासत को छूते हुए, भारत के गौरवशाली अतीत के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की विशाल क्षमता को भी रेखांकित किया।

नीतीश कुमार सरकार का हाई कोर्ट में जवाब

# बिहार में फिलहाल पुराने आरक्षण कोटा से ही होगी भर्ती

निज संवाददाता | पटना



बिहार में 65 फीसदी आरक्षण का मामला अदालत से अटक जाने के बाद मौजूदा भर्ती परीक्षाओं का रिजल्ट पुराने कोटा के आधार पर ही जारी किया जाएगा। इस संबंध में नीतीश सरकार ने पटना हाई कोर्ट में जवाब दिया है। यानी कि बिहार में विभिन्न पदों पर बहाली के लिए परीक्षा आयोजित की जा चुकी है या की जा रही है, उनमें नियुक्ति पुराने 50 फीसदी आरक्षण कोटा के आधार पर ही होगा। यानी कि बढ़े हुए आरक्षण का लाभ फिलहाल अभ्यर्थियों को नहीं मिल पाएगा। क्योंकि नीतीश सरकार द्वारा आरक्षण का दायरा बढ़ाए जाने के फैसले पर पहले पटना हाई कोर्ट ने रोक लगाई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी इस रोक को जारी रखा। अगली सुनवाई सितंबर में होगी। एडवोकेट जनरल पीके शाही ने गुरुवार को पटना हाई कोर्ट में राज्यों के आईटीआई में उप प्राचार्य की नियुक्ति के लुए हुए एग्जाम का रिजल्ट पुराने आरक्षण कोटा के आधार पर ही जारी किया जाएगा। इस संबंध में दायर एक रिट याचिका पर अदालत ने राज्य सरकार से जवाब मांगा था। एडवोकेट जनरल के आश्वासन के बाद जस्टिस अंशुमन की बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया। यह नियम नए आरक्षण नियम के आधार पर निकाले गए सभी भर्ती विज्ञापनों पर लागू होगा।

परिवहन विभाग ने दिया अल्टीमेटम, निर्धारित समय के बाद लगेगा जुर्माना

# रजिस्ट्रेशन-ड्राइविंग लाइसेंस में मोबाइल नंबर अपडेट करना अनिवार्य

निज संवाददाता | पटना

बिहार में वाहनों की आरसी (रजिस्ट्रेशन) और ड्राइविंग लाइसेंस से मोबाइल नंबर और पता अपडेट कराना अनिवार्य किया गया है। परिवहन विभाग की ओर से एक महीने का समय दिया गया है। निर्धारित समय सीमा के बाद मोबाइल नंबर और पता अपडेट कराने पर जुर्माना लगेगा। शनिवार को परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिलों के डीटीओ को दिशा-निर्देश जारी किया है। सचिव संजय अग्रवाल ने कहा कि वाहन मालिक अपनी गाड़ी की रजिस्ट्रेशन और जिन लोगों के पास ड्राइविंग लाइसेंस है, वे लोग मोबाइल नंबर को अनिवार्य रूप से अपडेट करा लें। इसको लेकर एक माह का समय दिया गया है। डेटा अपडेट नहीं होने पर संबंधित वाहन मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी। मोटर वाहन अधिनियम की धारा-49 के अनुसार वाहन मालिकों को अपने नए पते की सूचना 30 दिनों के अंदर सक्षम प्राधिकार को उपलब्ध कराना होगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए आधार से लिंक नंबर देना होगा। अपडेट कराने की सुविधा परिवहन सेवा पोर्टल पर उपलब्ध है। नंबर अपडेट नहीं होने पर संबंधित वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी नहीं बना सकेगा। परिवहन सचिव ने बताया कि कई वाहन मालिक है, जिनके वाहन का रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस के साथ लिंक मोबाइल नंबर और एड्रेस गलत या फिर उपयोग में नहीं है। इस वजह से दुर्घटना और अन्य घटना होने पर वाहन मालिक और चालक की पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

### हेल्प डेस्क पर कर सकते हैं कॉल

मोबाइल नंबर अपडेट करने या संशय की स्थिति में परिवहन विभाग के हेल्प डेस्क नंबर पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से नंबर जारी किया गया है। कार्यालय अवधि में 0612-2547212 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। घर बैठे ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट करा सकते हैं।

कार में तहखाने बनाकर ड्रग्स तस्करी

# 10 करोड़ की चरस बरामद, बिहार के रास्ते दिल्ली में खपाने की थी तैयारी



निज संवाददाता | गोपलगंज

यूपी-बिहार सीमा के बलथरी चेकपोस्ट पर शनिवार को गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाने की पुलिस ने एक कार से नेपाल से दिल्ली ले जाये जा रहे 71.140 किलो चरस के साथ पूर्वी चंपारण के दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में आठ से दस करोड़ रुपए है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान पूर्वी चंपारण के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुदीश कुमार व पताही थाना क्षेत्र के परसौनी गांव के मंदीप कुमार शामिल हैं। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पिछले दस वर्षों में पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई है। इसकी तहकीकात के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी सूचना दी गई है। जानकारी के मुताबिक स्विफ्ट डिजायर कार में तहखाना बनाकर चरस की खेप ले जायी जा रही थी। पुलिस को इसकी सूचना पहले ही मिली थी।

# पांच जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी

- किशनगंज, पूर्णिया, नवादा, गया और अररिया में रविवार को भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।
- बारिश के दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

निज संवाददाता | पटना



बिहार के पांच जिलों में रविवार को भारी बारिश की चेतावनी है। इसके साथ ही उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिणी-पश्चिम भाग के जिलों में गरज-तड़क के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान झोंके के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चलेगी। इन सभी को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

इधर, बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव वाली लाइन बनी थी। इसका केंद्र बिंदु झारखंड में था, जो बिहार में झारखंड से सटे हुए जिलों के साथ ही गया होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ शनिवार को गुजर गया। इसी कारण जहां झारखंड में भारी बारिश हुई, वहीं शुक्रवार और शनिवार को गया, बांका, नवादा, जमुई सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई। इसके प्रभाव से पटना सहित पूरे बिहार में बादल छाए रहे और तेज रफ्तार से हवा भी चल रही थी। इस कारण लोगों को लगातार तीसरे दिन भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने रविवार को किशनगंज, पूर्णिया, नवादा, गया और अररिया जिले के एक यादव स्थान पर भारी बारिश की आशंका जताई है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

### मानसून की सक्रियता से पूरे प्रदेश में हुई वर्षा

प्रदेश में मानसून की ट्रफ लाइन बनी हुई है। इस कारण मानसून मजबूत है। इससे शुक्रवार की रात और शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। इस दौरान सुपौल में 36.2, दरभंगा में 23, मुंगेर में 24.5, पूर्णिया में 18.4, जमुई में 38.9, बांका में 31.2, भागलपुर में 24, गया में 44, औरंगाबाद में 31.2, पटना में 6.8 मिमी बारिश हुई।

### पटना सहित 26 शहरों का अधिकतम पारा गिरा

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को पटना सहित 26 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट आई। इस कारण लोगों ने राहत महसूस की। प्रदेश का सबसे गर्म शहर 33.2 डिग्री सेल्सियस के साथ वाल्मीकि नगर रहा। पटना का अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के

# पारा मेडिकल की परीक्षा जल्द कराने की मांग

**पटना (नि.सं.)।** पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार ने राज्य में पारा मेडिकल के द्वितीय सत्र की परीक्षा में देरी को लेकर चिंता जताई है। संघ के अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि सत्र 2021-23 के द्वितीय वर्ष की परीक्षा नहीं होने से छात्रों में अपने भविष्य को लेकर चिंता है। उन्होंने सत्र नियमित करने के लिए पारा मेडिकल/पारा डेन्टल परीक्षा समिति पटना के परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखकर विशेष परीक्षा का आयोजन कराने की मांग की। उन्होंने कहा है कि राज्य में पारा मेडिकल का सत्र देरी से चल रहा है छात्रों को आवासीय सुविधाएं भी नहीं मिल रही है जिस कारण से छात्रों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मानसिक रूप से भी छात्र परेशान हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में 45000 हजार पदों पर नियमित नियुक्ति करने की घोषणा की जा चुकी है।

# नीटः गिरफ्तार एक और अभियुक्त की पुलिस रिमांड

निज संवाददाता | पटना



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की विशेष अदालत ने गिरफ्तार एक अभियुक्त को आज पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने गिरफ्तार अभियुक्त राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित एक मेडिकल कॉलेज के छात्र संदीप कुमार को शनिवार को विशेष न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती कुमारी रिंकू के समक्ष पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए सात दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने की प्रार्थना की। प्रार्थना आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए अदालत ने इस अभियुक्त को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।




केरल राज्य के वायनाड में भूस्खलन से आई आपदा इतनी भयावह थी कि अब तक रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं हो सका है पूरा

# 30 मासूमों सहित 215 के शव बरामद, अभी भी अधर में 206 जानें

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम (केरल)



वायनाड में भूस्खलन आपदा के बाद राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के अनुसार अब भी 206 लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने मुख्यमंत्री के हवाले से बताया कि आपदा प्रभावित वायनाड में खोज और बचाव अभियान अब अपने अंतिम चरण में है। पिनाराई विजयन ने शनिवार को मीडिया को बताया कि चालियार नदी से बरामद शवों और हिस्सों की पहचान करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा, 'अब तक, 215 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें 87 महिलाएं, 98 पुरुष और 30 बच्चे हैं। अब तक 148 शव सौंपे जा चुके हैं। 206 लोग लापता हैं। 81 लोग घायल हैं और विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि के-9 दस्ते और तमिलनाडु मेडिकल टीम भी बचाव कार्य में जुटी हैं। साथ ही मानव बचाव रडार और ड्रोन-आधारित रडार जैसे उन्नत उपकरणों का भी उपयोग किया जा रहा है। विस्थापितों के पुनर्वास प्रयासों का जिक्र करते हुए विजयन ने कहा कि एक सुरक्षित क्षेत्र की पहचान की जाएगी और एक टाउनशिप का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षा मंत्री, क्षेत्र में नष्ट हुए स्कूलों का दौरा करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। विजयन ने कहा कि चूरलमाला में 866 पुलिस अधिकारी तलाशी अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अग्निशमन और बचाव सेवाओं ने स्वयंसेवकों के साथ एक जिप लाइन पुल और एक अस्थायी पुल का उपयोग करके लगभग 1,000 लोगों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### 67 शवों की नहीं हो पाई है पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 67 शवों की पहचान अभी बाकी है और पंचायतें अंतिम संस्कार करेंगी। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान जारी है, जिसमें अग्निशमन बल, एनडीआरएफ, वन विभाग, पुलिस, भारतीय सेना और तमिलनाडु के स्वयंसेवकों के 1,419 कर्मी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूथ व ईको क्लब के पुनर्गठन का आदेश

**गया।** डीपीओ प्राथमिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान ने स्कूलों में संचालित यूथ व ईको क्लब के पुनर्गठन का आदेश दिया है। साथ ही वैसे विद्यालय जहां क्लब गठित नहीं किए गए हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर इसे गठित करने को कहा गया है। इन क्लब के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों के बीच सृजनात्मक गतिविधियां करवाई जाती है।

### ट्रेन से कटकर युवक ने की खुदकुशी

**मानपुर।** फल्गु नदी पर बने रेल पुल के पूर्वी हिस्से में मेन लाइन पर शुक्रवार अहले सुबह ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिक्रम थाना क्षेत्र निवासी गणेश कुमार 24 वर्ष के रूप में हुई। बताया जाता है कि पारिवारिक कलह से उबकर युवक ने जान दे दी । रे नाम नहीं छापने की शर्त पर स्थानीय लोगों ने कहा कि मृतक कबाड़ी खरीदने का काम करता था। पांच वर्ष पहले गांधी नगर निवासी एक युवती से प्रेम विवाह किया था। रेवाड़ टोली मोहल्ले में किराए पर रहता था। लोगों की माने तो आए दिन उक्त परिवार में झगड़े होते रहते थे। गुरुवार को भी लड़ाई-झगड़े हुए थे, जिसकी सूचना पर डायल 112 वाहन पहुंची थी। पुलिस के सामने युवक बार-बार खुद को गिरफ्तार करने का गुहार लगाता रहा। बावजूद इसके पुलिस मामले की गंभीरता को नहीं समझ सकी और सुबह थाने पहुंचे की नसीहत देकर चली गई।

### इस्कॉन में 26 को जन्माष्टमी 27 को श्रील प्रभुपाद जयंती

**गया।** शहर के गांधी मैदान इस्कॉन मंदिर में 26 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी मनाया जाएगा। ठीक इसके अगले दिन 27 अगस्त को इस्कॉन संस्था के संस्थापक श्रील प्रभुपाद की जयंती सह नंद उत्सव मनेगा। जन्माष्टमी और श्रील प्रभुपाद जयंती को लेकर मंदिर प्रबंधन तैयारी में जुट गया है। 26 अगस्त की सुबह 4:30 बजे मंगला आरती, 7:30 बजे से श्रृंगार आरती और गुरु पूजा, 8 बजे कृष्ण कथा, 10 से 11 बजे तक शंख अभिषेक और 11 से 12 बजे तक कलश अभिषेक होगा। दोपहर एक से दो बजे तक राजभोग और फिर रात्रि 10 बजे महाअभिषेक, छप्पन भोग अर्पण और साथ में महाआरती होगी। रात 12 बजे कीर्तन मटकी फोड़ और पटाखे का द्वार भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मुहूर्त में मनाया जाएगा।

### रात में हनुमान मंदिर से दान पेटी की चोरी

**सिलाव।** थाना क्षेत्र के बीच बाजार स्थित हनुमान मंदिर से ताला तोड़कर बदमाशों ने दान पेटी की चोरी कर ली। शुक्रवार की सुबह घटना की भनक ग्रामीणों को लगी। जिससे लोगों की धार्मिक भावना आहत हुई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि दान पेटी में रुपया भरा था। थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि बदमाशों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी की जांच की जा रही है।

### रिकॉर्ड मेंटेन नहीं करने करने के कारण एक माह तक खरीद-बिक्री पर रोक

**बिहारशरीफ।** अधिकारियों की फेरबदल होने के कारण औषधि नियंत्रण विभाग पर काम का बोझ बढ़ गया है। एक औषधि नियंत्रक पर 1400 दुकानों की जिम्मेवारी है। जुलाई माह में 20 दुकानों में छापेमारी की गई जिसमें एक दुकान में अनियमितता पाई गई है। ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि जांच के दौरान खंदकपर स्थिति अनोखी मेडिकल में दस्तावेज संधारण में गड़बड़ी पाई गई है। संचालक द्वारा क्रय-विक्रय का कोई रिकार्ड नहीं दिखाया गया है। सहायक औषधि नियंत्रक डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने स्पष्टीकरण पूछा था। संतोषजनक जबाव नहीं मिलने के कारण एक माह तक दवा के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई। इस दौरान अदवा क्रय-विक्रय करते पकड़े गए तो लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

### गया में 32.4 एमएम बारिश हुई रिकॉर्ड, आज भारी वर्षा को लेकर ब्लू अलर्ट जारी



**गया।** गया में शुक्रवार की सुबह से लेकर रात तक शहर में रिमझिम से लेकर मध्यम तो कुछ प्रखंडों में अच्छी वर्षा हुई है। शाम 05:30 बजे तक जिले में करीब 32.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। दिन भर हुई इस वर्षा ने उमस भरी गर्मी से जिलेवासियों को निजात दिलाई है। करीब 20 दिनों के बाद दिन के पारे में भी अप्रत्याशित गिरावट देखने को मिली है। दिन का पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे लुढ़क गया है। वहीं न्यूनतम तापमान में सामान्य से सात डिग्री की गिरावट आयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के मौसम वैज्ञानिक एस.के.पटेल ने बताया कि यूपी से लेकर पश्चिम बंगाल तक मॉनसून की एक ट्रफ रेखा बनी हुई है। इस वजह से अगले 24 से 48 घंटों तक गया में वर्षा की संभावना है। कुछ इलाकों में भारी बारिश भी हो सकती है। भारी वर्षा को लेकर ब्लू अलर्ट जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जुलाई की अपेक्षा इस बार अगस्त माह में अच्छी वर्षा होने की संभावना है। इधर, तापमान की बात करें तो शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया है। नमी सुबह में 89 तो शाम में 92 फीसदी दर्ज की गई है। वहीं गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया था। इस बार जुलाई महीने में 37 से 38 डिग्री रहा पारा मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष गर्मी के मौसम में गया का तापमान सामान्य से काफी अधिक रहा। वर्षा ऋतु के मौसम जुलाई माह में भी गया का पारा लगभग 37 ये 38 डिग्री के बीच लगातार रहा, जिस कारण से जिलेवासियों को भीषण गर्मी के साथ उमस भरी गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ा है। मौसम में बदलाव एक अगस्त की रात से आया है। चार अगस्त तक फिलहाल यह स्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि लगातार वर्षा होगी, तभी गर्मी से पूरी राहत मिल सकती है।

### नालंदा में बंद घर में चोरी:दिल्ली गया हुआ है परिवार, 4 लाख की संपत्ति पर बदमाशों ने किया हाथ साफ

**नालंदा।** नालंदा जिला के हिलसा थाना क्षेत्र के मोमिन्दुर गांव में एक बड़ी चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों को हैरान कर दिया है। अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लगभग 4 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब घर के मालिक और उनका परिवार दिल्ली गए हुए थे। घटना की जानकारी देते हुए नवल किशोर शर्मा ने बताया कि यह घर उनके भाई नंद कुमार शर्मा उर्फ नुनु सिंह का है। परिवार किसी कार्य के सिलसिले में दिल्ली गया हुआ था और घर में ताला लगा हुआ था। चोरों ने इस मौके का फायदा उठाया और घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार को जब नवल किशोर शर्मा घर के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोरों ने न केवल मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा, बल्कि अंदर के कमरों के ताले भी तोड़े। चोरों ने घर में रखे ट्रंक, गोदरेज और अलमारियों को खंगाल डाला। चोरी गई संपत्ति में 20,000 रुपये नगद, टेलीविजन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, गहने, पीतल और चांदी के बर्तन, तथा कपड़े शामिल हैं। कुल मिलाकर चोरी की गई संपत्ति का अनुमानित मूल्य लगभग 4 लाख रुपये है। हिलसा थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिल गई है। आवेदन मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एयरटेल कर्मचारी को गोली मारकर 14 लाख लूटे

## गया में ऑफिस से निकलते ही पेट में मारी गोली, लूट की रकम के साथ 2 गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया में शनिवार को अपराधियों ने एयरटेल कर्मचारी को गोली मारकर 14 लाख रुपए लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद 3 अपराधी फरार हो गए। दो अपराधियों को शेरघाटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट की रकम बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा कि एयरटेल कर्मचारी विभु जैसे ही ऑफिस से बैंक के लिए निकले, घात लगाए अपराधियों ने पहले पिस्टल के बट से सिर पर हमला किया, फिर पेट में गोली मार दी। जिसके बाद 14 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। तीनों अपराधी डोभी की ओर भागे हैं।



**करीब 5 मिनट तक छटपटाता रहा कर्मचारी:** प्रत्यक्षदर्शी और अस्पताल पहुंचाने वाले पूर्व सैनिक अमित कुमार ने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मैंने इधर-उधर देखा। इसी बीच मेरी नजर भागते हुए कुछ बदमाशों पर पड़ी। वहीं, एक लड़का जमीन पर लहूलुहान पड़ा दिखा। दौड़कर उसे बचाने गए। इसके बाद कुछ और स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे अस्पताल पहुंचाए। करीब 5 मिनट तक लड़का सड़क पर छटपटाता रहा। लोग देखते रहे, लेकिन कोई उसे बचाने के लिए आगे नहीं आया।

**गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में जुटी पुलिस:** घायल कैशियर विभु कुमार (26) को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। फिलहाल कर्मी की स्थिति नाजुक है। घटना की सूचना के बाद जिले के थानों को अलर्ट कर दिया गया है। जिन दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। डोभी थानेदार अजित कुमार ने कहा कि गिरफ्तार दोनों अपराधियों से 14 लाख रुपए बरामद कर लिया गया है।

# नालंदा में बिजली आपूर्ति सुधार के लिए PSS की योजना

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। शहर में दो नए पावर सब स्टेशन (पीएसएस) स्थापित करने की योजना तैयार की गई है, जिससे बिहार शरीफ के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में बिजली की समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है। बिजली विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (शहरी) विकास कुमार ने बताया की शहर में दो नए पीएसएस बनाने की योजना है। सर्वे के बाद एक सप्ताह में प्राक्कलन बनाकर मुख्यालय को भेज दिया जाएगा। नए पीएसएस बनने से शहरी इलाके में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी।

**18 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान:** प्रस्तावित पीएसएस मणिबाबा अखाड़ा और नालंदा कॉलेज के आसपास स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक पीएसएस की क्षमता 20 एमवीए होगी, जिसमें 10 एमवीए के दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। दोनों पीएसएस के निर्माण पर लगभग 18 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इन नए पीएसएस के चालू होने से कल्याणपुर, बैगनाबाद, बारादरी, छज्जू मोहल्ला, मणिराम अखाड़ा, बनौलिया, अयोध्या नगर, कटरापर जैसे शहर के पूर्वी भाग के कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। साथ ही, यह कदम मौजूदा बड़ी पहाड़ी और रामचंद्रपुर पीएसएस पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार को कम करने में भी मददगार साबित होगा।

**भविष्य में बढ़ने वाली मांग को किया जाएगा पूरा:** वर्तमान में, शहर में बड़ी पहाड़ी, रामचंद्रपुर, सोहसराय और चैनपुरा में पीएसएस कार्यरत हैं। गर्मियों के दौरान बिजली की मांग बढ़ने पर, विशेष रूप से रामचंद्रपुर पीएसएस से जुड़े मणिराम, टाउन-टू और थ्री फीडर, तथा बड़ी पहाड़ी पीएसएस के रेलवे-वन और टू फीडर पर अत्यधिक भार पड़ जाता है।

# गया में बारिश की वजह से गिरी दीवार

## दबने से बुजुर्ग महिला की गई जान, मलबे से बरामद हुआ शव

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर पटवा टोली औद्योगिक क्षेत्र के बैजनाथ सहाय लेन में कारखाने की दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रकाश कारखाने की दीवार शाम के वक्त भरभरा कर गिर गई। खास बात यह कि दीवार गिरने के बाद महिला को दबने की जानकारी मुहल्ले व महिला के परिजनों को नहीं थी। लेकिन जब दीवार गिरने की सूचना पर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और संकीर्ण गली से मलवे हटवाने लगी तो मलबे के अंदर से बुजुर्ग महिला का शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान बैजनाथ सहाय लेन की रहने वाली 50 वर्षीय किरण देवी (पति अनिल कुमार सिन्हा) के रूप में की गई। इधर घटना की जानकारी



पाते ही थाना अध्यक्ष पवन कुमार, अंचलाधिकारी सुबोध कुमार, एसआई पद्माकर उपाध्याय, पीएसआई पार्वती कुमारी, एसआई रामव्यास सिंह दलबल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। पटवा टोली के अंदर छोटी बड़ी कई सूती वस्त्र निर्माण एवं उसके जुड़े अन्य काम के कल कारखाने हैं। इसमें प्रकाश कारखाना भी है। बताया जा रहा है कि कारखाने की बाउंड्री जर्जर हो चुकी थी जो बारिश के कारण गिर गई।

## गया में नगर विधायक और जन प्रतिनिधियों की लड़ाई जारी

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेयर, डिप्टी मेयर और पूर्व डिप्टी मेयर का पुतला फूंका, जमकर की नारेबाजी

निज संवाददाता। गया

गया में नगर विधायक और नगर निगम जनप्रतिनिधियों के बीच लड़ाई जारी है। एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी के बाद अब पुतला दहन का सिलसिला भी शुरू हुआ है। पुतला दहन भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा शाम को शहर के टावर चौक पर किया गया। भाजपाइयों ने नगर निगम के मेयर, डिप्टी मेयर, पूर्व डिप्टी मेयर का पुतला एक साथ फूंका। पुतला दहन कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरीय अधिवक्ता मुकेश शर्मा ने किया।



**डिप्टी मेयर के बयान पर नाराजगी:** मुकेश शर्मा ने कहा कि बिहार सरकार के मंत्री नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने जब निगम के अंदर व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तो निगम प्रतिनिधि बौखला गए। बौखलाहट में डिप्टी मेयर ने यहां तक कह दिया कि नगर विधायक जहां भी मिल जाएगा। उसे लहरा दिया जाएगा। संवैधानिक व्यवस्था के तहत चुने हुए जन प्रतिनिधि द्वारा ऐसा कहा जाना उचित नहीं है। ऐसा कहना कानून गलत है। यही नहीं निगम के वार्ड पार्षद भी मेयर डिप्टी मेयर और पूर्व डिप्टी मेयर के साथ राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि भाजपा के कार्यकर्ता मेयर, डिप्टी मेयर और पूर्व डिप्टी मेयर के पुतले दहन किए जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा नेत्री डॉ वंदना ने कहा कि उनके विधायक आठ बार से नगर के विधायक हैं। बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्री भी रहे हैं।

वे किसी के बारे में गलत नहीं बोल सकते हैं। वहीं पप्पू चंद्रवंशी ने कहा कि नगर विधायक को जलाने की बात कहने वाले लोग भ्रष्टाचार में डूबे हैं। उनके हर एक करतूत का जब नगर विधायक ने आवाज उठाई तो वे नगर विधायक को जिंदा जलाने की बात कह रहे हैं। यह गलत है। वहीं देवानन्द पासवान ने कहा कि नगर विधायक के खिलाफ आवाज उठाने वाले के खिलाफ आंदोलन चलता रहेगा। इस मौके पर मुकेश चंद्रवंशी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ससुराल में लोको पायलट की पत्नी की मौत, 7 दिन पहले पति संग नागपुर जाने की जिद की थी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शादी के 3 साल बाद ससुराल में विवाहिता की संदिग्ध हालत मौत हो गई। पुलिस इसे सुसाइड तो मायके वाले हत्या बता रहे हैं। महिला लोको पायलट की पत्नी थी। भाई का कहना है कि 3 साल से उसे बच्चे नहीं थे। वो लोग कार की भी डिमांड करते थे। उसके साथ मारपीट की जाती थी। अब उसकी हत्या कर दी। इधर, पुलिस का कहना है कि पत्नी ने एक सप्ताह पहले पति के साथ नागपुर जाने की जिद की थी। शुक्रवार शाम में दोनों के बीच कहासुनी हुई, फिर महिला ने अपने कमरे में फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। मृतका धनुकी गांव निवासी रामानुज कुमार की (24) साल की पत्नी सुहाना उर्फ स्वीटी कुमारी है। घटना सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनुकी गांव की है।

**हम लोग घर पहुंचे तो शव आंगन में था:** सुहाना के भाई ने बताया कि बहन के ससुर ने फोन कर सूचना दी थी कि सुहाना की मौत हो गई। हम लोग जब बहन के ससुराल पहुंचे तो देखा सव आंगन में पड़ा हुआ है। पुलिस की मदद से शव को लेकर देर रात सदर अस्पताल पहुंचे। ससुराल वाले सुबह में आएं। मायके वालों का



आरोप है कि कार की डिमांड और बच्चा नहीं होने पर सुहाना को प्रताड़ित किया जाता था। शव को फंदे से लटका कर आत्महत्या बताने की कोशिश की जा रही है। पति नागपुर में काम करते हैं, वो वहां से लौट रहे हैं।

**2021 में हुई थी शादी:** 2021 में पटना जिला के मोकामा निवासी स्वर्गीय नवल किशोर की बेटी सुहाना उर्फ स्वीटी की शादी सरमेरा थाना क्षेत्र के धनुकी गांव निवासी पारस पंडित के बेटे रामानुज कुमार के साथ हुई थी। शादी के वक्त भी हैसियत के हिसाब से सारा सामान और दान-दहेज दिया गया था। रामानुज कुमार रेलवे में लोको पायलट के पद पर नागपुर में पोस्टेड हैं।

**परिवार ने पुलिस में नहीं की कोई**

♦ **मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप**

**शिकायतः** सरमेरा थाना अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है। करीब एक सप्ताह पहले अपनी मां को (जिनका पैर टूट गया था) देखने के लिए रामानुज कुमार घर आया था। छुट्टी खत्म होने के बाद वापस नागपुर चला गया। पत्नी भी साथ जाने की जिद्द कर रही थी। कल कहासुनी के बाद विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। जब सुहाना के मोबाइल पर बार-बार कॉल करने के बाद भी किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं मिली तो पति ने अपने पिता को फोन कर कमरे में जाकर देखने के लिए कहा, जब उसके पिता कमरे में देखने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। किसी प्रकार से दरवाजा को तोड़ा गया तो देखा शव फंदे से लटका था। पुलिस और महिला के मायके वालों को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

# नालंदा में विकास और सुधार के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित



♦ **नपं बोर्ड की बैठक में लिया फैसला, हरनौत को एक आधुनिक और सुरक्षित शहर बनाने पर जोर**

निज संवाददाता। नालंदा

हरनौत नगर पंचायत की शुक्रवार को आयोजित बोर्ड बैठक में शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्य पार्षद बबीता देवी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने शहर की जरूरतों पर गहन चर्चा की। कार्यपालक पदाधिकारी सुमन सौरभ ने बताया कि बैठक में अतिक्रमण हटाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण, और नगर पंचायत के नए भवन के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि हरनौत को एक आधुनिक और सुरक्षित शहर बनाया जाए।" बैठक में पार्षदों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। वित्तीय पारदर्शिता पर जोर देते हुए पार्षदों ने मांग की कि प्रत्येक योजना के लिए आवंटित और खर्च की गई राशि का विवरण सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा, डस्टबिन खरीद में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग भी की गई। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए, नियमित फॉगिंग और अधिक सफाई कर्मियों की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही, सफाई कर्मियों के लिए पोशाक और पीएफ नंबर की व्यवस्था करने पर भी सहमति बनी।

**कार्यपालक पदाधिकारी ने दिया आश्वासन:** शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए स्ट्रीट लाइट्स लगाने, जल जमाव की समस्या से निपटने और गोनावां रोड पर भारी वाहनों के लिए बैरिकेडिंग की योजना को भी मंजूरी दी गई।बैठक में मौजूद पार्षद अशोक कुमार ने कहा, "यह बैठक हरनौत के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। हमने जो प्रस्ताव पारित किए हैं, उनका क्रियान्वयन शहर की तस्वीर बदल देगा।" हालांकि, कुछ पार्षदों ने चिंता जताई कि पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों का क्रियान्वयन धीमा रहा है। इस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से सभी योजनाओं की प्रगति की निगरानी करेंगे। बैठक में पारित प्रस्तावों के कार्यान्वयन से हरनौत में नागरिक सुविधाओं में सुधार और शहर के समग्र विकास की उम्मीद जगी है। स्थानीय नागरिकों ने इन प्रस्तावों का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इनसे शहर में रहने की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

# शेरघाटी कोर्ट में गोलीबारी करने वाले आसनसोल में गिरफ्तार तीनों को कस्टडी में लेने के लिए विशेष टीम रवाना

निज संवाददाता। गया

गया के शेरघाटी कोर्ट में बीते दिनों बंदी फोटू खान पर गोली चलाई गई थी। गोलीबारी करने वाले तीन अपराधी बंगाल के आसनसोल में पकड़े गए हैं। वहां की पुलिस ने शक के आधार पर गिरफ्तार किया है। अपराधियों ने शेरघाटी कोर्ट में बंदी पर गोलीबारी करने का जुर्म भी कबूला है। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आसनसोल के कुल्टी थाना क्षेत्र के बराकर में छिपे थे। सूत्रों के अनुसार शेरघाटी पुलिस की विशेष टीम आसनसोल रवाना हो गई है। तीनों को कस्टडी में लेने की तैयारी है। उनसे पूछताछ की जाएगी। वारदात वाले दिन दो की गिरफ्तारी हुई थी।



**24 जुलाई को हुई थी गोलीबारी:** दरअसल 24 जुलाई को शेरघाटी कोर्ट में पेशी के लिए बंदी फोटू खान को लाया गया था। इस दौरान उसपर शूटरों ने गोलियां चला दी थी। गोलीबारी में फोटू खान और एक गार्ड दोनों मामूली रूप से जख्मी हो गए थे। फोटू को बांह और सुरक्षा गार्ड को हाथ में गोली लगी थी। पुलिस ने वारदात के बाद दो अपराधियों को खदेड़ कर पकड़ा भी था। शेष की तलाश में पुलिस लगी हुई थी।

♦ **दो की पहले हो चुकी है गिरफ्तारी**

**वारदात को अंजाम देने पांच अपराधी आए थे:** वारदात के दिन पकड़े गए दो अपराधियों में एक बक्सर का बालक है और दूसरा शेरघाटी हमजापुर निवासी रेहान खान है। बंदी फोटू खान लोजपा नेता अनवर अली खान की हत्या मामले का मुख्य आरोपी भी है। वारदात को अंजाम देने पांच अपराधी आए थे। शेरघाटी थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि आसनसोल में पकड़े गए आरोपियों को गया लाने के लिए लीगल कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# कौशल विकास केन्द्र एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का किया गया निरीक्षण

निज संवाददाता



**नवादा**। महिला एवं बाल विकास निगम के प्रबंध निदेशक सह-सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार वंदना प्रेयसी के द्वारा पुलिस लाइन में स्थित पालना घर, अतौआ स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र, प्रखंड परिसर नवादा सदर में नवनिर्मित भवन सखी वन स्टॉप सेंटर एवं नवादा शहरी क्षेत्र में पार्क के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया गया। नवादा सदर प्रखंड के अतौंआ में स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा सम्पोषित प्रशिक्षण केन्द्र सही ढ़ंग से चल रहा था। गौतम मुखोपाध्याय, स्टेट हेड ने बताया कि यहां 18 से 35 वर्ष के महिलाओं को माहिला बाल विकास निगम द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण 05 माह का है, इसमें इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निसियन का कोर्स एवं डोमेस्टिक डेटा इन्ट्री ऑपरेटर कोर्स सिखाया जाता है, यथा-हार्ट अटैक (सीपीआर) आने पर तुरंत क्या करें, बीपी कैसे मापा जाता है, ऐक्सिडेंट होने पर तुरंत क्या करें आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है। वंदना प्रेयसी द्वारा कम्प्यूटर लैब का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण के बारे में उपस्थित महिलाओं से पूछताछ किया तथा सभी से फिडबैक भी लिया गया। इस प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा प्लेसमेंट भी होता है। महिलाओं के द्वारा बी.पी. मापा गया तथा सीपीआर आदि करके दिखाया गया। जिलाधिकारी ने सही तरीके से प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया तथा जिला प्रशासन के द्वारा हर संभव सहयोग हेतु आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नवादा जिला में ज्यादा से ज्यादा युवा वर्ग के महिलाओं को प्रशिक्षण दें। प्रबंध निदेशक महिला एवं बाल विकास निगम बिहार, पटना के द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अन्तर्गत संचालित पुलिस लाईन स्थित पालना घर का भी निरीक्षण किया गया। सचिव के द्वारा पालना घर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने शौचालय का भी साफ-सफाई एवं एक और शौचालय निर्माण करने तथा पालना घर के बाहर साफ-सफाई करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में 05 बच्चे एवं 02 माताएं उपस्थित पायी गयीं। आज उनके द्वारा नव निर्मित वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में भवन की स्थिति अच्छी पायी गयी। तत्पश्चात समाहरणालय में महिला एवं बाल विकास निगम के सभी पदाधिकारियों यथा-जिला मिशन समन्वयक हिना तब्वसुम, लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी, केन्द्र प्रशासक राजकुमारी एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक के क्रम में प्रबंध निदेशक के द्वारा जिला पदाधिकारी महोदय, उप विकास आयुक्त एवं अपर समाहर्त्ता को महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित सभी योजनाओं को अच्छी तरह क्रियान्वयन करने हेतु निर्देश दिया गया। सचिव महोदया के द्वारा नवादा शहर में चयनित पार्क के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नवादा शहर में पार्क के बारे में बताया कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में एक आईकॉनिक पार्क बनाना है। 18 जिलों में पार्क बनकर तैयार है। पार्क को लेकर स्थल भ्रमण किया गया है। नवादा में पार्क के लिए 02 एकड़ की जमीन भी है। इसके लिए डीपीआर बनाया जा रहा है। नवादा शहर में जल्द ही पार्क का निर्माण किया जायेगा। जिला पदाधिकारी के अच्छी पहल से ही यह शुभ कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री आशुतोष कुमार वर्मा, उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, एसडीपीओ अजय प्रसाद नवादा सदर, अंचल अधिकारी नवादा सदर विकेश कुमार, ईएमटी ट्रेनर हिमांशु, अमन कुमार डाटा इन्ट्री ट्रेनर, अंकिता कश्यप के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 24 घंटे के अंदर 21 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

**नवादा (नि.सं.)**। अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 02 अगस्त 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 03, बलात्कार में 02, आर्म्स एक्ट में 01, हत्या के प्रयास में 02, मद्य निषेध में 03 अन्य गिरफ्तारी 10 कुल 21 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 260 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट निष्पादन की संख्या 45 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 07 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 475 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 63 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 01 एवं अपहृता 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

## पत्रकार के शब्द समाज के लिए मार्गदर्शनः संतोष कुमार सिंह

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, इंडिया के राष्ट्रीय कार्य समिति का शनिवार को उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्शन और मार्गदर्शन है। उन्होंने पत्रकारिता के आरंभ का संदर्भ सनातन संस्कृति से देते हुए बताया कि जब हमें पत्रकारीय आदर्श की बात करनी होती है तो हम देव ऋषि नारद की ओर देखते हैं। इसलिए पत्रकार का काम नारद जी की भांति समाज को सजग और सतर्क रखना भी है। रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में 03 और 04 अगस्त, 2024 को आयोजित इस राष्ट्रीय कार्य समिति में उन्होंने देशभर से आए पत्रकारों को आश्वासन देते हुए कहा कि पत्रकारों के वेतनभत्ते को लागू करने के लिए श्रम संस्थान मंत्री के रूप में उनसे जो भी संभव होगा, वह करेंगे। इस अवसर पर नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स बिहार की ओर से प्रकाशित स्मारिका 'उद्घोष' का विमोचन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का पथप्रदर्शक होता है, यह पैसे कमाने का माध्यम नहीं होता। उन्होंने पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज देश चौराहे पर खड़ा है, जहां विभिन्न तरीके से देश पर प्रहार हो रहा है। इसको सहने और इसका सामना करने में पत्रकारिता की बड़ी भूमिका हो सकती है।उन्होंने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है जहां के लोग अपनी ही संस्कृति और संस्कार को लेकर हीन भावना से ग्रस्त रहते हैं। इस नैरेटिव का भेदन करने की क्षमता सिर्फ पत्रकारिता में है, ऐसे में इसका दायित्व और भी अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने रामराज की अवधारणा को परिभाषित करते हुए कहा कि जहां हर कोई एक दूसरे की चिंता है, ऐसी भावना हमें पत्रकारिता जगत में भी लानी चाहिए।नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मलिक ने आपातकाल के दौरान पत्रकारों पर लगाए गए प्रतिबंध और उसे दौरान एनयूजे की जीवटता की चर्चा की। उन्होंने बताया कि एनयूजे के प्रयासों से ही प्रेस काउंसिल ने स्वरूप में आया। उन्होंने श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति और वेज बोर्ड की सिफारिशें लागू करने के लिए त्रिपक्षीय समिति निर्माण की मांग की। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश शर्मा ने एन यू जे का सांगठनिक परिचय दिया और जनसरोकार वाली पत्रकारिता की वकालत की। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, बिहार के अध्यक्ष राकेश प्रवीर ने देश के कोने-कोने से आए पत्रकार बंधुओ का अपने संबोधन से स्वागत किया और इस राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक की तैयारी से अवगत कराया।

## अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)**। सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम-लडुई मे गुप्त सुचना के आधार पर एसटीएफ के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर पांच लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर ददन साह पर 25448, सतेंद्र साह पर 27743, छठु साह पर 27439 एवं सीमा देवी पर 26162 रूपये दंडित राशि लगायी गयी है। उक्त सभी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके तथा बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी।

## छात्राओं के बीच हुई मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता



**नवादा**। के राम नगर स्थित बी पी एस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वर्ग चतुर्थ से लेकर दशम तक की छात्राओं के मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों की 20 छात्राओं को चयनित किया गया। पुनः चयनित छात्राओं के बीच गुरुवार को प्रतिस्पर्धा कराकर प्रथम, दृतीय तथा तृतीय का चयन किया गया। उसी प्रकार वर्ग प्रथम से लेकर वर्ग अस्तम तक के छात्रों के बीच हिंदी तथा अंग्रेजी निबंध लेखन का आयोजन किया गया ।इन सभी छात्र और छात्राओं को स्वंत्रतता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय के निर्देशक पंकज कुमार तथा प्राचार्य मनोरंजन कुमार सिन्हा ने बताया कि बच्चों में प्रतिभा विकसित करने के उद्देश्य से समय समय पर अलग अलग विषयों पर इस प्रकार की प्रतियोगिता कराकर बच्चों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भावना विकसित किया जाता है। इस पूरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन सारिका कुमारी तथा पुष्पा कुमारी की देख रेख में किया गया।

## जबरन जमीन कब्जा तथा मारपीट को लेकर पीड़ित ने मुख्यमंत्री को आवेदन दे लगाई न्याय की गुहार

निज संवाददाता

**हिसुआ (नवादा)**। नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव निवासी पीड़ित ने कुछ दबंगो द्वारा जबरन जमीन कब्जा एवं मारपीट करने को लेकर मुख्यमंत्री व राजपाल एवं जिलाधिकारी को आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है। बतादें कि यह मामला बीते 20 जुलाई 2024 नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी पाली गाँव की है। उक्त गाँव के पीडित मनोज गिरी ने आवेदन में बताया कि तिलैया नदी के समीप एनएच 82 पर रहे मेरे पुस्तैनी जमीन को गाँव के कुछ दबंगो ने जबरन कब्जा कर लिया। उक्त जमीन में बने झोपडी एवं फसल को ट्रेक्टर से जुताई कर बर्बाद कर दिया। उसका विरोध करने पर मुझे मेरी पत्नी सहित सभी परिवार के साथ मारपीट किया गया। मैने उक्त दबंगो के विरूद्ध नरहट थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करवाया है। जिसका काण्ड संख्या 253/24 है। उक्त लोग मेरे पुश्तैनी जमीन को मंदिर का जमीन बता कर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। मैने गांव वालो को अपना सभी कागजात भी दिखाया। बावजूद दबंगो के दबंगई के कारण मेरे जैसे गरीब ब्राह्मण को कहीं से कोई मदद करने को तैयार नहीं है।

## पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष को लोगों ने दीर्घायु की कामना

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)**। पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष 95 वर्षीय रामधनी प्रसाद का शनिवार को जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पेंशनर भवन नारदीगंज में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर दीर्घायु व स्वस्थ्य होने की कामना की।

## लचर विद्युत आपूर्ति से नाराज उपभोक्ताओं का नहीं थम रहा आक्रोश

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)**। कौआकोल में लचर विद्युत आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों का आंदोलन लगातार जारी है। प्रत्येक दिन प्रखण्ड क्षेत्र से कहीं न कहीं विद्युत विभाग के विरुद्ध रोष प्रदर्शन जारी है। शनिवार को कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर ग्रामीणों ने फुलडीह मोड़ के पास सड़क जाम कर विरोध प्रर्दशन किया एवं घण्टों यातायात बाधित कर दिया। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रखण्ड में इन दिनों बिजली की लचर व्यवस्था से स्थिति त्राहिमाम हो गई है। बिजली व्यवस्था दयनीय रहने के कारण हालात काफी गंभीर हो गई है। मोबाइल तक चार्ज करना दुश्वार हो गया है। बिजली की दयनीय स्थिति रहने के कारण लोग पीने के पानी के लिए बून्द-बून्द को तरस रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के बाजार भी प्रभावित हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई सहित अन्य सभी कार्यों पर व्यापक असर पड़ रहा है। बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी लापरवाह होकर चैन की नींद सो रहे हैं।

## चार महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम परिवार नियोजन पखवाड़े के तहत आयोजित की गई।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार केंद्र में आये महिलाओं का बंध्याकरण किया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों के चार महिलाओं का बंध्याकरण हुआ। लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का खून, जांच, मूत्र जांच,रक्त जांच समेत अन्य जांच किया। इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, शोभा कुमारी, फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार, परिचारी आशिक आलम समेत अन्य रहे।

## जमीन पर पड़े एलटी तार के सम्पर्क में आने से महिला की हुई मौत

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत अंतर्गत गागन खुर्द गांव में शनिवार की सुबह जमीन पर गिरे एलटी तार के सम्पर्क में आने से मौत हो गई। मौत के बाद शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल नवादा भेजा गया। पीड़ित गागन खुर्द गांव निवासी बिंदेश्वरी यादव ने बताया कि उनकी 39 वर्षीय पत्नी चमेली देवी शनिवार को शौच हेतु खेत की तरफ जा रही थी। इसी दौरान जमीन पर गिरे एलटी तार के सम्पर्क में आनेपर गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों के सहयोग से घायल महिला को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराने लाया गया। किन्तु अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. धीरेंद्र कुमार ने घायल महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में शोक व्याप्त हो गया और लोग चीखें मारकर रोने-धोने लगे। बिजली के तार से हुई मौत की सूचना थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार को दी गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष ने पुलिस बलों को भेजकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। साथ ही बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गई है। कार्यपालक अभियंता यासिर हयात ने कहा कि एलटी तार के संपर्क में आने से होने वाली मृत्यु पर मृतक के आश्रित को चार लाख रुपये मुआवजे का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में हुई महिला की मौत मृत्यु को लेकर रजौली बिजली जेई भुवनेश्वर प्रसाद को को जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही गई है। यदि मृतका की मौत एलटी तार के सम्पर्क में आने से हुई है, तो मृतिका के आश्रितों को मुआवजा का प्रावधान है। किंतु मृतिका की मौत घरेलू तार से हुआ होगा, तो इसके लिए बिजली विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। साथ ही बताया कि एलटी तार से मौत होने पर मृतिका के पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफआईआर व वंशावली आदि जरूरी कागजातों के साथ लिखित आवेदन दिए जाने के बाद मुआवजे हेतु अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## हरदिया में विहिप व बजरंगदल का किया गया गठन धर्मांतरण के विरुद्ध उठाये जाएंगे जरूरी कदम

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल रजौली के द्वारा हरदिया ग्राम पंचायत में बजरंग दल का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने किया। इस बैठक में हरदिया पंचायत में हिंदू परिषद और बजरंग दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि बजरंग दल हिंदू का संगठन है। सेवा और सुरक्षा संस्कार इसके लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पूरे देश में जाना जाता है। हरदिया पंचायत में विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह एवं मंत्री गोरेलाल यादव को बनाया गया। वहीं बजरंग दल संयोजक अनुज कुमार, सहसंयोजक अमित कुमार, सुरक्षा प्रमुख विकास कुमार, मीडिया प्रभारी पवन सिंह, गौ रक्षा प्रमुख रंजीत कुमार मुकेश कुमार, मिलन प्रमुख केंद्र जैनेंद्र कुमार को बनाया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के नगर उपाध्यक्ष अरबिंद विश्कर्मा ने बताया की देश का बल बजरंग दल है। आज हमारे देश में सबसे बड़ी समस्या धर्मांतरण एवं लव-जिहाद है। इन सब समस्याओं से सबसे छुटकारा पाने के लिए हम लोग को आगे आना होगा। वहीं ग्रामीण अमित पांडे ने बताया कि हरदिया पंचायत में आजकल धर्मांतरण बहुत जोरों से चल रहा है। कुछ लोगों द्वारा कम पढ़े-लिखे एवं निम्न तबके के लोगों को पैसों का प्रलोभन एवं इलाज के नाम पर हिंदू धर्म से दूसरे धर्म में धर्मांतरण किया जा रहा है।बजरंग दल के संयोजक पिंटू वर्मा के द्वारा सभी सम्मानित सदस्य को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं सभी बजरंगी को एकजुट होकर देश की सेवा और एक-दूसरे की सहयोग के लिए प्रेरित किया। विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रभारी संतोष कुमार ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल हरदिया के कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं बधाई दिया। वहीं बजरंग दल के मीडिया प्रभारी राहुल पांडे ने हरदिया पंचायत के ग्रामीण एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता से शनिवार और मंगलवार को हरदिया पंचायत के हर एक मंदिर में सुबह शाम आरती करने का अग्रह किया। जिससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार हो सके और भूले भटके लोग सनातन धर्म के महत्व को समझ सके। हरदिया पंचायत के ग्रामीण एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आगे जाकर संकल्प लिया कि देश की सेवा और सनातन धर्म के उत्थान के लिए बजरंग दल हमेशा तैयार रहेगा। बजरंग दल के सहसंयोजक संदीप वर्मा ने लोगों से रक्तदान करने के लिए कहा एवं बताया कि जब किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है,तो रक्तदान करने के लिए कोई आगे नहीं आते हैं। साथ ही हरदिया पंचायत के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से अपील किया कि कुछ दिन बाद हरदिया पंचायत में रक्त शिविर लगाया जाएगा। मौके पर मौजूद बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख जयराम सिंह, निशांत कुमार, छोटू वर्मा, हरदिया के पिंटू कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनता दरबार में दो मामलों में एक का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**रजौली (नवादा) (नि. सं.)**। थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया जाता था, किन्तु इस बार मुख्यमंत्री आगमन कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार, राजस्व कर्मचारी नंदन कुमार व सुजीत कुमार एवं एएसआई मोती मालाकार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन हुआ। अंचलकर्मी ने बताया कि अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के मात्र 2 मामले जनता दरबार में पहूंचे थे। जिसमें बजवातरी गांव के छोटन यादव का जमीनी विवाद तुलसी यादव एवं झिरझो के चिंतावन देवी का जमीनी विवाद चंद्रिका यादव के साथ था। जिनमें एक मामले में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी के कारण ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।वहीं जनता दरबार में आये एक मामले में द्वितीय पक्ष के लोगों की उपस्थिति नहीं रहने के कारण द्वितीय पक्ष को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें अगले शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में हाजिर होने को कहा गया है।

## लगातार बारिश से धनार्जय नदी में आया बाढ़, कई गांवों की सड़कें टूटी

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड क्षेत्र में हो रहे लगातार बारिश से धनार्जय नदी समेत अन्य छोटी-बड़ी नदियों में बाढ़ आ गई। जिससे कई गांवों की सड़कें जलमग्न हो गई और नदी के उसपार के लोग मुख्य मार्ग नहीं पहुंच पा रहे हैं। चितरकोली पंचायत के सिल्लीदिबौर धनार्जय नदी किनारे अवस्थित है।नदी में बाढ़ आने से सिल्लीदिबौर स्थित 40 घरों के लोगों का मुख्य मार्ग से सम्पर्क टूट गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व सड़क का टेंडर हो गया था, उसके बावजूद अबतक सड़क अथवा पुल का निर्माण नहीं हो सका है ।इससे ग्रामीणों में काफी रोष है। हालांकि इसको लेकर रजौली विधायक प्रकाश वीर द्वारा भी पत्राचार किया गया है, किन्तु विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगा है। वहीं धनार्जय नदी के किनारे अवस्थित कालाली मोड़ से लेकर डीह रजौली,कर्बला नगर, सिमरकोल, परांचक समेत अन्य जगहों पर बाढ़ रहने के कारण दर्जनों गांव के लोगों का बाजार एवं प्रखण्ड मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। बताते चलें कि इस समस्या से निदान को लेकर पुल निर्माण हेतु ग्रामीणों द्वारा कई बार पूर्व सांसद से आग्रह किया गया था। उसके बावजूद भी पुल का निर्माण नहीं हो पाया। वहीं ग्रामीण अब नवनिर्वाचित नवादा सांसद विवेक ठाकुर से भी पुल निर्माण की मांग किया गया है। बारिश ने बिजली विभाग के पोल को खोल दी।बारिश के कारण बीते दिन शुक्रवार की शाम से लगातार शनिवार की शाम तक लगभग चौबीस घण्टे बिजली बाधित रही। इस दौरान शुक्रवार की रात्रि लोग बारिश में अंधेरे में परिजनों के साथ कमरे में बन्द रहे।वहीं सुबह होते ही नगर पंचायत के अधिकांश घरों जिनमें समरसेबुल मोटर द्वारा पानी को टंकी में भरा जाता है, सुबह में ही जवाब दे दिया। जिससे शिक्षकगण समेत अन्य पदाधिकारीगण बिना नहाए विद्यालय एवं कार्यालय जाने को मजबूर थे। वहीं बिजली विभाग द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप में चार-पांच घंटों के अंतराल पर 33 हजार एवं 11 हजार केवी तार में फॉल्ट को बताते नजर आए। बिजली नहीं रहने से लोग काफी-परेशान एवं अस्त-व्यस्त दिखाई दिए। कई लोगों ने जेनरेटर आदि का सहारा लेकर किसी तरह स्नान एवं पीने के पानी की व्यवस्था करते दिखाई दिए, तो कुछ लोग घर के आसपास रहे चापाकलों से पानी भरते नजर आए।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़खानी के आरोप में दो दोषी को तीन वर्ष की सजा

**आरा**। षस्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार सिंह और सरोज कुमारी विशेष लोक अभियोजक ने नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने के आरोप में दो युवकों को 3 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सजा पाने वाले दोनों युवक चंदन महतो और संदीप महतो हैं जो टाउन थाना क्षेत्र के अमीर टोला धनुपरा मोहल्ला के रहने वाले हैं। पीड़िता की मां ने 17 दिसंबर 2022 को टाउन थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में पीड़िता की मां लिखा है कि मेरी पुत्री 17 दिसंबर को शाम में घर के बाहर गंदा कपड़ा फेंकने के लिए गई थी। उसी क्रम में चंदन महतो और संदीप महतो ने मेरी पुत्री को पड़कर जबरन उसे छेड़खानी करना चाह रहे थे जिसका विरोध कर पीड़िता घर पहुंची और सारी घटना की जानकारी दी।

### आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार

**आरा**। भोजपुर पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आपत्तिजनक वीडियो और फोटो बनाकर वायरल करने और पीड़िता को धमकी देने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक पंकज कुमार साह, टाउन थाना क्षेत्र के खारा कुआं मोहल्ला का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि एक पीड़िता के द्वारा साइबर थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया गया था। आवेदन में पीड़िता द्वारा लिखा गया था कि किसी अंजान लड़के द्वारा मेरा फोटो एवं वीडीयो बनाकर व्हाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से शेयर किया जा रहा है। प्राप्त आवेदन के आधार पर आरा साइबर थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल फोन में आपत्तिजनक वीडियो और फोटो मिले हैं।जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

### गोपालपुर से ट्रैक्टर की हुई चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**कोईलवर**। चांदी थाना अंतर्गत गोपालपुर से अज्ञात चोरों ने एक ट्रैक्टर को चोरी कर लिया है। मामले को लेकर गोपालपुर ग्राम निवासी ऋद्धि सिंह ने चांदी थाना को आवेदन देकर ट्रैक्टर को ढूंढने की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि मेरा ट्रैक्टर है। जिसे गोपालपुर पोखरा पर मेरे घर के सामने प्रतिदिन की भांति रात्रि में खड़ा किया गया था। उसे अज्ञात चोरों के द्वारा बुधवार की रात्रि में चोरी कर लिया गया। गुरुवार की सुबह जब उन्होंने अपने घर के पास ट्रैक्टर को खड़ा नहीं देखा तो आसपास के लोगों से खोजबीन की और कहीं कुछ पता नहीं चलने पर शुक्रवार को चांदी थाने को आवेदन देकर सूचित किया है।

### पुलिस ने 56 मोबाइल किया बरामद

**आरा**। आरा एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया की भोजपुर पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से एक सप्ताह के अंदर ऑपरेशन मुस्कान के तहत चोरी के 56 मोबाइल बरामद किया है। इसके पहले भी पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत चोरी की मोबाइल को बरामद कर मोबाइल धारक को सौंप दिया है। यह भोजपुर पुलिस के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मोबाइल मिलने के बाद मोबाइल धारकों ने एसपी प्रमोद कुमार यादव को थैंक यू सर बोला। पुलिस अधीक्षक भोजपुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल खोने, चोरी होने, गिरने की घटनाओं से संबंधित दर्ज सनहा के आलोक में डीआईयू के साथ एक स्पेशल टीम का गठन करते हुए उसका वैज्ञानिक अनुसंधान कर मोबाइल की बरामदगी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुम हुए कुल 56 मोबाइल एवं 2 मोटरसाइकिल बरामद कर पुलिस अधीक्षक भोजपुर के द्वारा उसके वास्तविक धारकों को मोबाइल एवं मोटरसाइकिल देकर उनके चेहरे की मुस्कान लौटाने का प्रयास किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 16 लाख 80 हजार रुपये हैं। साथ ही पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले, चोरी का मोबाइल रखने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अबतक के कुल मिलाकर लगभग 16 लाख 80 हजार रुपये के मोबाइल बरामद कर वास्तविक धारक को वापस किया गया है। थानावार मोबाइल बरामदगी निम्न प्रकार है। जगदीशपुर और सिकरहट्टा थाना क्षेत्र से 7, डीआईयू टीम के द्वारा 7, गड़हनी थाना क्षेत्र से 4,चरपोखरी थाना क्षेत्र से 7,शाहपुर थाना क्षेत्र से 3,नवादा थाना क्षेत्र से 3,नारायणपुर थाना और नगर थाना क्षेत्र से 4,करनामेपुर थाना क्षेत्र से 14,आयर थाना क्षेत्र से 3,संदेश थाना क्षेत्र से 6, मोबाइल बरामद किया गया।

### एएनएम संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**बक्सर**। अपने मांगों के समर्थन में बिहार संविदा एएनएम संघर्ष मोर्चा से जुड़ी स्वास्थ्य कर्मियों ने 26वें दिन भी हड़ताल जारी रखी। उन्होंने सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन के समक्ष धरना और विरोध प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता बिहार संविदा संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष ममता कुमारी ने की व संचालन जिला सचिव सरिता कुमारी ने किया। प्रदर्शन के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। उन्होंने समान काम का समान वेतन, संविदा कर्मियों को नियमित करने, लंबित वेतन का भुगतान समय से करने व फेस अटेंडेंस वापस लेने जैसे तमाम मुद्दों पर आवाज बुलंद किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि 26 दिनों से हड़ताल पर हैं, पर कोई सुनने वाला नहीं है। हमारी सभी मांगें जायज है, इसे सरकार को मान लेनी चाहिए। जब तक हमारी मांग नहीं मानी जाएगी अनवरत संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर महासंघ गोप गुट के जिला सचिव महेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश कुमार, संतोष कुमार सिंह, श्याम राय आदि ने धरना को संबोधित किया। प्रदर्शन में रीता कुमारी, ललिता कुमारी, कुंती कुमारी, कंचन कुमारी, सीमा कुमारी, रिंकू कुमारी, मुन्नी कुमारी, पूनम कुमारी, बबली कुमारी, आरती कुमारी, खुशबू कुमारी, सरोज कुमारी, सविता कुमारी, प्रियंका कुमारी, बिनानी कुमारी, रेणु कुमारी , मुन्नू कुमारी समेत अन्य कर्मी शामिल रहीं।

### फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर मुखिया करेंगे एमडीए राउंड की शुरुआत

**बक्सर**। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 10 अगस्त से शुरू होने वाला है। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। एमडीए को सफल बनाने में जिला स्वास्थ्य समिति से लेकर जिला प्रशासन भी प्रयासरत है। डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों के अंतर्गत स्थित पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य व सरपंचों को भी इस बार अभियान में शामिल किया जा रहा है। साथ ही, सभी पंचायतों के मुखियागणों का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा है। ताकि, इस बार एमडीएम राउंड के दौरान पंचायतों और वार्ड में चलाए जाने वाले अभियान को सुदृढ़ किया जा सके। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि सरकार व जनता के बीच में मुखिया व पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि एक मजबूत कड़ी के रूप में काम करते हैं। जिसके कारण सरकार ने इस बार मुखियागणों को एमडीए राउंड में सहभागिता देने पर जोर दिया है। ताकि, गांवों में सामुदायिक स्तर पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने के लिए जागरूक और प्रेरित कर सकें। जिससे एमडीए राउंड को सफल बनाया जा सके। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने भी इस संबंध में पंचायती राज विभाग समेत सभी सहयोगी विभागों व संस्थानों को पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने जिलास्तर पर पंचायती राज विभाग के कार्य व अपेक्षाएं स्पष्ट की है। जारी पत्र के अनुसार पंचायतों में मुखिया गणों द्वारा मुनादी एवं पीए सिस्टम के माध्यम से लोगों को 10 अगस्त से शुरू होने वाले एमडीए अभियान के बारे में सूचना प्रदान करेंगे। साथ ही समुदाय को जागरूक करने के लिए ग्राम व पंचायत पर ग्रामसभा तथा आमसभा का आयोजन कर एमडीए का प्रचार-प्रसार करेंगे। सबसे जरूरी बात यह है कि इस बार मुखियागण स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर पंचायत में एमडीए राउंड की शुरुआत करेंगे। इसके अलावा वार्डों में एमडीए राउंड के दौरान सभी जनप्रतिनिधि आशा कार्यकर्ताओं और डीएम टीम का सहयोग भी करेंगे।

# लोकसभा में बक्सर सांसद ने की स्वास्थ्य अनुदानों की चर्चा

**निज संवाददाता। बक्सर**



**♦ बिहार में 3 नए AIIMS निर्माण की मांग की, कहा- दिल्ली इलाज कराने कब तक और कितने जाएंगे**

बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने लोकसभा में बक्सर सहित बिहार में तीन एम्स निर्माण की मांग की है। लोकसभा में स्वास्थ्य के अनुदानों पर हो रही चर्चा पर अपनी पार्टी की तरफ से पक्ष रखते हुए कहा कि बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इस बार भी देश का स्वास्थ्य बजट देश स्वास्थ्य व्यवस्था को देखते हुए बिलकुल ही अपर्याप्त है। इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश में कुछ सालों से अगर स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर ध्यान दें तो यह साफ दिखता है कि स्वास्थ्य बजट बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। ऐसे बजट से आईसीयू में पड़े कैंसर के मरीज का इलाज पैरासिटामोल से कर रहे हैं। आगे चर्चा करते हुए कहा कि बिहार से सांसद होने के नाते मैं सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि बिहार स्वास्थ्य ढांचे की दयनीय स्थिति और केंद्रीय बजट में बिहार को निरंतर अनदेखी का सामना करना पड़ा है। बिहार सबसे गरीब और घनी आबादी वाला राज्य है जहां केवल एक एम्स का होना अनदेखी की ही कहानी कहता है। कहा कि दरभंगा एम्स जिस ढरे पर चला है यह कब बनकर तैयार होगा, यह कोई नहीं बता सकता। बिहार को पटना और दरभंगा एम्स के अलावा तीन और एम्स की जरूरत है नहीं तो बिहार के लोग दिल्ली एम्स का चक्कर काटने के लिए सपित रहेंगे। अकेले चार लाख लोग अपना इलाज दिल्ली एम्स में कराने के लिए पहुंचते है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार सबसे कम डॉक्टर रोगी के अनुपात में है। साथ ही जिला अस्पताल में कहीं भी बेहोशी के डॉक्टर नहीं होने के कारण छोटे ऑपरेशन के लिए भी लोगों को पटना जाना पड़ता है। बिहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र मूलभूत सुविधाओं और कर्मियों की कमी की कहानी कहते हैं। वहीं, सुपर स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य सुविधाएं भी नदारद है। नवजात शिशु या छोटे बच्चे के हृदय में दुर्भाग्यवश छोटे छिद्र मिल जाए तो परिजन दिल्ली, बैंगलोर का चक्कर काटते रह जाते हैं। साथ ही महिलाओं की भी स्वास्थ्य सुविधाएं को लेकर चिंता जताई है। अंत में आशा और ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय न्यूनतम 20 हज़ार रुपए करने की मांग की है।

# जुलाई के राशन वितरण के अंतिम दिन सर्वर फेल

**निज संवाददाता। बक्सर**




पूरे बक्सर जिले में राशन वितरण के अंतिम दिन पीओएस मशीन का सर्वर दिन भर फेल रहा। जिसके चलते वंचित लाभुकों को खाद्यान्न वितरण करने में पीडीएस दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही विभाग के निर्देशानुसार राशन कार्ड में मौजूद सदस्यों का ईकेवाईसी करने की प्रक्रिया भी बाधित रही। हालांकि दोपहर 4 बजे के बाद पीओएस मशीन का सर्वर ठीक हुआ। तब जाकर पीडीएस दुकानदारों ने राहत की सांस ली। हालांकि पीडीएस दुकानदारों का मानना है कि शाम को खाद्यान्न वितरण करने का समय नहीं है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बक्सर जिले के पीडीएस दुकानदारों ने बताया कि जुलाई माह की खाद्यान्न वितरण की तिथि विभाग के द्वारा 2 अगस्त तक विस्तारित किया गया था।लेकिन 2 अगस्त को दिन भर पीओएस मशीन का सर्वर बाधित रहा। जिसके चलते जुलाई माह की खाद्यान्न पाने से जो लाभुक वंचित हो गए थे वैसे लाभुकों को खाद्यान्न नहीं वितरण किया जा सका। ऐसे में पीडीएस दुकानदारों ने जुलाई माह की खाद्यान्न वितरण अगले दो दिनों तक विस्तारित करने का मांग खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग से किया है। बक्सर जिले के पीडीएस दुकानदारों का कहना है कि पीओएस मशीन की सर्वर दुरुस्त नहीं रहने के कारण सालों भर पीडीएस दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते प्रत्येक माह पीडीएस दुकानदारों तथा लाभुकों के बीच तू तू मैं मैं की स्थिति बनी रहती है।

# सांप के डसने से किसान की हुई मौत, घर से बाहर शौच के लिए गए थे



**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के कुसमा गांव में शुक्रवार को विषैले सांप ने एक किसान को डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक आयर थाना क्षेत्र के कुसमा गांव निवासी हरीनंद सिंह के 50 वर्षीय पुत्र धामू सिंह हैं। पेशे से किसान थे।

**सदर अस्पताल में मृत घोषित किया:** मृतक के भतीजे कमलेश यादव ने बताया कि वह सो कर उठे और शौच के लिए बाहर गए थे। इसी दौरान सांप ने उन्हें डस लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गया। इसके बाद वह जब घर में आए तो उन्हें घर वालों से कहा कि मुझे सांप काट लिया है। जिसके बाद परिजन ने उन्हें अनान-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही वापस गांव ले गए। मृतक अपने दो भाई में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी फूलझारो देवी,एक पुत्र विनय कुमार एवं एक पुत्री रूबी कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

# वाहन चालकों से वसूली कर रहा बदमाश गिरफ्तार, पुलिस को देखकर दो अपराधी मौके से हुए फरार

**● तलाशी में हथियार और कारतूस बरामद**

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जीरो माइल स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास ट्रक समेत अन्य वाहनों से जबरन रंगदारी वसूलने के आरोप में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को पकड़ा है। दो मौके से भाग गए। जानकारी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी है। पकड़ा गया सोनू सिंह मूल रूप से चरपोखरी थाना के चरपोखरी का निवासी है। वर्तमान में करमन टोला में रहता था। इसे लेकर पुलिस ने तीनों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी की है। एक देसी पिस्टल और 2 कारतूस बरामद किया है। पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है।

**पुलिस के पहुंचने के बाद तीनों भागने लगे थे:** एसपी ने बताया कि सुबह गश्ती के क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि केंद्रीय विद्यालय के समीप हथियारबंद अपराधी आने-जाने वाले वाहनों से जबरन अवैध वसूली कर रहे हैं। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव और प्रशिक्षु दारोगा नीतीश कुमार ने छापेमारी की। जब पुलिस पहुंची तो तीनों बदमाश एक ट्रक को जबरन रुकवाने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान पुलिस की गाड़ी को देखकर तीनों भागने लगे। पीछा कर एक बदमाश को पकड़ लिया गया। जबकि, दो भाग गए। तलाशी के दौरान हथियार और कारतूस मिला। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि नवादा थाना में पहले से आपराधिक कांड अंकित है। अन्य थानों में भी खोजा जा रहा है।

# ससुराल वालों की प्रताड़ना से जख्मी महिला की मौत



**❐ इलाज के दौरान तोड़ा दम, दहेज में मांगी जा रही थी सोने की चेन और बाइक**

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में शुक्रवार को एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम आरा सदर अस्पताल में करवाया। दूसरी ओर परिजनों ने सोने के सिकड़ी ना देने के विवाद को लेकर ससुराल वालों पर पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका गड़हनी थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी धनजीत सिंह के 25 वर्षीय पत्नी कंचन देवी है। मृतका के भाई संतोष कुमार ने बताया कि शादी के बाद से ही उसके पति और ससुराल वाले सोने की सीकरी और बाइक के लिए बराबर प्रताड़ित कर रहे थे। विरोध करने पर मारपीट भी की जाती थी।

**मारपीट में मेरी बहन को गहरी चोट लगी थी:** मृतका के भाई ने कहा कि बहन का पति कहता है कि आप लोगों ने शादी में सोने की सिकड़ी देने की बात कही थी, लेकिन नहीं दिया। मेरी बहन से मारपीट की जाती थी। उसे खाने को नहीं दिया जाता था। कई बार अपने स्तर से समझौता भी हुआ था, लेकिन दहेज लोभियों ने बराबर मेरी बहन के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान मेरी बहन को काफी गंभीर चोटे आ गई थी। इसके बाद हम लोगों ने अगिआंव अस्पताल में भर्ती कराया था। हालांकि स्थिति को गंभीर देखते हुए आरा सदर अस्पताल भेजा गया था। वहां से पटना रेफर कर दिया गया था। पर इलाज आरा में ही चल रहा था। मृतका तीन भाई संतोष, निरंजन, मधु रंजन और चार बहन कलावती देवी, प्रभावती देवी, फूलवंती देवी से छठे स्थान पर थी।

# सोन नदी में डूबकर युवक की हुई मौत, घर से घूमने के लिए निकला था

**● दूसरे दिन गोरिया घाट से शव हुआ बरामद**

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के गोरिया घाट स्थित सोन नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जिसका शव सोन नदी के किनारे से दूसरे दिन शुक्रवार को बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के दुर्जन चक गांव वार्ड नंबर चार निवासी सुभाष कुमार का 18 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार है। पेशे से ट्रक खलासी था। मृतक के चचेरे भाई जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह गुरुवार की सुबह घूमने के लिए घर से निकला था और शाम तक घर वापस नहीं लौटा।

**स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना दी:** परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच स्थानीय थाना ने फोन कर सूचना दी कि कोईलवर सिक्स लेन पुल के नीचे गोरिया घाट स्थित सोन नदी के किनारे से उसका बरामद हुआ है। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

# नशे में चिकित्सा प्रभारी से भिड़े रघुनाथपुर CHC के चिकित्सक, अप्सेंट अटेंडेस नहीं बनाने पर की गाली गलौज

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर के ब्रह्मपुर रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर द्वारा नशे की हालत में चिकित्सा प्रभारी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसकी सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने डॉक्टर को अपने कब्जे में ले मेडिकल कराया तो नशे की पुष्टि पाया गया। जिसपर नशेड़ी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर अमित कुमार शराब के नशे में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर गोपाल कृष्ण यादव से पीछे के एटेंड्स को बनाने को लेकर दबाव बना रहे थे। जिसे प्रभारी चिकित्सक द्वारा माना कर दिया गया।जिसपर डॉक्टर अमित कुमार चिकित्सक प्रभारी के साथ मारपीट करने लगे। जिसका बचाव करते हुए अन्य कर्मियों द्वारा इसकी सूचना डायल 112 को दी गई और नशे में धुत डॉक्टर को पकड़ लिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ गोपाल कृष्ण यादव आर्मी में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। फिलहाल ब्रह्मपुर रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा प्रभारी के के पद पर कार्यरत है।

**अप्सेंट अटेंडेस नहीं बनाने पर की गाली गलौज:** चिकित्सा प्रभारी डॉ गोपाल कृष्ण यादव ने बताया कि डॉक्टर अमित कुमार मेरे पास आए इस वक्त नशे की हालत में थे। जिनके द्वारा कहा गया की पूर्व मैं जितने दिन अप्सेंट रहा हूं। उसको बना कर प्रजेंट दिखा दीजिए। ये गलत काम करने से मैने माना किया। पहले तो गाली दिए उसके बाद मारपीट पर उतारु हो गए। जिसके बाद सूचना पुलिस को दिया। इसके बाद पुलिस के मौजूदगी में मेडिकल कराने पर शराब पीने की पुष्टि हुई है जिसने 73.9 अल्कोल्ल पाया गया है। **आवेदन के आधार पर होगी कार्रवाई:** ब्रम्हपुर थाना के एसआई धीरज कुमार ने बताया कि सूचना पर हॉस्पिटल पहुंचे तो डॉक्टर नशे की हालत में धुत मिले जिनका मेडिकल कराने पर शराब को पुष्टि हुई है। जिनकों गिरफ्तार करने के बाद पुलिस आगे की करवाई में जुटी हुई है। प्रभारी चिकित्सक के आवेदन के आधार पर भी करवाई किया जायेगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निचे लिखे कार्यों के लिए, अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाताओं से भारतीय रेलवे के ireps वेब portal पर एकल पॉकेट पद्धति के अधीन खुली ई–निविदा के रूप में आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना सं. : यां/टी.सी.–30 ऑफ 2024 (खुली ई–निविदा) दि. 01.08.2024। कार्य का नाम : 10 टन या उससे अधिक क्षमता वाले ट्रक की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग और टाटा एलपीटी 1613/48 काउल या टाटा एलपीटी 1918 काउल या अशोक लीलैंड 1920 या आयशर प्रो 3019 आदि के समान और ट्रक पर संशोधन कार्य (निर्माण, फर्निशिंग और स्थापना/माउंटिंग) टाटा एलपीटी 1613/48 काउल या टाटा एलपीटी 1918 काउल या अशोक लीलैंड 1920 या आयशर प्रो 3019 पर परिवहन के साथ बस बॉडी और आरएक्सएल, एसएचसी, डीबीजी और एनकेई डिपो के लिए एआरटी के लिए चेसिस समस्तीपुर डिवीजन। निविदा लागत (रू. में) : ₹1,51,76,395.00, बयाने की राशि (रू. में) : ₹2,26,000.00, कार्य समाप्ति अवधि : 180 दिन।

1. आई.आर.ई.पी.एस वेब portal पर ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय 23.08.2024 को समय 15:00 बजे तक है। 2. ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय दि. – 23.08.2024 को 15:30 बजे। 3. वेब साईट से विवरण जहां से निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है– www.ireps.gov.in

सहायक मंडल यां. ईजी. (समाडि)/
पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/00824/एसपीजे/यां./टी/24–25/44

# भागलपुर में दुकानदार मनमाने तरीके से वसूल रहे पैसे, MRP से 5 रुपए ले रहे ज्यादा

**UP के श्रद्धालुओं से 10 मिनट तक बहस, मौके पर पहुंची पुलिस**

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में श्रावणी माह की शुरुआत हो गई है। ऐसे में श्रद्धालु हर दिन सुल्तानगंज के अजगेबिनाथ गंगा घाट से लाखों की संख्या में जल भरकर देवघर के लिए रवाना हो रहे हैं। वहीं, शनिवार को कच्ची कमरिया पथ पर दुकानदार की मनमानी तरीके से कीमत से ज्यादा रुपए को लेने को लेकर श्रद्धालु और दुकानदार के बीच बहस हो गई। दुकानदार और श्रद्धालुओं के बीच तकरीबन 10 मिनट तक बस होते रहा श्रद्धालुओं का आरोप है कि दुकान से उन्होंने एक समान खरीद जिनका कीमत MRP60 रुपए था है। दुकानदार इसको 65 रुपए में बेच रहा है। जब दुकानदार से पूछा गया की कीमत के से ज्यादा रुपए आप क्यों ले रहे हैं तो उन्होंने कहा कि ठंडा करने के लिए 5 एक्स्ट्रा ले रहे हैं जिसको लेकर विवाद हुई।

**पुलिस ने शांत करवाया मामला**ः इधर, घटना की सूचना के बाद सुल्तानगंज स्थित श्रावणी मेला में तैनात पुलिसकर्मी दुकान पर पहुंचे। तब मामला किसी तरह शांत हुआ ।मालूम होगी जिला प्रशासन की ओर से डर मानक तय कर दिया गया है एमआरपी के अनुसार ही श्रद्धालुओं से रुपए लेने का निर्देश है लेकिन दुकानदार की मनमानी एक बार फिर देखने को मिला है हालांकि समय रहते पुलिस पहुंच गई और मामला शांतहो गया गोरखपुर से पहुंचे श्रद्धालु आकाश कुमार ने बताया कि दुकान से एक सामान खरीदे जिनका कीमत 60 था दुकानदार 65 रुपए मांग रहे थे 5 एक्स्ट्रा लेने की वजह पूछने पर उन्होंने कहा कि ठंडा करने का लेना है जो गलतहै। दुकानदार इस मामले पर सिर्फ इतना ही कहा कि60 कीमत था 65 ले रहा है 5 एक्स्ट्रा ठंडा करने कर लेना इधर मौके पर पहुंचे पुलिस ने मामले को शांत करवाया है।

# शैम्पू सिंह हत्याकांड का मुंगेर एसपी ने किया खुलासा, आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

निज संवाददाता। मुंगेर

31 जुलाई की देर रात शामपुर थाना क्षेत्र बहिरा गांव के समीप गर्भ स्थान के पास अपने वासा में सोए हुए व्यक्ति अभिनंदन सिंह उर्फ शेम्पु को कुछ लोगो ने लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य अभियुक्त सनोज मंडल और उसकी पत्नी सरोजनी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना स्थल से घटना में प्रयुक्त लाठी, गोली, खून से सना कपड़ा और मिट्टी के अलावा मोबाइल सहित अन्य समान की बरामदगी की गई। इसकी जानकारी शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान एसपी सैयद इमरान मसूद ने दी। एसपी ने बताया कि घटना को लेकर मृतक के भाई सतीश कुमार सिंह ने एक अगस्त को सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए शामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इस हत्या के बाद एसपी सैयद इमरान मसूद के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जिसमें खड़गपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार एवं शामपुर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार सामिल थे। जिसमें पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी अनुसंधान कर मुख्य अभियुक्त सनोज मंडल और उसकी पत्नी सरोजनी देवी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी बताया कि मृतक अभियुक्त सरोजनी देवी से मोबाइल पर बात करता था और उसके साथ अवैध संबंध था। उन्होंने कहा कि इस मामले में फरार अन्य लोगों को पुलिस जल्द ही गिरफ्तार करेगी। एसपी ने बताया कि अभियुक्तों ने सोची समझी साजिश के तहत अपने वासा पर सोए शैम्पू की हत्या की। जिसमें सबसे पहले सभी आरोपी के द्वारा बासा पर पहले सरोजनी देवी को भेजा गया। जिसके बाद जब बासा पर दरवाजा अंदर से बंद पाया गया, तभी सभी अरोपी खिड़की को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अभिनंदन सिंह उर्फ शैम्पु के साथ मारपीट कर हत्या कर फरार हो गया। एसपी ने कहा कि मृतक का आपराधिक इतिहास है और इस पर 5 मामले शामपुर एवं बरियारपुर थाना में मामला दर्ज हैं।

## टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंस अब एक सितंबर को

**भागलपुर**। टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमैटिकल साइंस-2023 का आयोजन अब एक सितंबर को होगा। पहले यह टेस्ट चार अगस्त को होना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कहा कि अब यह परीक्षा एक सितंबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए संशोधित एडमिट कार्ड बाद में जारी किया जाएगा। चार अगस्त को प्रायोजित परीक्षा के लिए 24 जुलाई को एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया था। परीक्षा समिति ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लिया है वे इसी के आधार पर एक सितंबर को आयोजित परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में असमर्थ विद्यार्थी अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर अपना एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

## सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया को पार्वती को पति रूप में मिले थे शिव

**भागलपुर**। सावन माह में हरियाली तीज का उत्सव पर सुहागिनें बड़ी धूमधाम से मनाती है। ऐसा माना जाता है कि इससे वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहता है। साथ ही यह व्रत रखने से पति आयु लंबी होती है। भागलपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष कुंज बिहारी झुनझुनवाला ने बताया कि चार अगस्त रविवार को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की महिला समिति भागलपुर की ओर से हरियाली तीज उत्सव व मेले का आयोजन देवी बाबू धर्मशाला में किया जाएगा। इसकी तैयारी महिला समिति की ओर की जा रही है। मधु झुनझुनवाला ने बताया कि हरियाली तीज उत्सव का इंतजार हर सुहागिन को रहता हैं। इस दिन सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर हाथों में मेहंदी रचाती हैं। इस त्योहार को भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। इस दिन सुहागिनें भगवान शिव और मां पार्वती की श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा करती हैं। यह त्योहार बिहार, झारखंड सहित अन्य राज्यों में धूमधाम से मनाया जाता है। सुहागिनों को हरियाली तीज की सुननी चाहिए कथा ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि हरियाली तीज सात अगस्त बुधवार को है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(अपहृत व्यक्ति रमण सिंह, उम्र करीब–37 वर्ष)



रंका थाना कांड सं0–120/23 दिनांक–03.08.023 धारा–364, 354, 323, 504, 506, भा0द0वि0 के अपहृत व्यक्ति रमण सिंह, उम्र करीब–37 वर्ष, पे0–जगरनाथ सिंह, सा0–तमगे कला, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले हैं। उक्त अपहृत व्यक्ति रमण सिंह का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अपहृत व्यक्ति रमण सिंह किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इसके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :–लंबाई–05 फीट, 05 इंच, रंग–सांवला, बाल–काला, हल्का मोक्ष, ऑख बड़ा, भाषा–हिन्दी, पहनावा–टी शर्ट–पैंट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 331746 Police(24-25)#D


# "आधुनिक विधि से करें खेती, अच्छा मुनाफा मिलेगा"



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर प्रखंड के ई-किसान भवन में शुक्रवार को खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को खरीफ फसल की रोपाई, बुआई, रोग से बचाव, जैविक खेती व प्राकृतिक खेती के अलावा सरकार की कृषि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिला स्तरीय डिप्टी प्रोजेक्ट निदेशक रणधीर कुमार ने किसानों को बताया कि वैज्ञानिकों के द्वारा बतायी गयी नवीनतम विधियों के अनुसार खेती करें और अच्छा मुनाफा कमाएं। इसके अलावा खरीफ फसल धान के अलावा मक्का व बाजरा के बारे में किसानों से चर्चा की। आज के दौर में श्री अन्न की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। खरीफ किसान गोष्ठी में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी हिमांशु शेखर, कृषि अभियंत्रण पदाधिकारी सुशांत कुमार व प्रखंड के कृषि समन्वयक, बीटीएम व एटीएम आदि मौजूद थे।

# प्रशांत किशोर को जनता का काम करना चाहिए

**कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने कहा- PK जल्दबाजी कर रहे, पप्पू यादव को कहा- नसीहत न दें**



निज संवाददाता। भागलपुर

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सूबे में हो रही नेताओं के बयानबाजी पर भागलपुर से कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राजनीतिक सलाहकार प्रशांत किशोर के नए पार्टी गठन पर कहा कि लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन प्रशांत किशोर अभी हैं क्या.? उन्होंने बिहार और देश की जनता के लिए क्या काम किया है जो जनता उन्हें वोट करेगी? वह जल्दबाजी कर रहे हैं इसके पीछे किसी की गहरी साजिश है। उन्हें अभी जनता के बीच जाकर उनका काम करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है, उसको आइना दिखाने की जरूरत नहीं है।

**पप्पू यादव पर भी कसा तंज**ः कांग्रेस को अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने की नसीहत देते हुए पप्पू यादव ने बयान दिया था। इसको लेकर विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि किसी को नसीहत नहीं देना चाहिए, कांग्रेस पार्टी देश में सबसे बड़ी पार्टी है। उनकी पत्नी कांग्रेस पार्टी में है और वह खुद भी इस पार्टी में आना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी किस तरह चुनाव लड़ेगी यह आला कमान तय करेगी। विधानसभा चुनाव बिहार के हालात को देखते हुए लड़ा जाएगा। क्योंकि बिहार एक गरीब राज्य है। हम लोगों की प्रथम प्राथमिकता है कि भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेंकना।

## वारसलीगंज समेत 3 मोहल्ले में गंदे पानी की समस्या बरकरार

**भागलपुर**। वार्ड- 50 स्थित वारसलीगंज समेत तीन मोहल्ले में गंदे पानी की समस्या तीसरे दिन भी बनी रही। बुधवार को पानी की पाइपलाइन टूटने से वार्ड 50 के वारसलीगंज समेत तीन मोहल्लों के घरों में पानी घुस गया था। क्षेत्रीय पार्षद धीरज गुप्ता की ओर से मामले की जानकारी नगर आयुक्त को दी गई थी, लेकिन शुक्रवार को भी समस्या दूर नहीं हो सकी। अब इसे दुरुस्त करने के लिए बुडको की मदद ली जा रही है, लेकिन बुडको की ओर से इसको दूर करने के लिए कोई खास कवायद नहीं हो रही है। बुधवार देर रात चौराहे पर बिछाई गई पाइपलाइन नाला खुदाई से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## नगर निगम कचरा प्रबंधन नई तकनीक से करेगा

**मुंगेर**। नगर निकायों में कचरा प्रबंधन और निस्तारण की व्यवस्था में राज्य में बड़ा बदलाव लाया जा रहा है। कचरा प्रबंधन में क्या बदलाव होगा, इसको लेकर राज्य के सभी नगर निगम के मेयर व नगर आयुक्त को रोडमैप की जानकारी पटना में आयोजित कार्यशाला में दी गई। मेयर कुमकुम देवी व नगर आयुक्त निखिल धनराज ने बताया कि विभाग ने कचरा प्रबंधन के लिए शहरी निकायों को कलस्टर बांटने की तैयारी कर रही है। शहरों में कचरा उठाव से लेकर उसके निस्तारण तक की व्यवस्था का विस्तृत रोडमैप बनाया जाएगा। इस रोडमैप में साफ-सफाई में बेहतर करने वाले दूसरे जगहों के अन्य शहरी निकायों की व्यवस्था को भी अपनाया जाएगा। इसके लिए देश-विदेश के विशेषज्ञों की भी मदद ली जाएगी। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, उपयोग किए गए जल का प्रबंधन, शौचालय का निर्माण आदि से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है। आधुनिक तकनीक से समेकित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सबसे पहले राजधानी पटना समेत सभी 11 नगर निकायों में लागू करने का प्रस्ताव है।

## रूक-रूक कर बारिश का सिलसिला जारी

**मुंगेर**। मुंगेर भीषण गर्मी और उमस के बीच विगत दो दिनों से जिले में रूक-रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। गुरूवार की शाम हुई बारिश के बाद से जिले का मौसम पूरी तरह बदल चुका है। वहीं शुक्रवार को भी जिले में पूरे दिन झमाझम बारिश होती रही। हालांकि इस बीच तेज हवा के कारण जिले में दर्जनों जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ और बिजली के खंबे गिरने के कारण गुरूवार देर रात से ही विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। वहीं रूक-रूक कर हो रही बारिश के कारण तापमान में काफी तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच पूरे दिन तेज ठंडी हवाओं के बीच मौसम काफी सुहाना बना रहा। लोगों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली। बुधवार कि तुलना में गुरूवार को मौसम में थोड़ी नरमी देखी गई। अन्य दिनों की तुलना में गुरूवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि शाम करीब 5 बजे हुई बारिश के बाद अचानक तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। गुरूवार की शाम से ही मौसम काफी सुहाना हो गया था। इस बीच हल्की हल्की ठंडी हवा लोगों को काफी सुकून दी। वहीं देर रात से झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ जो पूरे दिन रूक-रूक कर जारी रहा। इस बीच अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं 40-60 किमी की रफ्तार से चल रही तेज हवा मौसम को काफी सुहाना बना दिया है।

## जिला शिकायत कोषांग में तैनात क्लर्क सौरभ लापता

**भागलपुर**। जिला शिकायत कोषांग में तैनात लिपिक सौरभ कुमार की गुमशुदगी की रिपोर्ट तिलकामांझी थाने में उनकी पत्नी सोनालिका कुमारी ने दर्ज करायी है। इसमें कहा है कि उनके पति तिलकामांझी शिवपुरी कॉलोनी स्थित किराए के घर से 26 जुलाई की सुबह 10.30 बजे ऑफिस के लिए निकले थे। वह यह कहकर निकले थे कि ऑफिस से काम खत्म कर दोस्तों के साथ मोती झरना साहेबगंज जाएंगे। वहां से दो दिन बाद घर लौटेंगे, लेकिन आज तक नहीं आए। उनका मोबाइल भी बंद है। वह अपने घर कहलगांव भी नहीं गए हैं।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (जिला स्थापना शाखा)

**-: नियुक्ति संबंधी सूचना :-**

चतरा जिला अंतर्गत ग्रामीण चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 31.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। नियुक्ति संबंधी विस्तृत सूचना एवं शर्त्त की विवरणिका चतरा जिला के विभागीय वेबसाईट https://chatra.nic.in/ पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
चतरा

PR 331722 District(24-25)#D

## कार्यालय– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

Email- npsbnagar@gmail.com

**पथ विक्रेताओं के चुनाव संबंधि सूचना**

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के प्रावधानों के अनुसार पथ विक्रेताओं के 12 प्रतिनिधि के चुनाव आयोजन करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के आलोक में निकाय स्तर से निम्नवत समय रेखा (Time Line) निर्धारित की जाती हैः–

टाउन वेंडिग समिति के 12 सदस्यों का चुनाव हेतु प्रस्तावित समय रेखा (Time Line):

विभागीय अधिसूचना 2005 दिनांक– 05.04.2016 द्वारा अधिसूचित झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संषोधित नियमावली 2016 के नियम संख्या 14 के अनुसूची 1 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में टाउन वेंडिग समिति के 12 सदस्यों के चुनाव हेतु प्रस्तावित समय रेखा (Time Line):

| क्र0 सं0 | चुनाव संबंधी कार्य के विभिन्न चरण | विवरण | तिथि का निर्धारण अधिसूचना जारी करने की तिथि 03.08.2024 |
|---|---|---|---|
| I | II | III | IV |
| 1 | टाउन वेंडिग समिति के कुल निर्धारित 30 में से 12 सदस्यों के प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से चुनाव से संबंधित अधिघोषणा जिसमें कोटि/लिंग आरक्षण रोस्टर वर्णित हो। | स्थानीय समाचार पत्रों/सूचना पट्ट में प्रदर्षित करते हुएः (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–2) | 05 अगस्त 2024 |
| 2 | क्षेत्रीय स्ट्रट वेंडरों की सूचि का प्रकाशन एवं इसकी प्रति टाउन वेंडिग समिति या स्थानीय प्राधिकरण जैसी स्थिति हो उसे सौंपना/उपलब्ध कराना अर्थात चुनाव घोषित होने के साथ ही। | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–4) | 05 अगस्त 2024 |
| 3 | क्षेत्रीय स्ट्रट वेंडरों की सूचि को नोटिस बोर्ड में प्रदर्षित करना। | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–4) | 10 अगस्त 2024 |
| 4 | नामांकन का कार्य (अंतिम तिथि) | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–3 घ) | 12 अगस्त 2024 |
| 5 | नामांकन पत्रों की जाँच | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–8) | 13 अगस्त 2024 |
| 6 | अंतिम रूप से जाँच किये गये वैध नामांकित पत्रों का प्रकाषन | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–8 उपकंडिका–10) | 14 अगस्त 2024 |
| 7 | नाम वापसी लेने के समय | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–10) | 17 अगस्त 2024 |
| 8 | अंतिम सूचि का प्रकाषन | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–10) | 20 अगस्त 2024 |
| 8.1 | अगर अंतिम सूचि आरक्षण रोस्टर अनुरूप 12 सदस्यों के रहने पर निर्विरोध की घोषणा | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–21) | 21 अगस्त 2024 |
| 9 | मतदान की तिथि | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–3 घ) | 22 अगस्त 2024 |
| 10 | मतगणना की तिथि | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–20) | 23 अगस्त 2024 |
| 11 | चुनाव परिणाम की घोषणा एवं विजयी प्रमाण पत्र वितरण | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–20) | 24 अगस्त 2024 |
| 12 | चुनाव परिणाम की अधिसूचना जारी करना | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–24) | 27 अगस्त 2024 |
| 13 | सरकार/विभाग को सूचित करना | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–24) | 27 अगस्त 2024 |

प्रशासक
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 331773 (Urban Development)24-25*D

## Govt. of Jharkhand
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
GARHWA NAGAR PARISHAD

**Request for Proposal/E-Procurement Notice**

REQUEST FOR PROPOSAL NO. GNP/RFP-01/2024-25 Date- 02.08.2024

Request for Proposal are invited on behalf of Garhwa Nagar Parishad (GNP), Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and financial capability for the following works:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Bio Mining and remediation of Legacy Waste at Garhwa Nagar Parishad |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 3,40,19,235.00 (Three Crore Forty Lakh Ninteen Thousand Two Hundred Thirty Five Rupees) Only |
| 3. | Tender Fee | Rs. 10000.00 (Ten Thousand Only) (Online Mode) |
| 4. | Earnest Money (Rs.) | 341000.00 (Three Lakh Forty One Thousand Rupees ) (Online Mode) |
| 5. | Time of Completion | 18 Months |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 07.08.2024 up to 11:00 AM |
| 7. | Last Date/Time for receipt of E-Tender on Website | 27.08.2024 up to 5:00 PM |
| 8. | Date of Opening E-Tender | 29.08.2024, Time: 11:00 AM |
| 9. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa-822114 |
| 10. | Contact No of E-Procurement officer | 9431141644, 8409053313 |
| 11. | Helpline Number of E-Procurement cell | 8409053313 |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2.Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Officer
Nagar Parishad Garhwa

PR 331771 Urban Development(24-25)#D

## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

**e-Procurement Notice**

**Tender Notice**

NIT No: JUIDCO/NIT/Rehla Bishrampur /UWSS/24/626 Date: 03/08/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Rehla & Bishrampur Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering –http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 103,73,66,490/- (Rupees One Hundred Three Crore Seventy Three Lakh Sixty Six thousand Four Hundred and Ninenty Only) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs. 25,000/- (Rupees Twenty-Five thousand only) Bid Security – Rs. 1,03,73,665/- (Rupees One crore Three lakh Seventy-Three thousand Six hundred Sixty-Five only) |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 05th August 2024 at 15:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 12th August 2024 till 13:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 12th August 2024 at 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time of Bid Submission | 27th August 2024 till 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 28th August 2024 at 17:00 hours |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001. |
| 12. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

Note: Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on the Jharkhand Government e-procurement website http//: jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 331755 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)

# एससी-एसटी आरक्षण में कोटा बांटने पर भाजपा-जदयू साथ, चिराग पासवान फैसले के खिलाफ



**पटना, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को आरक्षण को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को घेरते हुए कहा कि लालू परिवार जब तक सत्ता में रहा इन्हें आरक्षण की याद नहीं आई।

एक भी आरक्षण यह परिवार सत्ता में रहते नहीं दिलवाया है। यह सिर्फ दूसरे के बांसुरी पर ताल दे रहे हैं। राजद आरक्षण के नाम पर जातियों को बांटने का काम करता रहा है।

उन्होंने कहा कि लालू यादव के परिवार को आरक्षण के मुद्दे पर बोलने का हक नहीं है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में आरक्षण का मुद्दा बिहार में आया है और उसे अमलीजामा पहनाने की चिंता भी नीतीश कुमार कर रहे हैं। अब आरक्षण के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय सितंबर में सुनवाई करेगा, लेकिन इस पर भी अफवाह उड़ा दिया गया कि कोर्ट रिजेक्ट कर दिया है।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद नेताओं द्वारा आरक्षण को लेकर दिए जा रहे बयान को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें आरक्षण पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा कल भी आरक्षण के समर्थन में थी और आज भी आरक्षण के समर्थन में खड़ी है। उन्होंने कहा कि राजद प्रमुख लालू यादव और कांग्रेस यह बताए कि आज तक ये दोनों पार्टियां सत्ता में रहते किसे आरक्षण दी है। लालू यादव और उनका परिवार बिहार में 15 सालों तक सत्ता में रहा, लेकिन एक व्यक्ति को भी आरक्षण का लाभ नहीं दिया।

अब आरक्षण को लेकर उनके परिवार और उनकी पार्टी के सदस्य गाल बजा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को सब पता है। लोकसभा चुनाव का परिणाम इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा काठ का बर्तन एक ही बार चूल्हे पर चढ़ता है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आरक्षण पर कुर्तक रहे हैं। बिहार में जब विधानसभा का सत्र चल रहा था। तब तेजस्वी विदेश में सैर कर रहे थे। सदन का सत्र समाप्त हो गया तो पटना में आकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। बिहार की जनता के साथ युवराज की भांति व्यवहार कर रहे हैं। यह सब लोकतंत्र में नहीं चलता है जनता की आवाज बनना होगा, भागने से काम नहीं चलेगा। बिहार की जनता जब बात रखनी होती है तब तो यह विदेश चले जाते हैं। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने सर्वोच्च न्यायालय के अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एससी-एसटी) आरक्षण में कोटे में कोटा और इसमें क्रीमी लेयर संबंधी निर्णय का समर्थन नहीं किया है।

चिराग ने कहा कि एससी-एसटी आरक्षण के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पक्षधर नहीं है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया है कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए, ताकि एससी-एसटी वर्ग में भेदभाव पैदा नहीं हो और समाज को कमजोर न किया जा सके।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आरक्षण के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाकर राजनीतिक पाखंड कर रहे। अपनी पार्टी में परिवार फर्स्ट नीति अपनाने वाले कभी आरक्षण के हितैषी नहीं हो सकते। राजद में सभी महत्वपूर्ण पदों पर केवल लालू परिवार का कब्जा है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक न्याय की आड़ में राजद ने अब तक परिवारवाद को बढ़ावा दिया।

## लोजपा एससी-एसटी में सब कैटेगरी की पक्षधर नहीं : चिराग

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि एससी-एसटी श्रेणियों को सब-कैटेगरी में रिजर्वेशन वाले मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का लोजपा पक्षधर नहीं है. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले के बाद अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान भी इस बात की मांग करते आये कि जब तक समाज में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के खिलाफ छुआछूत जैसी प्रथा है, तब तक एससी-एसटी श्रेणियों को सब-कैटेगरी में आरक्षण और क्रीमीलेयर जैसे प्रावधान न हों. लोजपा सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह करती है कि फैसले का पुनर्विचार किया जाये.

8.76 लाख सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का टारगेट 31 मार्च 2025 तक निर्धारित किया संवाददाता,पटना मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने शुक्रवार को पंचायती राज विभाग की दो महत्वपूर्ण योजना की समीक्षा सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की. उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को 4127 पंचायत सरकार भवनों का समय पर निर्माण करा लेने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 4165 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण किया जाना है. इसमें अब तक 4056 पंचायतों में चयनित भूमि का सीमांकन किया जा चुका है. स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा 1971 और भवन निर्माण विभाग द्वारा 2156 अर्थात कुल 4127 पंचायत सरकार भवनों का टेंडर प्रकाशित किया जा चुका है.मुख्य सचिव ने कहा कि पंचायत स्तर पर राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विभागों की योजनाओं को एक छत के नीचे लाने की कल्पना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से पंचायत सरकार भवन बनाने का निर्णय लिया गया. सभी भवनों में एक बहुउद्देशीय हॉल के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रें में इसके प्रथम तल पर बाढ़ राहत केंद्र का निर्माण भी किया जा रहा है. समीक्षा में पाया गया कि राज्य की कुल 8053 पंचायतों में से 1465 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जा चुका है. इसके अलावा मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री सात निश्चय कार्यक्रमङ्क2 के तहत सार्वजनिक उपयोग के लिए सभी ग्राम पंचायतों के प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध रूप से 10ङ्क10 एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में 10 अतिरिक्त सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जाना है. सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा में पाया गया कि अब तक 2,16,000 सोलर लाइट राज्य की सभी पंचायतों में लगायी गयी है. पिछले महीने 38,000 सोलर लाइट लगायी गयी. उन्होंने सभी डीएम को सोलर लाइट लगाने में प्रगति लाते हुए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप 8,76,210 लाइट की स्थापना 31 मार्च, 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया.

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद आदर्श ग्रामों का होगा बेसलाइन सर्वे

**पटना, एजेंसी।** पटना सांसद आदर्श ग्राम में वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक में चयनित 67 फीसदी योजनाओं का कार्य अभी अपूर्ण है. लगभग 50 फीसदी योजनाएं अभी शुरू ही नहीं हो सकी हैं. इस मामले को प्रभात खबर ने 29 जुलाई के अंक में सांसद आदर्श ग्राम~10 साल बीत गये, बाकी है 67 फीसदी काम शीर्षक से प्रमुखता से उठाया था. ग्रामीण विकास विभाग ने इस पर संज्ञान लिया है. विभाग ने सांसद आदर्श ग्राम के तहत चयनित पंचायतों के चार्ज अफसरों का ब्योरा तलब किया है. चार्ज अफसरों के ब्योरे को वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया है. चयनित ग्राम पंचायतों में बेसलाइन सर्वे करने का आदेश दिया है. बेसइलाइन सर्वे और परियोजनाओं की प्रगति को वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया गया है. चयनित ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 50 हजार की राशि जिलों को भेजी गयी थी. खर्च की गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग ने मांगा है. सभी जिलों को इसकी सूची भेजी गयी है. वहीं,क्रियान्वयन में बाधा बन रहीं योजनाओं में बदलाव, योजनाओं को डिलिट करने का भी कार्य किया जा सकेगा. सांसदों की ओर से चयनित पंचायतों में बदलाव भी किया जा सकेगा.

### रेल सुविधाओं व इंजीनियरिंग कलस्टर के बारे में उठे सवाल

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि बिहार में अब तक कोई इंजीनियरिंग क्लस्टर परियोजना नहीं है. जबकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश के नागरिकों को बेहतर यात्री और माल यातायात सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए राष्ट्रीय रेल योजना 2030 तैयार की गयी है. यात्रियों को रेलयात्रा के दौरान अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी. दोनों मंत्री राज्यसभा सदस्य डॉ भीम सिंह के अलग-अलग सवालों का जवाब दे रहे थे. रेल मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि मार्च 2024 तक पूर्व मध्य रेलवे में 73,555 करोड़ रुपये की लागत से कुल 4230 किलोमीटर लंबाई की कुल 53 रेल परियोजनाएं अनुमोदन और निर्माण की प्रक्रिया में हैं. इसमें 24 नयी लाइन, एक आमान परिवर्तन और 28 दोहरीकरण शामिल हैं. इनमें 934 किलोमीटर लंबाई का काम पूरा हो गया है. जितिन प्रसाद ने कहा कि महाराष्ट्र, पंजाब समेत कुछ राज्यों में इंजीनियरिंग क्लस्टर परियोजनाएं चल रही हैं, लेकिन बिहार में ऐसी कोई परियोजना स्थापित नहीं की गयी है.

### बिजली के खंभे में कार ने मारी टक्कर, गुल रही बिजली

**दुल्हिनबाजार, एजेंसी।** शुक्रवार को लाला भदसारा गांव के पास पाली पटना मुख्य सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे में एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे खंभा क्षतिग्रस्त हो गया और दिन भर करीब आठ घंटे तक इलाके में बिजली गुल रही, वहीं कार सवार बाल-बाल बच गया. जानकारी के अनुसार, पाली-पटना मुख्य सड़क से होकर एक कार शुक्रवार को गुजर रही थी. जैसे ही कार लाला भदसारा गांव के पास पहुंची कि असंतुलित हो सड़क किनारे खड़ी बिजली की डीपी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे डीपी के दोनों खंभे टूट गये. हादसे के बाद सड़क पर भीड़ जुट गयी व जाम की स्थिति बन गयी. हादसे के बाद इलाके में पूरे दिन बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई. तार व डीपी की मरम्मत के बाद शाम तक बिजली आपूर्ति सुचारू हो पायी.

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हुई मौत

**खुसरूपुर, एजेंसी।** शुक्रवार को फतुहा बख्तियारपुर पुरानी एनएच सड़क मार्ग पर खिरोधरपुर के पास एक अनियंत्रित ट्रेक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी. इससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी. मृतक की पहचान पटना गौरीचक दरियापुर के उस्मा गांव निवासी देवेंद्र प्रसाद यादव के सुपुत्र सत्यप्रकाश उर्फ़ छोटू ( 27 वर्ष ) के रूप में की गयी है. घटना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया जिससे यातायात बाधित हो गयी. पुलिस ने गुस्साये लोगों को किसी तरह समझा-बुझा कर सड़क जाम हटाया.

मृतक के भाई ने बताया कि सत्यप्रकाश खुसरूपुर पोस्टऑफिस में एक निजी कर्मी के रूप में कार्य करता था. उसकी शादी आठ माह पूर्व हुई थी. वह फतुहा के कल्याण बिगहा में किराये के मकान में रहता था और बाइक से रोज सड़क मार्ग से खुसरूपुर पोस्ट ऑफिस अपने दैनिक कार्य पर जाता था.

## हर वार्ड में 25-25 लाख रुपये से होगा तीन-तीन काम, जल्द जारी होगा वर्क ऑर्डर




**पटना, एजेंसी।** वार्ड पार्षदों की शिकायतों को दूर करने के लिए निगम प्रशासन 25-25 लाख रुपये तक का तीन-तीन काम हर वार्ड करायेगा. पार्षदों से लिए गए एजेंडे पर निगम ने टेंडर फाइनल कर लिया है. एजेंसी भी चयनित कर ली गयी है.वर्क ऑर्डर जारी करना बाकी है. अगले माह वर्क ऑर्डर जारी होने के साथ ही हर वार्ड में काम शुरू हो जायेगा.

कुछ दिन पहले नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह ने पार्षदों से वार्ड की सुविधाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण तीन-तीन योजनाओं की सूची मांगी थी. पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की सफाई, नाला उड़ाही, जलापूर्ति समेत अन्य समस्या नगर आयुक्त को बताया था. वार्ड 29 की सिंपी देवी, वार्ड 32 की पार्षद मीरा राय, वार्ड 34 से बीबी बलिमा, वार्ड 35 से उमेश मंडल, 36 से अमित कुमार ट्विंकल आदि ने भी अपनी समस्या नगर आयुक्त के समक्ष रखी थी. इसके मद्देनजर योजना शाखा की ओर से वार्ड पार्षदों से तीन-तीन महत्वपूर्ण कार्यों की सूची 25 मई तक मांगी गयी थी. इसके बाद एस्टिमेट तैयार किया गया और टेंडर की प्रक्रिया अपनायी गयी, जो फाइनल हो गया है.

निगम के पुराने भवन को तोड़कर नया भवन बनाया जायेगा. इसकी तैयारी फिर से निगम ने शुरू कर दी है. नये भवन की डीपीआर तैयार कराने के लिए टेंडर किया है. डीपीआर कंसल्टेंट एजेंसी के लिए जारी निविदा का टेक्निकल बिड 24 जुलाई तक खोला जायेगा. इसमें जितने कंसल्टेंट एजेंसी टेंडर भरेंगे, उन सभी के कागजातों की जांच होगी. यानी, टेक्निकल बिड में सफल कंसल्टेंट एजेंसियों का फाइनेंसियल बिड खोला जायेगा और चयनित की जायेगी.भवन निर्माण पर 30 करोड़ से 50 करोड़ तक खर्च होने का अनुमान है.

## बिहार में सप्ताह भर होगी जोरदार बारिश, इन जिलों के लिए विशेष अलर्ट जारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में बारिश का दौर शुरू हो चुका है. पश्चिमी बंगाल के गंगा क्षेत्र एवं उससे सटे झारखंड के ऊपर कम दबाव का केंद्र बना हुआ है. इसकी वजह से बिहार में भी मानसून की सक्रियता को और ताकत मिलेगी. ऐसे में पूरे बिहार में एक सप्ताह तक मानसून के सक्रिय रहने की प्रबल संभावना है. पूरे राज्य में लगातार बारिश होने के प्रबल आसार हैं.

विशेषकर अगले दो दिनों तक राज्य के दक्षिणी भाग तथा इससे सटे जिलों में एक दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की आशंका है. इस दौरान राज्य में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से झौंकेदार हवा के भी चलने के आसार हैं. कुछ जिलों में वज्रपात होने की भी संभावना है. आइएमडी ने इन सभी मौसमी दशाओं से सतर्क रहने की सलाह दी है.

आइएमडी ने यूं तो पूरे राज्य में औरेंज और यलो श्रेणी की चेतावनी है,लेकिन खासतौर पर बेगूसराय, मुंगेर और बांका जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. यहां अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी दी गयी है. अति भारी बारिश की चेतावनी समस्तीपुर, खगड़िया,भागलपुर, जमुई और लखीसराय के लिए भी दी गयी है. शेष जिलों में सामान्य से भारी बारिश के आसार हैं.

आइएमडी के अनुसार कोसी,महानंदा ,पुनपुन और सोन सहित दक्षिण बिहार की नदियों में जल स्तर बढ़ने के आसार हैं. इससे जल जमाव ,यातायात सेवा और बिजली सेवा बाधित होने की



आशंका है. इधर शुक्रवार को राज्य भर में झोंके के साथ हवा बहने से गर्मी से लोगों को राहत मिली है.

राज्य में अब तक सामान्य से 34 प्रतिशत कम 346.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है. पिछले 24 घंटे में राज्य में शेखपुरा,नवादा, नालंदा, औरंगाबाद, भभुआ, पटना, भोजपुर, बांका, गया, सारण , मुंगेर और जमुई आदि जिलों के कुछ भागों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गयी है.

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन ने भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सभी डीएम को निर्देश दिया है कि अपने-अपने जिलों में अलर्ट मोड में रहे.लोगों को अलर्ट करते हुए मौसम खराब होने पर घरों में रहने की अपील करें. विभाग ने ठनका गिरने से हो रही मौत को देखते हुए टॉल फ्री नंबर, आपातकालीन नंबर जारी किया है. विभाग ने लोगों से अपील किया है कि वह किसी भी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0612-2294204, 205 और टॉल फ्री नंबर 1070 पर डायल कर सकते है. खेतों में काम करन वाले लोग खुद को सुरक्षित रखें और अलर्ट को देखते हुए खेतों में मौसम खराब होने पर नहीं जाये.

## मधेपुरा के स्कूल में मध्याह्न भोजन में मिला कीड़ा, परिजनों ने जमकर किया हंगामा : हेडमास्टर पर लगाए आरोप

**नयानगर (मधेपुरा), एजेंसी।** उदाकिशनगंज प्रखंड के नयानगर पंचायत स्थित सिंगारपुर बैरागी टोला उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एमडीएम में कीड़ा मिलने का मामला सामने आया है। मामला शुक्रवार की है, जहां मेन्यू के अनुसार, विद्यालय में बच्चों को खाना खाने के लिए दिया गया था। इसमें खाने के दौरान छात्र-छात्राओं की थाली में खाना खाने की बीच चावल में कीड़ा मिला।

इसके बाद स्कूली बच्चों ने अपने अपने अभिभावक को भी जब इस बात की जानकारी दी। इस पर विद्यालय परिसर में ही अभिभावकों ने हंगामा किया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक मनमानी करते हैं। विद्यालय में अराजकता की स्थिति है।



विद्यालय के शिक्षा सचिव के अध्यक्ष सीता देवी सचिव संगीता कुमारी ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से नहीं होती है। हमलोगों को कोई पता ही नहीं चलता है कि स्कूल में क्या-क्या होता है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक हस्ताक्षर कराने के लिए रजिस्टर घर पर भेज देते हैं।

मालूम हो कि गत कुछ दिन पहले भी प्रधानाध्यापक बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित थे। वहीं विद्यालय परिसर में कचरा फैला हुआ था। वहीं, ग्रामीण विनोद मंडल, कैलाश मंडल,लटूरन मंडल व अन्य ग्रामीण ने इस इस कीड़ा मिलने की जांच वरीय से मांग की है, क्योंकि इस विद्यालय में बारबार एमडीएम में कीड़ा मिलने की सूचना मिल रही है।

वहीं विद्यालय के एचएम सुनील कुमार सुमन ने कहा कि एमडीएम में कीड़ा नहीं मिली है। ग्रामीण वैसे ही आरोप लगा रहे हैं। वहीं कुछ अभिभावकों का कहना था कि रसोइया द्वारा चावल को सही ढंग से साफ सफाई नहीं किए जाने से ऐसी विकट स्थिति पैदा होती है।

## बाबाधाम के रास्ते पर चलते-चलते गिर रहे कांवड़िए, प्रशासन की बढ़ी चुनौती

**पटना, एजेंसी।** श्रावणी मेला में प्रशासन द्वारा किए गए दावे की पोल शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश में खुल गई. कांवरिया पथ में बारिश से बालू का बहाव हो गया और जगह-जगह फिसलन की स्थिति उत्पन्न हो गई. जिससे कई कांवरिया गिरकर चोटिल भी हो गये. जबकि कांवरिया मार्ग में दो सेंटीमीटर मोटाई के साथ बालू का बिछाव करना था. लेकिन अभिकर्ता द्वारा सही ढंग से बालू का बिछाव नहीं किया गया.



बारिश होने के बाद पूरे मार्ग में बालू कहीं नजर नहीं आ रहा है और सिर्फ मिट्टी ही नजर आ रही है. जिससे कांवरिया पथ कीचड़ में तब्दील हो गया. खासकर गोगाचक धर्मशाला एवं छत्रहार मोड़ के पास गोगाचक मुहल्ले के पास कीचड़ के कारण इतनी फिसलन हो गई है कि पैदल चलने वाले कांवरिया गिरकर चोटिल हो रहे हैं. इसके अलावा धोबई मोड़ के पास भी कीचड़ इतनी अधिक है कि दर्जनों कांवरिया गिरकर चोटिल हो गये.

हद तो यह है कि कांवरिया का पूरा पैर कीचड़ में सन जा रहा था. कांवरिया के गिरने की खबर जब प्रशासन को लगी तो प्रशासन हरकत में आयी और जहां फिसलन थी वहां पुलिस जवानों को लगाया गया. लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही. स्थानीय दुकानदार एवं कांवरिया ने फिसलन वाली जगह पर पेड़ की टहनी को रख दिया. जिससे कांवरियों को राहत मिली. धनबाद के संजय राय जो सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर देवघर जा रहे थे, उसने गोगाचक के पास इस स्थिति को देखकर घंटों बैठे रहे और कांवरियों की मदद करते रहे. उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा और जो व्यवस्था की गई है वह किसी ढंग से ठीक-ठाक है. लेकिन मार्ग में बालू का विछाव सही तरीके से नहीं किया गया है. जिसके कारण यह दुर्दशा बनी है. दर्जनों तीर्थ यात्री महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े इस कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं. उन्हें एक दूसरे कांवरिया सहयोग कर उठाते हैं. लेकिन शुक्रवार को अनवरत कांवरियों की भीड़ के कारण लोगों को अंदाजा नहीं रहता है कि किस जगह फिसलन है. यही कारण है कि कांवरिया गिरकर चोटिल हो रहे हैं. किसी के कमर में ज्यादा चोट है तो किसी के पैर में चोट लगी है.

## बेऊर जेल में बंद अपराधी ने पूर्णिया तनिष्क शोरूम लूटने वालों का बनवाया था फर्जी आधार कार्ड, हुए कई खुलासे

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के तनिष्क शोरूम से 3.70 करोड़ के ज्वेलरी लूटकांड को अंजाम देने से पहले फर्जी आधार कार्ड बनवाने का ठेका बेऊर जेल में बंद शिवम ने नवनीत सिंह को दिया था. इसके बाद लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों का पटना में फर्जी आधार कार्ड बनवाया गया था. इसी आधार कार्ड पर इन लोगों ने पश्चिम बंगाल से मोबाइल फोन व सिम कार्ड लिया था.

इस घटना को कुख्यात प्रशांत गौरव, चुनमुन झा सहित चार अपराधियों ने अंजाम दिया था. इन चारों के लिए फर्जी आधार कार्ड गोपालगंज निवासी आदित्य सिंह, गया निवासी साहिल सिंह, लखनऊ निवासी अंकित मिश्रा और डेहरी ओन सेन निवासी रौशन दुबे के नाम से बनाया गया था. इस आधार कार्ड को शिवपुरी स्थित लगन स्टूडियो के संचालक व दीघा के मिथिला कॉलोनी निवासी आयुष कुमार वर्मा ने बनाया था और अपराधियों से मोटी रकम ली थी.

बताया जाता है कि श्रीकृष्णापुरी थाने में दर्ज एक मामले में छह माह पहले बिट्टु सिंह और प्रशांत गौरव को भागलपुर जेल से रिमांड पर बेऊर जेल में लाया गया था. यहां उसकी मुलाकात सोना लूटेरा सुबोध सिंह से हुई थी. सुबोध सिंह ने इस काम को कराने की जिम्मेदारी शिवम सिंह को दी. इसी बीच सुबोध सिंह को



पश्चिम बंगाल अपने साथ ले गयी और बैरकपुर जेल में बंद कर दिया. शिवम सिंह ने आगे की योजना तैयार की और हाथीदह निवासी नवनीत सिंह और सुजीत उर्फ नत्था को अपराधियों के फर्जी आधार कार्ड तैयार करने को कहा. इस पर नवनीत ने आयुष से संपर्क किया और उसने चारों का फर्जी आधार कार्ड बना कर दे दिया.

शिवम कुख्यात अपराधी है और सात साल से बेऊर जेल में बंद है. पुलिस को जब फर्जी आधार कार्ड मिला तो जांच शुरू की और आयुष और नवनीत को गिरफ्तार किया गया. इसके बाद आयुष के लगन स्टूडियो से एक दर्जन से अधिक हार्ड डिस्क, मोबाइल और सिमकार्ड आदि बरामद किया गया. बेऊर जेल में सुबोध सिंह, चंदन प्रिंस, प्रशांत गौरव, बिट्टु सिंह ने मिलकर तनिष्क शोरूम में लूट की साजिश रची.

चंदन प्रिंस बीटेक पासआउट है. इधर, नवनीत और आयुष से पूछताछ करने के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है. फर्जी आधार कार्ड और अपराधियों से संबंध होने को लेकर शास्त्रीनगर थाना में मामले में आयुष कुमार, नवनीत कुमार, शिवम कुमार और सुजीत उर्फ नत्था पर केस दर्ज किया गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### पलामू पुलिस ने अपराधी विशाल चौधरी को किया गिरफ्तार, मुठभेड़ के दौरान लगी थी गोली

**पलामू, एजेंसी।** पलामू पुलिस ने एक बड़े अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है. विशाल चौधरी को अरेस्ट कर लिया गया है. उनकी गिरफ्तारी शुक्रवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद हुई. बताया जाता है कि मुठभेड़ के दौरान उन्हें गोली लगी थी, जिसके बाद वह एक जंगल में छिप गया था. पुलिस ने उसे लंबे समय तक चली खोजबीन के बाद धर दबोचा. फिलहाल वह मेदिनीनगर एमएमसीएच में भर्ती है. जानकारी के मुताबिक अपराधी विशाल चौधरी कई ज्वेलरी दुकानों की लूटपाट कांड में भी शामिल रहा है. इसके अलावा वह उग्रवादी संगठन के लिए भी काम कर चुका है. पुलिस को उसकी लंबे समय से तालाश थी. लेकिन वह हर बार पुलिस की चुंगल से बच निकलता था. पुलिस को उसके अलावा एक अपराधी की मोनू सोनी भी तलाश थी. लेकिन वह बच निकला. बताया जाता है कि वह कई अपराधिक घटनाओं का मास्टर माइंड रहा है. शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में वह भी शामिल था लेकिन वह मौके पाते ही फरार हो गया.

### भारी बारिश से रांची एयरपोर्ट के रन-वे पर भरा पानी, कई विमान लेट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची और देश की राजधानी दिल्ली में हुई भारी बारिश का असर रांची की विमान सेवा पर भी देखा गया. दिल्ली से रांची आने वाले कई विमान घंटों विलंब से यहां पहुंचे. विमानों के देरी से आने की वजह से रांची से विमानों ने देर से उड़ान भरी. विमान यात्रियों को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा. दिल्ली से 6 विमान शुक्रवार को विलंब से रांची पहुंचे. एयर इंडिया एक्सप्रेस का रांची-दिल्ली विमान सुबह 10ः20 बजे के स्थान पर 10ः41 बजे उड़ा. एयर इंडिया एक्सप्रेस का रांची-दिल्ली विमान दोपहर 1ः30 बजे के स्थान पर दोपहर 2ः14 बजे, इंडिगो का रांची-दिल्ली विमान दोपहर 2ः40 बजे के स्थान पर शाम 7ः28 बजे उड़ा. इसी तरह विस्तारा का रांची-दिल्ली के विमान ने विमान दोपहर 3ः40 बजे के स्थान पर शाम 4ः39 बजे, इंडिगो का रांची-दिल्ली विमान शाम 5ः30 बजे के स्थान पर शाम 6ः56 बजे व एयर इंडिया एक्सप्रेस का रांची-दिल्ली विमान शाम 6ः35 बजे के स्थान पर शाम 7ः22 बजे उड़ान भरी. इस बाबत एयरलाइंस के अधिकारी ने बताया कि बारिश व एयर ट्रैफिक के कारण विमान विलंब से पहुंचे और गये.

### सेवानिवृत्त माइनिंग सरदार के आवास पर डाका, पिस्टल का भय दिखा कर नगदी व 10 लाख का गहना ले भागे अपराधी

**तेतुलमारी, एजेंसी।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के पीएसटी स्टेशन मार्ग निवासी बीसीसीएल के सेवानिवृत्त माइनिंग सरदार मनी महतो के आवास में गुरुवार की रात अपराधियों ने डाका डाला. पिस्तौल का भय दिखाकर करीब दस लाख रुपये के सोने के जेवरात और नकद करीब एक लाख रुपये ले भागे. गृहस्वामी ने बताया कि अपराधियों ने आवास के मेन गेट में लगे ताले को तोड़कर घर में प्रवेश किया. उसके बाद मुख्य दरवाजे के बगल में सो रहे उन्हें तथा उनकी पत्नी कुंती देवी को पिस्तौल तथा छुरा का भय दिखाकर कब्जे में ले लिया. उसके बाद अपराधियों ने तीन कमरों में बक्शा, अलमारी तोड़कर सोने के जेवरात तथा नगद करीब एक लाख रुपये लेकर चलते बने. गृहस्वामी ने बताया कि घटना करीब 12-30 बजे रात की है. ढाई घंटे तक घर में रहकर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया. अपराधी नकाबपोश में थे और छह की संख्या में थे. घर में बुजुर्ग पति-पत्नी के अलावा एक छोटी बच्ची थी. गृहस्वामी के तीनों पुत्र बाहर में थे. मनी महतो ने बताया कि अपराधियों ने मारपीट की. लुटे गये आभुषणों में सोने का हार, चेन, कंगन, बाला, मोबाइल अन्य कीमती सामग्री शामिल हैं. सुबह गृहस्वामी के आवास पर लोगों की भीड़ जुट गयी. कुंती देवी रो-रो कह रही थी कि जीवन भर की कमाई अपराधी लूट कर ले भागे. इस घटना से वह काफी आहत हैं. घटना की सूचना पाकर रात में ही तेतुलमारी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की. शुक्रवार की सुबह भी गृहस्वामी के आवास पहुंचकर जांच पड़ताल की. इस मामले में तेतुलमारी थानेदार लव कुमार चौधरी ने कहा कि बाहर में है. घटना की सूचना मिली है.

# बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन, सभी उपायुक्तों को किया गया अलर्ट

**रांची, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से झारखंड के सभी जिलों के उपायुक्तों को अलर्ट किया गया है. मौसम विभाग ने कहा है कि 4 अगस्त से 2-3 दिन तक झारखंड में मौसम साफ रहेगा. भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र ने 3 अगस्त को भी तेज हवा और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. इसके मद्देनजर आपदा प्रबंधन विभाग ने भी लोगों से अलर्ट रहने को कहा है.

गुरुवार रात से शुक्रवार देर रात तक लगातार होती रही बारिश से पूरी राजधानी पानी-पानी हो गयी. न्यू शांतिपुरम, न्यू नगर बांधगाड़ी इलाके में पानी भर जाने से वहां रहनेवाले लोग अपने घर में ही बंधक बन गये. घर के बाहर रखी गाड़ियां आधी से अधिक डूब चुकी थीं. लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए एनडीआरएफ की टीम की मदद लेनी पड़ी.

अत्यधिक बारिश के कारण रांची-कुडू मुख्य मार्ग (ओल्ड एनएच-75) पर रातू से पहले बना डायवर्सन क्षतिग्रस्त हो गया है. इस पर वाहनों का प्रवेश और परिचालन रोक दिया गया है. मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार देर रात 1ः00 बजे से शुक्रवार की रात 8ः00 बजे तक रांची में



लगभग 145 मिमी बारिश हो चुकी थी. इसके बाद भी लगातार बारिश होती रही.

राजधानी रांची में इस वर्ष की यह सबसे अधिक बारिश है. राजधानी में शनिवार दोपहर बाद से मौसम में सुधार की उम्मीद है. मौसम विभाग ने शनिवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. मौसमर्मि वभाग के पूर्वानुमान के आधार पर मुख्यमंत्री ने राज्यभर के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को शनिवार को बंद रखने का निर्देश दिया है. आदेश के तहत केजी से लेकर 12वीं तक की सभी कक्षाएं स्थगित रहेंगी.

शुक्रवार को रांची, दुमका, जामताड़ा, देवघर, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, कोडरमा, खूंटी, पलामू, लोहरदगा, गुमला आदि जगहों में भारी बारिश हुई. कई इलाके जलमग्न हो गये और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. मौसम विभाग ने तीन अगस्त को भी कई जगहों पर भारी बारिश की संभावना जतायी है. पलामू, गढ़वा, लातेहार, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा आदि इलाके में गरज के साथ भारी बारिश हो सकती है.

इधर, रांची के तीनों डैम का जलस्तर बढ़ गया. वहीं, पोटपोटो और जुमार नदी उफान पर है. शहर के लगभग सभी नाले भर गये. हरमू मुक्तिधाम के पास पुल के ऊपर से पानी बहने लगा. कांके रोड कृषि भवन के सामने की सड़क तालाब बन गयी. उधर, हिंदपीढ़ी में कई घरों में बारिश का पानी घुस गया.

डेली मार्केट के पास नाले का गंदा पानी सड़क के बीच बहने लगा, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई. कचहरी के पास भी सड़क पर तालाब की स्थिति बन गयी. हरमू, विद्यानगर में पानी भर जाने से लोगों को दिक्कतें हुई. राजधानी के एसएस मेमोरियल कॉलेज, डोरंडा कॉलेज कैंपस सहित पीजी कॉमर्स विभाग के अंदर पानी भर गया. विद्यार्थी सहित शिक्षक बाहर निकल गये.

स्कूल खुला रहने के कारण छुट्टी होने के बाद विद्यार्थियों सहित अभिभावकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. सड़क पर जहां-तहां पानी का जमाव होने से वाहनों से जाम की स्थिति बनी रही. रातू रोड के कई निचले इलाके में डूब की स्थिति बन गयी. भारी बारिश से जहां रातू रोड, कांटाटोली व सिरमटोली-मेकन फ्लाइओवर का कार्य बाधित हो गया, वहीं सड़क पर पानी भर जाने से आने-जाने वालों को काफी मशक्कत करनी पड़ी.

पिछले 24 घंटे से लगतार हो रही बारिश के कारण संताल परगना में नदिया उफन पर हैं. खेत-खलिहान पानी से लबालब हैं. साहिबगंज में गंगा व गुमानी नदी उफान पर हैं. बासुकिनाथ के पास रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है. इससे दुमका व गोड्डा जानेवाली सभी ट्रेनें रद्द कर दी गयी हैं. मिर्जाचौकी में रेलवे फाटक के पास पासी टोला मुहल्ले में कई घरों में नालों का गंदा पानी घुस गया.

धनबाद में 24 घंटे से ज्यादा समय तक लगातार बारिश होने की वजह से शहर और आसपास के इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. कतरास में पांच दुकानें धंस गयीं. गोधर में गैस रिसाव से अंधेरा छा गया और आसपास के लोगों का सांस लेना मुश्किल होने लगा है. बीसीसीएल ने कोलियरियों को लेकर अलर्ट जारी कर अंडर ग्राउंड माइंस, नदी और तालाब के किनारे के ओपेन कास्ट माइंस को सजग रहने को कहा है. राज्य में बारिश हो रही है. ऐसे भी बहुत कम बारिश हुई थी. हम बारिश की उम्मीद कर रहे हैं. बारिश से नुकसान की सूचना आ रही है. सरकार इसको देख रही है. अगले एक-दो दिन और बारिश की संभावना है. इससे निबटने की तैयारी है.

## मधुबन में अभाविप की केंद्रीय कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक शुरू

**पीरटांड़, एजेंसी।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल पारसनाथ के मधुबन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की केंद्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय(तीन व चार अगस्त) बैठक शनिवार से शुरू होगी. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इस केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में अभाविप राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत, एस. बालकृष्ण, गोविंद नायक समेत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य तथा अभाविप के आयाम, कार्य, गतिविधि, कार्य विभाग के राष्ट्रीय प्रमुख तथा संयोजक के साथ-साथ मित्र राष्ट नेपाल के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. बैठक की शुरुआत शनिवार को पूर्वाह्न 9ः30 बजे होगी.विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यसमिति की यह बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण होगी. बैठक में विद्यार्थी परिषद की पिछली गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं का निर्धारण होगा. विद्यार्थी परिषद की इस केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण निर्णय होंगे. शिक्षा, समाज, वर्तमान परिदृश्य आदि विभिन्न विषयों सहित संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के बाद आगामी दिशा-योजना निर्धारित होगी तथा अभाविप के पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों के वृत्त तथा अनुभव पर चर्चा होगी. इस बैठक में विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में हो रहे परिवर्तन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की स्थिति, अभाविप की संगठनात्मक गतिविधियों पर संवाद के साथ शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलावों, देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 2024 में आयोजित होने के लिए प्रस्तावित छात्रसंघ चुनावों समेत परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के उपाय आदि अन्य प्रमुख बिंदुओं पर भी विचार विमर्श कर संगठनात्मक दिशा तय होगी.

# सरकारी जमीन पर बनाए कार्यालय, पैसा कहां से आया, हेमंत सोरेन का भाजपा से तीखा सवाल

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन भाजपा पर जमकर निशाना साधा। भाजपा विधायकों के भारी हंगामे और शोरगुल के बीच उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ राजनीतिक मोर्चा पर घेराबंदी की।

34 मिनट के संबोधन में उन्हें केंद्र की नीतियों पर भी प्रहार किया। उन्होंने राज्य के सभी जिलों में बनाए गए भाजपा कार्यालय पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई कार्यालय सरकारी और गैर मजरूआ भूमि पर बनाए गए। इस क्रम में हत्याएं भी हुई। सवाल उठाया कि ये हमें जेल में डालते हैं, लेकिन इन्हें बताना चाहिए कि सभी जिलों में भाजपा कार्यालय बनाने के लिए पैसा कहां से आया इनके पीछे सीबीआइ क्यों नहीं लगती है

भाजपा कार्यालयों की तस्वीरें दिखाते हुए उन्होंने कहा कि यह उनका कच्चा चिट्ठा है। पांच साल में इन्होंने



जमीन लूटी है। चोरी नहीं, डाका डालने का काम किया है। कुछ जिले में जमीन के लिए मर्डर हुआ। कहीं दो-दो मर्डर हुए। इनको जनता से कुछ लेनादेना नहीं है। ये छल-प्रपंच और झूठ-फरेब की दुकान चलाते हैं।

असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि उनके राज्य में लोग डूब रहे हैं और वे वोट के लिए यहां भ्रम फैला रहे हैं। हम उनके राज्य के लिए पैसे दे रहे हैं और ये झारखंड का भ्रमण करते हैं। ये असम से झारखंड को लूटने आए हैं। इनका असम से भी सफाया हो जाएगा।

भाजपा द्वारा नियुक्तियों को लेकर सदन में हंगामा करने पर आड़े हाथों लेते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि हमलोगों ने गैर सरकारी संस्थानों में एक लाख से अधिक लोगों को नियुक्ति दिया। सरकारी विभागों में हजारों नियुक्तियां हुई। कई जिलों में जाकर हजारों बच्चों को नियुक्ति पत्र अपने हाथ से दिया। आज ये बच्चे देश-विदेश में नौकरी और स्वरोजगार कर रहे हैं। सरकारी नौकरी में इन्होंने 20 साल में नियमावली नहीं बनाई। सारी नियुक्ति नियमावली हमारे शासनकाल में बनी। नियुक्तियों के लिए नियोजन और स्थानीय नीति बनाया।

उन्होंने कहा कि ये पीठ में छुरा मारते हैं। सामने से वार करने की क्षमता नहीं है। ये कोर्ट-कचहरी और गवर्नर के माध्यम से सरकार को ध्वस्त करना चाहते थे। नियोजन नीति के खिलाफ भाजपा का एक सक्रिय कार्यकर्ता कोर्ट गया। ये हमको रोकने का काम करते हैं। हमने कानून बनाया तो उसे असंवैधानिक बताते हैं और ये करते हैं तो संवैधानिक बताते हैं। हमने पहली बार वैज्ञानिक नियुक्ति किए। रिम्स में ग्रेड ए की नर्सों की नियुक्ति निकाली।लिपिक लेखा पदाधिकारी की नियुक्ति की।हेमंत सोरेने ने कहा कि नियुक्तियों मे यहां के 83 प्रतिशत आदिवासी-मूलवासी को नियुक्त किया। कइयों में 100 प्रतिशत नियुक्ति इन्हीं लोगों की हुई। इनको आइना दिखाएंगे। पंचायत सचिव, पंचायत कर्मचारी, आइटीआइ प्रशिक्षक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, पशु चिकित्सक, आयुष शिक्षक, उद्यान पदाधिकारी नियुक्त नियुक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग सिर्फ समय बर्बाद करेंगे। ये लोग इसे अंतिम सत्र सत्र कह रहे, लेकिन यह अनवरत चलने वाला सत्र है। महिला सशक्तीकरण के लिए हमने दस हजार करोड़ दिए। कोरोना में एक आइसीयू बेड नहीं था।

## झारखंड में फिर बह गया पुल, बोकारो से रांची के लिए नहीं चली एक भी बस, लोग परेशान



**गोमिया, एजेंसी।** झारखंड में दो दिन से हो रही भारी बारिश की वजह से कई पुल-पुलिया ध्वस्त हो गए. शुक्रवार की देर रात रांची के रातू रोड में गरगा नदी पर बना डायवर्सन बह गया, तो शनिवार को सुबह-सुबह बोकारो जिले में बोकारो नदी पर बना पुल बह गया. इसमें एक ग्रामीण के भी पानी में बह जाने की सूचना है.

जिले के गोमिया प्रखंड में करोड़ों की लागत से बना पुल बह गया. होसिर पंचायत और सियारी पंचायत को जोड़ने वाला पुल सुबह-सुबह बह गया. मुखिया ने बताया कि गोमिया प्रखंड में लगातार 24 घंटे से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसकी वजह से बोकारो नदी का जलस्तर बढ़ गया. नदी की तेज धार में पुल का एक हिस्सा टूटकर बह गया.मुखिया ने बताया कि एक व्यक्ति पानी में बह गया. एक अन्य ग्रामीण बहने से बच गया. बोकारो जिले के गोमिया और पेटरवार पथ को जोड़ने वाले इस पुल के बह जाने की वजह से आवागमन पूरी तरह से ठप है. नदी उफनाई हुई है, जिसकी वजह से पेटरवार और हजारीबाग के बीच आवागमन ठप हो गया है.झारखंड की राजधानी रांची जाने वाली एक भी बस आज बोकारो से नहीं चली. रांची जाने वाले लोगों को बसों के नहीं चलने की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

## बारिश से बढ़ा जलाशयों का जलस्तर, कांके डैम में खतरे के निशान से केवल दो फीट कम है पानी

**रांची, एजेंसी।** रांची में शुक्रवार को हुई बारिश से डैमों का जलस्तर भी बढ़ा है. कांके डैम में खतरे के निशान से सिर्फ दो फीट पानी कम है. इस डैम का अधिकतम जलस्तर 28 फीट है. शुक्रवार की देर रात तक इसका जलस्तर बढ़कर 26 फीट एक इंच हो गया है.

राजधानी की 80 फीसदी आबादी को पानी पहुंचाने वाला रुक्का डैम का जलस्तर बढ़कर 24 फीट 5 इंच हो गया है. इस डैम की अधिकतम क्षमता 36 फीट है. पिछले वर्ष 02 अगस्त को डैम में 18 फीट 2 इंच पानी था. फिलहाल इस डैम में छह फीट अधिक पानी है.

इधर, हटिया डैम में पिछले वर्ष की तुलना में 5 फीट पानी कम है. वर्तमान में रांची के हटिया डैम का जलस्तर लगभग 20 फीट है. पिछले वर्ष दो अगस्त को इस डैम में 25 फीट पानी था. इस डैम की अधिकतम क्षमता 39 फीट है. मौसम विभाग के अलर्ट के बाद रांची नगर निगम सक्रिय हो गया. आने वाले दिनों में तेज बारिश की संभावना को देखते हुए जलजमाव और यातायात में बाधा उत्पन्न होने जैसी परिस्थिति बन सकती है. निगम ने मौसम को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की



अपील की है. साथ ही इलाके में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल सूचना निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 या 8141231235 पर देने की अपील की गयी है. नगर निगम की ओर से कहा गया कि सूचना देने के बाद जलजमाव वाले मोहल्ले में निगम की टीम जायेगी निगम ने लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी हो, तभी बारिश के बची घरों से निकलें.

रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला ने राजधानी में जलजमाव के लिए रांची नगर निगम की लचर व्यवस्था को जिम्मेवार ठहराया है. उन्होंने कहा कि रांची के नाला और नाली की सफाई के लिए कोई विशेष अभियान नहीं चला. रांची नगर निगम केवल दावे करता रहा. निगम के दावे की वास्तविक स्थिति क्या है, वह आज बारिश के बाद सामने आ गयी. निगम की पोल खुल चुकी है. आगे से निगम को इस कार्य पर फोकस करने की जरूरत है. नहीं, तो हमेशा ऐसे स्थिति उत्पन्न होगी.

# जोरिया में बाढ़, करमाटांड़ कॉलोनी के 400 परिवार घरों में कैद

**जोरिया, एजेंसी।** जोरिया पुल पर काफी ऊपर तक बह रहा है पानी, सुबह बच्चे नहीं जा पाये स्कूल दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से बलियापुर प्रखंड के कहालडीह जोरिया में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है. पुलिया से काफी ऊपर तक पानी बह रहा है. इसके कारण बीसीसीएल करमाटांड़ कॉलोनी में रहने वाले लगभग 400 परिवार घरों में कैद हो गये हैं. कॉलोनी के लोगों का राशन-पानी लेने के लिए निकलना मुश्किल हो गया है. कॉलोनी के बच्चे जोरिया में बाढ़ के कारण शुक्रवार को स्कूल नहीं जा पाये. कॉलोनी आनेवाले वाहनों का आवागमन बंद हो गया है. वैकल्पिक रास्ता नहीं रहने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.



जमुनिया नदी उफान पर, एबीओसीपी में उत्पादन प्रभावित झमझाम बारिश से बाघमारा में जमुनिया नदी उफान पर है. माटीगढ़ा डैम में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. बारिश से एकीकृत ब्लॉक दो ओसीपी माइंस में 30-40 प्रतिशतउत्पादन प्रभावित हो गया है. हाइवाल माइंनिग फेस में पानी भरने से कोयला का उत्पादन बाधित हो गया है. हालांकि पानी निकासी के लिए हैवी मोटर पंप लगाया गया है. हॉल रोड पर फिसलन का खतरा बढ़ने से ट्रांसपोटिंग भी प्रभावित है. सुरक्षा को लेकर मशीनों को ग्रीन जोन में खड़ा कर दिया गया है. आउटसोर्सिंग कंपनी अंबे माइनिंग एवं खेमका कैरियर में भी उत्पादन बाधित है.

एक तरफ महिलाओं की सुरक्षा को लेकर धनबाद पुलिस लगातार अभियान चला रही है. इसके लिए टोल फ्री नंबर तक जारी किया गया है. बावजूद इसके धनबाद में महिलाओं की सुरक्षित नहीं हैं. राह चलते उनके साथ छिनतई और चेन स्नेचिंग जैसी घटनाएं होती हैं. इस वजह से महिलाओं का घर से बाहर निकलना दुभर हो गया है. महिलाएं बाहर निकलती भी हैं तो चेन पहनने से परहेज करती हैं. ऐसा नहीं है कि अपराधी सिर्फ सोने की चेन ही छिनते हैं. कई बार सोने की चेन जैसी दिखने वाली रोल गोल्ड की चेन भी अपराधी छीन लेते हैं. अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि वे राह चलती महिलाओं के गले में हाथ डालते हैं और चेन छीनकर फरार हो जाते हैं. इस दौरान कई महिलाएं गिरकर जख्मी भी हो जाती हैं. कुछ माह पहले ही झाड़ूडीह में रहने वाली एक महिला का चेन छीनने का प्रयास किया गया और महिला के सिर पर गंभीर चोट लगी थी. धनबाद में पिछले कई सालों से बाइकर्स गैंग महिलाओं से चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहा है. चेन छीनने के बाद अपराधी फरार हो जाते हैं, पुलिस न तो उन्हें चिह्नित कर पाती हैं और न ही उन्हें गिरफ्तार कर पाती है.

## झमाझम बारिश से उत्पादन-डिस्पैच प्रभावित

**धनबाद, एजेंसी।** झमाझम बारिश का असर बीसीसीएल-इसीएल के कोयला उत्पादन पर भी पड़ा है. बीसीसीएल में 80 फीसदी से ज्यादा व इसीएल में 70 फीसदी से ज्यादा कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ है. इधर दो दिन से हो रही बारिश के कारण भूमिगत व खुली खदानों में पानी भरने के खतरे को देखते हुए बीसीसीएल व ईसीएल प्रबंधन ने हाई अलर्ट जारी किया है.

नदी के किनारे स्थित खुली व भूमिगत खदानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया है. मुख्यालय से लेकर कोलियरी स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित कर दिया गया है, जो हर घंटे की रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेज रहा है. हालांकि बीसीसीएल में बारिश के कारण किसी घटना-दुर्घटना की सूचना नहीं है. भू-धंसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्र होने कारण कारण भारी बारिश से कोयलांचल में गैस रिसाव और भू-धंसान की घटनाएं भी बढ़ गई हैं. लगातार झमाझम बारिश से इन इलाकों में गैस रिसाव का खतरा बढ़ गया है. इसे लेकर बीसीसीएल विशेष सतर्कता बरत रही है.

सूचना के मुताबिक बीसीसीएल के दामागोडिया में सर्वाधिक 109 एमएम, वहीं बस्ताकोला, कुसुंडा व लोदना में 85 एमएस से अधिक बारिश दर्ज की गयी है. तेज बारिश के कारण करीब 80-90 फीसदी तक कोयला उत्पादन पर असर पड़ा है. बीसीसीएल जहां रोज प्रथम पाली में 35-40 हजार टन कोयला उत्पादन करती है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## यकीनन गर्व के क्षण

एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के लिए ये यकीनन गर्व के क्षण हैं, जो मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने मुहैया कराए हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्द्धा का कांस्य पदक कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड को समेटे हुए है। 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग श्रेणी में कांस्य जीतकर मनु पहले ही निशानेबाजी में देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं और अब इस नई कामयाबी के साथ एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने का राष्ट्रीय गौरव भी उनके हिस्से आ गया है। निशानेबाजी के मिश्रित वर्ग में भी ओलंपिक पदक जीतने वाली यह पहली भारतीय जोड़ी है। निस्संदेह, इन तमगों के पीछे मनु और सरबजोत जैसे खिलाड़ियों के जुनून, समर्पण और अनथक परिश्रम का सर्वाधिक योगदान है, मगर एक बड़ी भूमिका खेलों को लेकर बदले सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य की भी है। देश की आर्थिक समृद्धि ने सरकारों को जहां इस क्षेत्र में अधिक निवेश की सहूलियत दी, वहीं समाज ने भी खेल-कूद से जुड़े अपने पुराने जुमलों को बदला है। परिणाम सामने है। आज हम दहाई अंक में ओलंपिक पदकों की उम्मीद बांध रहे हैं, तो मनु भाकर का शानदार आगाज इस अपेक्षा को मजबूत आधार दे रहा है। देश में किसी भी क्षेत्र में प्रतिभाओं की कभी कोई कमी नहीं रही, सीमाएं संसाधन और समाज के स्तर पर थीं। मगर 1983 में क्रिकेट विश्व-कप की जीत ने देश की मनोदशा पर जादुई असर डाला। उस जीत ने देशवासियों के बीच विजेता खिलाड़ियों की निजी पहचान ही स्थापित नहीं की थी, बल्कि उन्हें मिले अभूतपूर्व सम्मान ने देश के कोने-कोने से हजारों प्रतिभाओं को प्रेरित किया कि खेलों के जरिये वे भी प्रतिष्ठा कमा सकते हैं। फिर जब बाजार खिलाड़ियों को आर्थिक संबल देने आगे बढ़ा, तो पेशेवर करियर के रूप में क्रिकेट को अपनाने की सोच मजबूत हुई और आज यह खेल सैकड़ों नौजवानों का भविष्य संवार रहा है, बल्कि अब तो बड़ी तादाद में बेटियां भी इसमें भविष्य देखने लगी हैं। हम क्रिकेट में आज पहली कतार में इसलिए हैं कि इसने अपने लिए एक पेशेवर तंत्र खड़ा कर लिया है, जो खिलाड़ियों की कमी नहीं पड़ने देता। उनके हितों की निगहबानी करता है। यही दृष्टिकोण एथलेटिक्स में चाहिए ।यह सुखद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत दिलचस्पी ने खेल-कूद के प्रति सार्वजनिक प्रयासों को एक नई ऊर्जा दी है।

## बेहतर आपसी तालमेल

जापान की राजधानी तोक्यो में हुई क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को इस मायने में अहम कहा जा सकता है कि सदस्य देशों के बीच अलग-अलग वजहों से कुछ दूरी आने की आशंकाएं निराधार साबित हुईं। बैठक में हुई चर्चा, इस दौरान हुई द्विपक्षीय बैठकें और आखिर में जारी साझा बयान- सबसे यह स्पष्ट संदेश गया कि सदस्य देशों के बीच न केवल आपसी तालमेल कायम है, बल्कि साझा लक्ष्यों और उनकी ओर बढ़ने के तरीकों को लेकर भी किसी तरह का संशय या उलझन नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले दिनों हुई रूस यात्रा के बाद यह इन देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक थी। उनकी रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी हलकों में कुछ बेचैनी देखी गई थी। न केवल यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस पर अपनी नाखुशी जाहिर की थी, बल्कि अमेरिका की ओर से भी सार्वजनिक बयानों के जरिए यह संकेत दिया गया था कि इस यात्रा को लेकर वह सहज नहीं है। यही नहीं खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़े मसले को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जिस तरह उछाला गया, उससे भी इन अटकलों को बल मिला कि अमेरिका और भारत के रिश्तों में पहले जैसी समझ शायद नहीं है। ऐसे में स्वाभाविक ही कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनाई जाने लगी थी कि क्वाड देशों की बैठक में किसी न किसी रूप में दरार झलकेगी। लेकिन विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने पहले ही संबोधन में स्पष्ट कर दिया कि क्वाड की जरूरत और उसकी अहमियत को कोई दो राय हो ही नहीं सकती। अन्य देशों के भी स्वर ऐसी ही स्पष्टता लिए हुए थे। पूर्व और दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता के कारण उत्पन्न हो रही स्थितियों से निपटने की जरूरत और उसके तरीकों को लेकर किसी भी तरह का असमंजस या दुविधा नहीं दिखाई दी। यही नहीं, यूक्रेन युद्ध के मसले पर सभी देशों के सुर में सुर मिलाते हुए भारत ने एक कदम आगे बढ़ने में भी कोई हिचक नहीं दिखाई। गौर करने की बात है कि साझा बयान में यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में दिया गया संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान का हवाला इस मायने में भी अहम है कि यूक्रेन युद्ध पर जारी भारत के राष्ट्रीय बयान में इसका जिक्र नहीं है।

## दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसा- सवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के मौलिक अधिकार का है!

(अजय बोकिल)

*यह इस बात का भी परिचायक है कि हम भारतीयों के लिए पुस्तकालय का कितना महत्व है? किताबें हमारे घरों अथवा इमारतों में कहां जगह पाती हैं? इस हादसे के बाद सोया प्रशासन और बेपरवाह सरकार भी जागी है। देरी से जागने वालों में वो अफसर भी हैं।*

भारत में शिक्षा कोचिंग के दुष्चक्र में फंसे छात्र छात्राओं द्वारा हर साल आत्महत्याओं की बात नई नहीं है, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में एक नामी कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने से तीन भावी आईएएस बनने के इच्छुकों का बेमौत मारा जाना दरअसल तीनों की समूचे असंवेदनशील तंत्र द्वारा की गई हत्या है। इस घटना ने पहली बार यह मुद्दा शिद्दत से उठाया है कि आखिर छात्रों के भी मौलिक अधिकार हैं और उनकी हर हाल में रक्षा की जानी चाहिए। दरअसल, मानवीय गरिमा से रहित माहौल में रहकर किसी परीक्षा को पास कर लेना भी अपने आप में नैतिक अपराध है। ऐसी ही एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अविनाश दुबे ने देश के सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर गुहार की है कि वो छात्रों के मौलिक अधिकारों को संरक्षित करें। यह अधिकार स्वस्थ वातावरण में जीते हुए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का है। हालांकि, देश में छात्रों के कुछ मौलिक अधिकार तो पहले से हैं। ये है शिक्षा का अधिकार, समान व भेदभाव रहित अवसरों का अधिकार, सूचना व निर्भीक अभिव्यक्ति का अधिकार। लेकिन शिक्षा के व्यवसायीकरण ने इन अधिकारों में स्वस्थ और तनाव रहित वातावरण में अध्ययन का अधिकार भी शामिल हो गया है। यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गिने- चुने कोचिंग संस्थानों को छोड़ दें तो अधिकांश में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लाखों छात्र किन हालात में जी रहे हैं, किस तरह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी ठीक से मुहैया हैं या नहीं, इन पर शायद ही किसी का ध्यान जाता हो। खुद छात्रों और उनके अभिभावकों का ध्यान भी ज्यादातर इसी बात पर रहता है कि बच्चे का किसी तरह अच्छी नौकरी अथवा शिक्षा संस्थान में सिलेक्शन हो जाए बाकी बातें गौण हैं। कुछ दिनों की तकलीफ है। अंत भला तो सब भला। वो इस बात को भी दरकिनार कर देतें हैं कि कोचिंग संस्थान मोटी फीस लेने के बदले कैसी सेवाएं दे रहे हैं। ये कोचिंग संस्थान केन्द्र सरकार की उस गाइड लाइन का पालन कर भी रहे हैं या नहीं, जो ऐसे कोचिंग संस्थानों में आधारभूत सुविधाएं तथा सेवाएं देने के लिए बनाई गई हैं। हालांकि इसमें वो मानसिक दबाव शामिल नहीं है, जिसके कारण हर साल कई बच्चे बीच कोचिंग में ही आत्महत्या कर न केवल खुद की जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं बल्कि उन मां बाप को भी जीवन भर का जख्म दे जाते हैं, जो किसी तरह पेट काटकर अपने लाडले या लाडली को कुछ बनाने के लिए मुंह मांगा पैसा खर्च करते हैं। शिक्षा और कोचिंग सेंटर्स का कारोबार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग का कारोबार और इसके पीछे का मनोविज्ञान भारत में अब एक विशाल उद्योग और कारोबार का रूप ले चुका है। कोचिंग भी मुख्यतः दो तरह की होती है। पहली नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तो दूसरी श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए। ये सिलसिला शिक्षण संस्थान में प्रवेश से लेकर अच्छी नौकरी पाने तक जारी रह सकता है। देश में आज 68 हजार 118 रजिस्टर्ड कोचिंग संस्थान चल रहे हैं और इनमें हर साल करीब 3 लाख छात्र कोचिंग लेते हैं। अनरजिस्टर्ड कितने हैं, इसकी जानकारी नहीं है। राजस्थान का कोटा शहर सबसे बड़ा कोचिंग हब है, जहां 146 कोचिंग सेंटर हैं। कोचिंग संस्थान छात्रों को परीक्षा पास कराने के लिए अपने यहां अच्छे ट्यूटर, पेपर सॉल्व करने की तकनीक, विषयवार अध्यापन, मॉक इंटरव्यू आदि आयोजित करने का दावा करते हैं। ये तस्वीर पेंट की जाती है कि उनके यहां एडमिशन लेने पर जन्नत का द्वार खुल जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं के नतीजे आने के तत्काल बाद अखबारों में कोचिंग संस्थानों के बड़े-बड़े विज्ञापन छपते हैं, जिसमें सफल छात्रों की तस्वीरें और रैंक छापकर नए क्लायंट्स को आकर्षिक किया जाता है। ये कोचिंग में ऑन लाइन और ऑफलाइन दोनों होती हैं। ऑफ लाइन विद्यार्थियों के रहने के लिए होस्टल, मेस तथा लायब्रेरी सुविधा होने का भी दावा किया जाता है। लेकिन हकीकत में ये सुविधाएं कहां और कितनी गुणवत्तापूर्ण होती हैं, यह बड़ा सवाल है। कई जानकारों का मानना है कि अगर स्कूल कॉलेजों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए तो कोचिंग संस्थानों की अमरबेल पनप ही नहीं सकती। लेकिन वो एक अलग कहानी है। एक अनुमान के अनुसार आज भारत में कोचिंग उद्योग आज 58 हजार करोड़ रू. का है, जो 15 फीसदी सालाना की दर से बढ़ रहा है। अगले चार सालों में इसके 1.33 लाख करोड़ रु. का हो जाने की संभावना है। कारण वही कि ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी नौकरी और बेहतर शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना चाहते हैं, क्योंकि यही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। हालांकि इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि कोचिंग उद्योग करीब 10 लाख लोगों को रोजगार भी दे रहा है। इन सबके बावजूद दिल्ली की घटना शायद अपने आप में पहली ऐसी हिला देने वाली घटना है, जिसमें जिसमें एक किताबघर ही मौत के घर में तब्दील हो गया हो। इस भयंकर हादसे में जान गंवाने वाले तीनो विद्यार्थी श्रेया यादव, तान्या सोनी और नेविन डेल्विन अपने- अपने राज्यों से दिल्ली इस उम्मीद में आए थे कि वो कोचिंग लेकर यूपीएससी की कठिन परीक्षा पास कर आईएएस बनेंगे। लेकिन सिस्टम की लापरवाही ने उनके सपनो पर पहले ही गंदा पानी फेर दिया। आश्चर्य की बात तो यह है कि दिल्ली के राजेन्द्र नगर में जिस प्रतिष्ठित राउज आईएएस कोचिंग सेंटर में यह सब हुआ, उसे देश का पहला कोचिंग सेंटर माना जाता है। इसकी स्थापना 1953 डॉ. एस राव ने राजनीति विज्ञान की कोचिंग के रूप में कनाट प्लेस में की थी। बाद में यहां यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों की कोचिंग भी शुरू हुई। अब इस कोचिंग संस्थान के मालिक अभिषेक गुप्ता हैं। संस्थान का ध्येय वाक्य है 'शिक्षा कभी बेकार नहीं जाती। 'इस संस्थान का दावा है कि 2024 में यूपीएससी में सफल छात्रों में से 281 छात्र राउज स्टडी सर्कल के हैं। शायद यही कारण है कि बच्चे इस संस्थान की बेसमेंट में बनी असुरक्षित लायब्रेरी में भी बैठकर पढ़ने में मशगूल थे और जब अचानक नाले का पानी वहां भरने लगा तो बच कर बाहर भी नहीं निकल सके। क्योंकि बिजली नहीं होने से बाहर निकलने का गेट भी जाम हो गया था। यहां सवाल यह भी है कि बेसमेंट जहां अमूमन पार्किंग, स्टोर आदि होता है।

## नगरों का प्रबंधन न हो जाए जानलेवा

(के के पाण्डेय, प्रोफेसर, शहरी प्रबंधन, आईआईपीए)

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक के बाद एक हो रहे हादसे शहरी नियोजन की गंभीर कमियों की ओर इशारा कर रहे हैं। राजेंद्र नगर की घटना में, जिस पुस्तकालय में अचानक पानी भर जाने से तीन छात्र-छात्राओं की डूबकर मौत हो गई, उसे बेसमेंट में चलाने की अनुमति ही नहीं थी। इसी तरह, बीती 22 जुलाई को मध्य दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रहे एक नौजवान की इसलिए मौत हो गई, क्योंकि उसने जल भरे रास्ते से बचने के लिए एक लोहे के गेट को पकड़ लिया था, जिसमें खुले तारों की वजह से करंट दौड़ रहा था। पिछले साल मुखर्जी नगर में एक कोचिंग संस्थान में लगी आग में 60 से अधिक बच्चे घायल हो गए थे, जबकि जहां उनको पढ़ाया जा रहा था, वह स्थान छात्रों की संख्या के हिसाब से काफी छोटा था। साफ है, प्रशासनिक चूक बच्चों के जीवन पर भारी पड़ती दिखी है। इस चूक का खामियाजा महज पीड़ित परिवार नहीं भुगतते, बल्कि राष्ट्र को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ती है, क्योंकि किसी भी देश के लिए मानव संसाधन बेशकीमती होता है। बहरहाल, ऐसे मसलों पर किसी सियासी आरोप-प्रत्यारोप में उलझे बिना हमें यही सुनिश्चित करना है कि इसका उचित समाधान हो। यह तय करना ही होगा कि कोई भी अव्यवस्था किसी की जान पर भारी न पड़े। इसके लिए हमें 'अर्बन रिन्यूअल पॉलिसी', यानी शहरों के नवीनीकरण की नीति बनानी होगी। वास्तव में, आज भीड़भाड़ वाले अनेक क्षेत्र शहरों के मध्य में आ गए हैं, जबकि वहां का बुनियादी ढांचा आज की जरूरत के हिसाब से नहीं है। वहां नियम-कायदों के पालन में भी काफी दिक्कतें पेश आती हैं। लिहाजा, वहां या तो पूरी तरह रद्दोबदल करते हुए नया ढांचा विकसित किया जाए, अन्यथा जरूरत के हिसाब से मौजूदा ढांचे में ही अपेक्षित सुधार किए जाने चाहिए। ऐसे क्षेत्रों को तकनीकी शब्दावली में 'कोर सिटी एरिया' कहते हैं। इनकी आर्थिक क्षमता काफी अधिक होती है, लेकिन अनियोजित विकास और पुराने बुनियादी ढांचे की वजह से इनकी आबादी की सघनता, क्षमता और जरूरी बुनियादी सुविधाओं में कोई मेल नहीं बैठ पाता। दिल्ली सरकार ने ही पिछले दिनों एक अध्ययन के हवाले से बताया था कि राजधानी में ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए काफी निवेश की जरूरत है। देखा जाए, तो बारापुला, नजफगढ़ और यमुना पार के इलाके को तीन अलग-अलग भागों में बांटकर जल-निकासी की व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। अभी इन तीनों इलाकों की जल-निकासी व्यवस्थाओं में कोई सामंजस्य नहीं है। यहां प्राकृतिक जल-निकासी से आंखें मूंद ली गई हैं। सवाल उठाए जाते हैं कि इस तरह के व्यवस्थागत बदलाव के लिए पैसे कहां से आएंगे? वास्तव में, हमारे पास पैसों की उस तरह कमी नहीं है, जितनी बताई जाती है। जिस तरह से सरकारें मुफ्त की रेवड़ियां बांटती हैं, उसका अगर एक हिस्सा ही ऐसे ढांचागत कार्यों में नियमित रूप से खर्च किया जाए, तो लोगों को काफी राहत मिल सकती है। मुफ्त की रेवड़ियों का ही असर है कि जनहित सेवाओं के संचालन अथवा प्रबंधन में जिस तरह पैसे खर्च करने की जरूरत होती है, उतना सरकारों के पास नहीं बच पाता और उनको केवल आपात स्थिति के लिए अपनी तैयारी रखनी पड़ती है। राजेंद्र नगर हादसे में ही घटना के बाद तमाम तरह की कमियों की बात सामने आई है। आलम यह है कि जल व्यवस्था को ही दुरुस्त करने के लिए आवश्यक पाइपों की मरम्मत और प्रतिस्थापना का काम नियमित तौर पर नहीं हो रहा, जबकि यह आवश्यक माना जाता है। शहरी ढांचे की बेहतरी या नवीनीकरण का काम मूलतः नगर निकायों का है, लेकिन संबंधित विभागों में जरूरी समन्वय बन ही नहीं पाता। दिल्ली में ही जल-आपूर्ति का मामला दिल्ली जल बोर्ड के पास है, तो जल-निकासी की व्यवस्था नगर निकाय के हवाले। ऐसे में, जब तक स्थानीय निकायों पर पूरी तरह से समन्वय की जिम्मेदारी नहीं डाली जाएगी, तब तक इस तरह की समस्या बनी रहेगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5451


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5450

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5451



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. इस प्रसिद्ध हास्य कवि की जन्म तारीख व निधन होने की तारीख एक ही है जन्म 18 सितंबर व निधन 18 सितंबर (6)
7. राजीव, पुरानी फिल्मों के गीतकार (3)
8. भगवान श्रीगणेश के नामों में से एक (4)
10. गीत, तराना (3)
11. ह्दय, मन, अंतःकरण (2)
12. परस्पर निर्वाह करना, बुहारना (3)
16. शोधलेख, शोधपत्र, शोधरचना (3)
18. यह सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की एक प्रसिद्ध दूत काव्य है (4)
21. शब्द, वाणी, बोली (3)
22. पुराणानुसार पांचवां लोक जहां मनुष्य रहते है, सर्वसाधारण (2)
23. यह कृष्ण-भक्ति शाखा की प्रमुख कवयित्री है (2)
25. दीवार में छेद करके या सेंध लगाके चोरी करने वाला (5)
26. श्रीराम के भाई भरत के ज्येष्ठ पुत्र का नाम जिन्होंने गांधार में तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. विवाह के पूर्व कुमारी अवस्था में उत्पन्न हुआ पुत्र (3)
2. असर पैदा करने वाला, प्रभाव करने वाला (4)
3. पाचन क्रिया, पाचन शक्ति (3)
4. सूर्य का सारथी होने के कारण अरूण का एक नाम (5)
5. टांका मारना, सिलाई करना, वक्षस्थल (2)
6. समस्त, कुल, सब (3)
9. अगर, जो (2)
13. महाराष्ट्र का यह शहर गोदावरी नदी के समीप स्थित है, पंचवटी वन इसके समीप है (3)
14. दक्षिण अमेरिका में बहने वाली विश्व की सबसे बड़ी नदी (4)
15. पिता के पिता को यह कहा जाता है (2)
17. हिफाजत से रखा हुआ, सुरक्षित(4)
19. गड़गड़ाहट, गर्जन, मेघनाद (3)
20. शिष्टता, विवेक, सभ्यीकरण (3)
24. जंघा, जांघ (2)

### वर्ग पहेली 5450 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ले | शि | या | ■ | शा | य | द |
| हे | ■ | का | ता | ■ | द | क्ष | ■ |
| श | ह | र | या | र | ■ | ■ | वा |
| भू | ल | ■ | त | ह | की | का | त |
| प | क | ना | ■ | म | ल | य | ज |
| ति | ■ | म | ■ | दि | ■ | र | ■ |
| ■ | ■ | व | की | ल | ■ | ■ | मू |
| पु | का | र | ना | ■ | ने | पा | ल |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। जो लोग रिसर्च और विज्ञान से जुड़े हैं उनका दिन नई योजनाएं बनाने में बीतेगा। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपके लिए सफलता के संयोग बन रहे हैं।

### वृष
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। आपका आर्थिक संकट दूर होगा और किस्मत आपका साथ देगी। काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। किसी कार्य के लिए आपको शहर से बाहर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको छोटे मोटे काम के लिए समय निकालना पड़ सकता है।

### कर्क
आज दिन लाभ प्रदान करने वाला माना जा रहा है। उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से आपके कार्य सफल होंगे और आप अपने करियर मे आगे बढ़ पाएंगे। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा और आपकी किस्मत चमकेगी।

### सिंह
आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं और आपके लिए उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे। अध्ययन और आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। आपको आज बिजनस के मामले में कोई फैसला लेने से पहले विशेष रूप से सावधान रहने की जरूरत है।

### मिथुन
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपका मन शुभ कार्य में लगेगा। आपके घर में किसी शुभ कार्य का आयोजन हो सकता है। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य सफल होंगे। जीवन स्तर को सुधारने के लिए कुछ खास प्रयास कर सकते हैं।

### कन्या
आज दिन सम्मान से भरा होगा और आपका दिन लाभ से भरा होगा। अगर आप किसी प्रकार की ट्रेडिंग करते हैं या फिर शेयर बाजार से जुड़े हैं तो आपको लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा।

### तुला
आज दिन काफी व्यस्तता में बीतेगा और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। आपकी मेहनत सफल होगी और आपको करियर में विशेष लाभ होगा। किसी प्रकार की उलझन और चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं। आपको लाभ होगा और कार्य पूर्ण होंगे।

### वृश्चिक
आज दिन काफी बिजी रहेगा और आपको रोजाना से अधिक काम करना पड़ सकता है। आपको किसी प्रकार की अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। तब जाकर आपको सफलता मिलेगी। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होगा। आपके लिए लाभ के योग बने हैं और धन सम्मान में वृद्धि होगी।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा और आप बिना वजह काफी परेशान रहेंगे। कुछ परेशान आपकी अपनी वजह से हो सकती हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों के कारण आपको परेशानी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं। अपने काम पर ध्यान दें और किसी से फालतू की बात न करें।

### कुंभ
आज भाग्य साथ देगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। आपकी कोई नवीन योजना सफल होगी और कारोबार में आपको लाभ होगा। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें। आपके लिए समय बहुत अनुकूल है। मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

### धनु
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे और आपकी खुद की नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखने से आपको लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है। व्यर्थ की मान बढ़ाई से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें।

### मीन
आज दिन चिंता फिक्र और परेशानी वाला रहेगा। आपको कारोबार में बिक्री न होने से चिंता परेशान करेगी। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय में यदि आप सुधार करना चाहते हैं तो आपको आलस्य और आराम का त्याग करना पड़ेगा। ऐसा करने से आपको लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009



# स्टॉक मार्केट मिथक जो युवाओं को नहीं बनाने देते करियर

यदि आप भी उन लोगों में से एक हैं जो स्टॉक मार्केट में करियर बनाना चाहते हैं, लेकिन इन बातों को सुनकर अपने कदम आगे नहीं बढ़ा पा रहे, तो हम आपको बता दें कि आपको आधा-अधूरा सत्य बताया गया है। आम तौर पर लोग अपनी गलतियों को नहीं गिनाते। यहां पर लोगों के पैसा डूबने का मुख्य कारण अत्यधिक लालच, जानकारी का अभाव, जल्दबाजी, रिसर्च का अभाव, रिस्क मैनेजमेंट न करना आदि होता है। शेयर बाजार में करियर उतना ही फायदेमंद है, जितना अन्य दूसरे फील्ड।

## स्टॉक मार्केट बिजनेस नहीं, जुआ है

स्टॉक मार्केट की प्रतिष्ठा को जुए, सट्टे और अटकलों का बाजार कहा जाता है। इस तरह की गलत सूचनाओं को उन लोगों द्वारा फैलाया जाता है, जो रातो-रात अपने पैसे को चौगुना करने के प्रयास में अपने हाथ जला चुके हैं। यहां भी किसी अन्य व्यवसाय की तरह, आपके मन में उचित जोखिम-वापसी की अपेक्षा होनी चाहिए। धन सृजन एक धीमी और स्थिर प्रक्रिया है। इसलिए, लोगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि, वे अपनी बचत को अच्छी कंपनियों में बुद्धिमानी से लगाएं और गर्वित शेयरधारक बनें। स्टॉक मार्केट ऐसे लोगों के लिए केवल एक जुआ है जो रातों-रात पैसा कमाना चाहते हैं और जल्दी पैसा कमाने के लिए दांव लगाते हैं।

## स्टॉक मार्केट में हाई रिस्क

इस मार्केट में कमाई का पूरा खेल इक्विटी होल्डिंग में शामिल जोखिम और रिटर्न पर निर्भर करता है। शेयरों की कीमतों में हर दिन और कभी-कभी हर घंटे उतार-चढ़ाव आता है। हालांकि, अगर हम कुछ वर्षों का रिटर्न देखें तो कुल मिलाकर रिटर्न एक महीने या एक साल की अवधि में प्रदर्शित आंकड़ों से कहीं अधिक होगा। यह आपके लिए धैर्य यहां सफलता की कुंजी है।

## स्टॉक मार्केट करियर एक स्थिर पेशा नहीं

प्रतिमाह निश्चित सैलरी पाने वाले लोग स्टॉक मार्केट को एक्स्ट्रा आय स्रोत के रूप में देखते हैं। लोग अपने जीवन में नियमित और निश्चित सैलरी चाहते हैं, लेकिन स्टॉक मार्केट से जुड़े लोग ऐसा नहीं सोचते हैं। वे हर दिन अपने करियर को नई दिशा देते हैं।

## स्टॉक मार्केट करियर केवल विशेषज्ञों के लिए

किसी भी स्किल में महारत हासिल करने में समय लगता है और ऐसा ही स्टॉक मार्केट के साथ भी है। वर्तमान समय में, पर्सनल इनवेस्टर्स स्टॉक मार्केट में सबसे बड़े भागीदार हैं। वित्त वर्ष 2023 में डीमैट खातों की कुल संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। खुदरा निवेशक 2022 में इक्विटी कैश मार्केट में कुल वॉल्यूम का 45 फीसदी योगदान करते हैं, जो 2016 में 33 फीसदी था। यह आंकड़े एक और मिथक को खारिज करते हैं।



# पेपर बैग बनाओ और लाखों रुपये कमाओ

**जब से भारत सरकार ने प्लास्टिक और पॉलिथीन की बनी थैलियों पर पाबन्दी की घोषणा की है तभी से कई सारे राज्यों में इसके इस्तेमाल पर काफी हद तक बैन लग चूका है। प्लास्टिक से बनी थैलियाँ इस कदर हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है की उन्हें पूरी तरह बंद करना काफी मुश्किल काम है और ये तभी संभव हो पायेगा जब इन पॉलिथीन की थैलियों का कोई विकल्प हमारे सामने होगा। तो इसका सबसे अच्छा विकल्प है पेपर बैग।**

पेपर बैग का चलन हमारे देश में बड़ी तेज़ी के साथ बढ़ रहा है। और वो दिन दूर नहीं जब दुकानों, शौपिंग मॉल व हर जगह आपको सिर्फ पेपर बैग ही दिखाई देंगे। इस समय मार्केट में पेपर बैग की मांग बहुत ज्यादा है तो ऐसे में अगर आप खुद का बिज़नस शुरू करने की सोच रहे है तो ये आईडिया आपके लिए बहुत ज्यादा फ़ायदे वाला साबित हो सकता है क्योंकि इस बिज़नस में कम्पीटीशन बहुत कम है और अगर आपने सही दिशा में जी तोड़ मेहनत कर ली तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

## व्यापार का अवसर एवं क्षेत्र

प्लास्टिक थैलियों के मुकाबले पेपर बैग दिखने में काफी स्टाइलिश होते है। और बड़े शहरों में लोगो के बीच इसका क्रेज बढ़ता जा रहा है। निम्न जगहों पर पेपर बैग बहुत ज्यादा प्रचलित हैं – किराने की दुकानों पर, शोपिंग मॉल में, मेडिकल स्टोर्स पर, फ़ल व सब्जियों की दुकानों पर पेपर बैग की मांग इतनी तेज़ी से बढ़ रही है की आने वाले कुछ सालों में पेपर बैग मेकिंग बिज़नस अरबों रुपयों का हो जायेगा। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है की ये इको-फ्रेंडली होने के साथ-साथ बहुत सस्ते भी है। पेपर बैग को आसानी से रीसाइकिल किया जा सकता है और वातावरण को इससे ज़रा भी नुकसान नहीं होता है। इसीलिए जितनी जल्दी आप यह बिज़नस स्टार्ट करोगे आपको उतना ही ज्यादा प्रॉफिट होगा।

## व्यापार के लिए जगह का चुनाव

किसी भी व्यापार के लिए सही जगह का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। बिज़नस शुरू करने से पहले कुछ बातों की पूरी जानकारी लेना बहुत जरुरी है क्योंकि अगर एक बार मशीनें इनस्टॉल हो गई तो उन्हें वापस से दूसरी जगह इनस्टॉल करना बहुत भरी पड़ सकता है। इसके लिए आप निम्नलिखित बातों को अवश्य ध्यान में रखें

- पेपर बैग मेकिंग बिज़नस के लिए जगह ऐसी लोकेशन पर हो कि आसपास के लोगों को मशीनों की आवाज़ से कोई परेशानी न हो। इसके लिए आप शहर कुछ दूरी पर जगह का चुनाव करें ध्यान रहे उस जगह की शहर से ज्यादा दूरी न हो।
- उस जगह से शहर तक सड़क की अच्छी व्यवस्था हो।
- माल लाने व ले जाने के लिए गाडियों के पहुचने की व्यवस्था हो।
- पानी व बिजली की व्यवस्था हो।
- मजदूर आसानी से उपलब्ध हो।

## व्यापार पंजीकरण

पेपर बैग व्यापार शुरू करने से पहले अपने बिज़नस को रजिस्टर करवाना बिलकुल भी न भूले। इसके लिए आपको अपने कस्बे या शहर की नगर-पालिका/नगर-निगम से ट्रेड लाइसेंस व साथ ही भारत सरकार की और से ज़ारी की जाने वाली उद्योग आधार संख्या के लिए आवेदन करना होगा।

## मशीनों की जानकारी

पेपर बैग बनाने के लिए मार्केट में कई सारी अलग अलग कंपनियों की मशीने उपलब्ध है। जिनमे से कुछ स्वचालित है तो कुछ को आपको खुद को ही चलाना होगा। ऐसी भी बहुत सारी मशीनें है जो पेपर बैग बनाने के साथ साथ उन पर प्रिंटिंग की सुविधा भी देती है। इन्ही सब खूबियों की वजह से इनकी कीमतों में अंतर है। पेपर बैग बनाने की मशीन की कीमत 3 लाख रूपए से लेकर 20 लाख रूपए तक हो सकती है। जितनी महँगी मशीन होगी पेपर बैग का उत्पादन व गुणवत्ता उतनी ही अच्छी होगी। मशीन को आप ऑफलाइन या ऑनलाइन दोनों तरीकों से खरीद सकते है।

## आवश्यक कच्चा माल

पेपर बैग बनाने के लिए कई तरह के कागजों का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ कागज़ अच्छी क्वालिटी वाले तो कुछ बहुत ही हल्के होते है। अगर आप शोपिंग मॉल को ध्यान में रखते हुए पेपर बैग बना रहे है जहाँ ग्राहकों द्वारा एक साथ कई सारे सामान, कपड़े और ग्रोसरी खरीदी जाती है तो आपको अच्छी गुणवत्ता वाला कागज़ ही इस्तेमाल करना होगा। अगर आप सस्ता विकल्प ढूंड रहे है तो कागज़ के लिए अख़बार का इस्तेमाल भी कर सकते है लेकिन यह आपके ब्रांड की वैल्यू मार्केट में कम कर देगा। यह आपको निश्चय करना है की आप कौनसा कागज़ इस्तेमाल में लेते हो। पेपर बैग बनाने के लिए ये चार चीज़े अत्यधिक आवश्यक है- पेपर रोल, चिपकाने के लिए गौद, छपाई के लिए प्रिंटिंग इंक, बैग स्ट्रिप।

## पेपर बैग बनाने की प्रक्रिया

पेपर बैग बनाने का काम पूर्णतया मशीन द्वारा ही किया जाता है। सिर्फ एक व्यक्ति जो मशीन चलाना जानता हो आसानी से उस मशीन को ऑपरेट कर सकता है। आपको केवल एक बार जरुरी पेपर रोल, गौद, छपाई के लिए प्रिंटिंग इंक मशीन में लगानी है उसके बाद मशीन स्वत- ही अपना काम करने लगती है।

## कुल लागत का गणित

अगर आप छोटे स्तर पर यह काम शुरू करना चाहते है तो आपको मशीन के लिए कम से कम 3 से 5 लाख खर्च करने पड़ेगें। मशीन के आलावा भी अन्य कच्चा मॉल, जगह का किराया, बिजली का बिल, मज़दूर की तनख्वाह, ट्रांसपोर्टेशन का खर्चा मिलाकर इसकी कुल लागत 6 से 7 लाख रूपए तक पड़ेगी।

## मार्केटिंग एंड प्रमोशन

अपने बिज़नस की मार्केटिंग या प्रमोशन के लिए आप ऑनलाइन या ऑफलाइन तरीका अपना सकते है। ऑफलाइन मार्केटिंग या प्रमोशन के लिए आप अपने शहर के साथ-साथ नजदीकी शहरों या कस्बों में शोपिंग मॉल, किराने की दुकानों, फ़ल व सब्ज़ियों की दुकानों, मेडिकल स्टोर्स आदि पर जा कर अपने प्रोडक्ट्स के बारे में बता सकते है। इसके लिए आपको विजिटिंग कार्ड और पम्पलेट जिसमें अपने प्रोडक्ट की सारी खूबियाँ व मूल्य व्यवस्थित रूप से निर्धारित किये गए हो की ज़रूरत पड़ेगी। ऑफलाइन मार्केटिंग करने से पहले आपको खुद को इसके लिए तैयार करना होगा। उन सवालों के जवाब आपको पहले से ही तैयार रखने होंगे जो आपके कस्टमर्स आप से पूछ सकते है।

कहने का मतलब ये है कि ऑफलाइन मार्केटिंग करने से पहले एक अच्छे इंस्टिटयूट से मार्केटिंग की जरुरी स्किल जरुर सीख लें। और अगर आपके पास बजट ज्यादा है तो मार्केटिंग के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति को नौकरी पर भी रख सकते है। ऑनलाइन मार्केटिंग या प्रमोशन के लिए कई सारे तरीके उपलब्ध है।

वर्तमान में लोगों के बीच इन्टरनेट की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए अपने प्रोडक्ट की मार्केटिंग या प्रमोशन के लिए यह सबसे अच्छा विकल्प है। ऑनलाइन मार्केटिंग का सबसे अच्छा फायदा यह है की इन्टरनेट की मदद से घर बैठे आप पूरी दुनिया में अपने प्रोडक्ट का प्रमोशन कर सकते हो और इसमें होने वाला खर्चा भी ना के बराबर है। तो बिलकुल भी देर मत कीजिये और पेपर बैग किंग बनने की दिशा में अपना पहला कदम जल्दी से जल्दी बढाइये।





# ये हैं कंप्यूटर साइंस वालों के लिए टॉप करियर ऑप्शन लाखों में मिलती है सैलरी

कंप्यूटर साइंस में बीटेक करना हर युवा का सपना होता है। वहीं, यदि आप अभी भी इस बात को लेकर कन्फ्यूजन में हैं कि कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग के बाद क्या करें, तो यहां कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के बाद कुछ बेहतरीन करियर हैं। कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट्स के लिए कई करियर ऑप्शन हैं और इससे करियर ग्रोथ भी ज्यादा होती है। कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट पब्लिक और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में नौकरियां पा सकते हैं।

## सॉफ्टवेयर डेवलपर

एक फुल-स्टैक सॉफ़्टवेयर डेवलपर सॉफ़्टवेयर प्रोग्राम बनाने के बेसिक काम में शामिल होता है। वे ऐसे एप्लिकेशन या प्रोग्राम बनाते हैं जो कंपैटिबल होते हैं ताकि सॉफ़्टवेयर को किसी भी डिवाइस पर देखा और आसानी से संभाला जा सके और देखने के लिए बहुत पोर्टेबल हो।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर

C, C++, C#, Java, Python और कई अन्य प्रोग्रामिंग भाषाएं हैं जिनकी सही कमांड की आवश्यकता होती है। इसलिए यह करियर बी-टेक छात्र के लिए कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के बाद सबसे अच्छे करियर में से एक माना जाता है। एआई जैसी नई टेक्नोलॉजी की प्रगति के बावजूद, सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मांग और आवश्यकता वर्ष 2050 तक भी बरकरार रहेगी।

## डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर मौजूदा सॉफ़्टवेयर मॉडिफिकेशन की जाँच करता है। यह एक आवश्यक जिम्मेदारी है क्योंकि इसमें बहुत सतर्क रहना और कंपनी डेटाबेस और उसकी गुणवत्ता पर नियंत्रण बनाए रखना शामिल है। बैंकिंग, बीमा और सर्विस कंपनियों जैसे संगठन, एलिजिबल डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर को अच्छी जॉब देते हैं।

## कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर

कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर विभिन्न कंप्यूटर हार्डवेयर कॉम्पोनेंट्स जैसे राउटर, सर्किट बोर्ड और मेमोरी डिवाइस का विकास, डिजाइन और परीक्षण करता है। इस काम के लिए टेक्निकल एक्सपर्टीज और क्रिएटिविटी के बीच अच्छे सहयोग की आवश्यकता होती है। यह सुनिश्चित करना उनका काम है कि हार्डवेयर ठीक से काम कर रहा है।

## सिस्टम एनालिस्ट

कंप्यूटर सिस्टम एनालिस्ट, इनफॉरमेशन सिस्टम के प्रत्येक संगठन का डीप एनालिसिस करने और उचित सुधार का सुझाव देने के लिए मौजूद होता है। बढ़ते आईटी बिज़नेस के साथ, कंप्यूटर सिस्टम एनालिस्ट की मांग भी बढ़ रही है। फाइनेंस कंपनियों, सरकार, बीमा आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के कई अवसर हैं।

## कंप्यूटर नेटवर्क आर्किटेक्ट

कंप्यूटर नेटवर्क आर्किटेक्ट लोकल एरिया नेटवर्क, वाइड एरिया नेटवर्क, एक्स्ट्रानेट और इंट्रानेट के साथ नेटवर्किंग और कंप्यूटर प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी को डिजाइन, स्थापित और प्रबंधित करता है। काम डेटा प्रोसेसिंग और सहयोग के संदर्भ में संगठनों की इच्छाओं को पहचानना है।

## वेब डेवलपर

वेब डेवलपर्स के पास पेज लेआउट, वेबसाइट स्टाइलिंग और पेज फीचर्स की मदद से किसी विशेष वेबसाइट पर विज़िटर के अनुभव को ढालने का एक आकर्षक काम है। एक वेब डेवलपर को HTML, CSS, JavaScript जैसी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की उचित समझ होनी चाहिए और यह समझना चाहिए कि एक सर्वर विभिन्न डिवाइस के साथ कैसे काम करता है। पूरी दुनिया में वेब डेवलपर्स की भारी मांग है। अगले दस वर्षों में इसके 13ब बढ़ने का अनुमान है।

## प्रोजेक्ट मैनेजर

कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के बाद यह सबसे अच्छे करियर में से एक है। प्रोजेक्ट मैनेजर का काम प्रोग्रामिंग टीम के प्रयासों को एक साथ लाना है और परियोजनाओं को पूरा करने के लिए उनके काम का समर्थन करना है। एजुकेशन से लेकर स्वास्थ्य तक, लगभग हर उद्योग को प्रोजेक्ट मैनेजर की आवश्यकता है। इसलिए इस सेक्टर में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

# राजनीतिक विज्ञान में बनाएं कॅरियर



**पारंपरिक करियर विकल्पों में राजनीति विज्ञान यानी पॉलिटिकल साइंस का महत्व सदाबहार कहा जा सकता है। यह विषय समाज शास्त्र का एक हिस्सा है। इसके अंतर्गत प्रशासन की विभिन्न प्रणालियों और दुनिया भर में मौजूद राजनैतिक तंत्रों व उनकी नीतियों को पढ़ाया जाता है। इसमें अध्यापन-कार्य से लेकर शोध, चुनाव व कानून से जुड़े कार्यक्षेत्रों में काम किया जा सकता है। इस समय राजनीति विज्ञान के जानकार युवाओं की पॉलिटिकल व इंटेलिजेंस एनालिस्ट या कंसल्टेंट्स के तौर पर सेवाएं ली जा रही हैं।**

देश के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर पर इस विषय पर आधारित कोर्सेज उपलब्ध हैं। इसलिए यह कहना कुछ हद तक सही है कि अन्य कोर्सेज की तुलना में इसमें दाखिला पाने के लिए ज्यादा मारामारी की स्थिति नहीं है। हालांकि, बेहतर मुकाम पाने के लिए इस विषय में उच्च अध्ययन की ओर रुख करना काफी महत्व रखता है। दूसरे पारंपरिक कोर्सेज की तुलना में करियर को संवारने के कहीं ज्यादा अवसर इस विषय की पढ़ाई के जरिये हासिल किए जा सकते हैं। अकादमिक और शोध कार्यों में दिलचस्पी दिखाने वाले छात्रों को देशी-विदेशी संस्थानों की स्कॉलरशिप हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए। इसके जरिए उन्हें आगे चलकर अध्यापन के बेहतर अवसर मिलेंगे।

स्कूल और कॉलेज में अध्यापन और शोध कार्यसहित अन्य क्षेत्रों में मौके होने के साथ ही हाल के वषों में कुछ नए करियर विकल्प भी उभरे हैं। इनमें से कुछ हैं-

पॉलिटिकल एनालिस्ट – राजनीति विज्ञान में पारंगत अनुभवी विशेषज्ञों के लिए यह काफी महत्वपूर्ण करियर कहा जा सकता है। इनका काम मुख्य रूप से राजनैतिक निर्णयों/सरकारी नीतियों आदि पर समीक्षात्मक टिप्पणी करना और उनकी कमियों को उजागर करना है। ये बतौर विशेषज्ञ, पॉलिटिकल पार्टियों की नीतियों और चुनावी घोषणाओं पर भी अपने विचार देते हैं।

**सोशल मीडिया मैनेजर** – आम जनता के बीच जनमत तैयार करने या किसी खास राजनैतिक दल के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करने जैसे कार्यों को बखूबी अंजाम देने में इस विषय की पृष्ठभूमि वाले लोगों को काफी उपयोगी माना जाता है। यही कारणहै कि सोशल मीडिया से जुड़ी नौकरी पाने में राजनीति शास्त्र के जानकार को ज्यादा परेशानी नहीं होती है।

**पॉलिटिकल कंसल्टेंट्स** – इनका काम चुनावी दंगल में प्रत्याशियों के लिए अधिकाधिक मत पाने की योजना तैयार करना और उन्हें सफलता के साथ लागू करना होता है। यह समझ जनता के साथ लंबे समय से संपर्क में रहने के बाद विकसित होती है। सामाजिक और आर्थिक स्थितियों का अच्छा जानकार होना इस संदर्भ में महत्वपूर्ण कहा जा सकता है।

**इंटेलिजेंस एनालिस्ट**- राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों की विचारधारा को समझते हुए उनके बारे में रिपोर्ट बनाना, इनके कार्य के दायरे में आता है। ऐसे विशेषज्ञ प्राय- अप्रत्यक्ष तौर पर काम करते हैं।

मार्केट सर्वे एक्सपर्ट- बड़ी-बड़ी कंपनियां भी अपना नया उत्पाद बाजार में उतारने से पहले ऐसे विशेषज्ञों का सहारा लेती हैं, ताकि उन्हें समय-समय पर प्रतिक्रियाएं मिलती रहें। इस प्रकार वे अपने उत्पाद की त्रुटियों को न सिर्फ समझ सकते हैं, बल्कि उनमें समय रहते सुधार कर दोबारा मार्केट में उतार सकते हैं।

**वकील के तौर पर करियर**- राजनीति शास्त्रकी पृष्ठभूमि वाले युवाओं के लिए एलएलबी करना सही रहता है। इनके लिए मुकदमों की बारीकियों को समझना आसान होता है। वहीं जनसंचार के क्षेत्र में ऐसे सफल पत्रकारों की कमी नहीं है, जिनके पास राजनीति विज्ञान की डिग्री है। ऐसे अवसर प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में मिल सकते हैं।

**पाठ्यक्रम**

यह बताने की जरूरत नहीं है कि राजनीति विज्ञान कोई नया विषय नहीं है। इससे जुड़े कोर्सेज भी पुराने या परंपरागत कहे जा सकते हैं। दसवीं के बाद ही प्राय- एक स्वतंत्र विषय के रूप में राजनीति विज्ञान की पढ़ाई शुरू हो जाती है। ग्रेजुएशन स्तर पर बीए/बीए (ऑनर्स) कोर्स का प्रमुख तौर पर उल्लेख किया जा सकता है। आमतौर पर इन तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में मेरिट के आधार पर ही नामी विश्वविद्यालयों में प्रवेश दिया जाता है। इसके बाद मास्टर्स और पीएचडी तक की डिग्री हासिल की जा सकती है। दूरस्थ शिक्षा और मुक्त विद्यालयों से भी इस विषय की पढ़ाई विभिन्न विश्वविद्यालयों के माध्यम से की जा सकती है।

## व्यक्तित्व में क्या हो खास

इस क्षेत्र में ऐसे युवाओं को करियर बनाने के बारे में सोचना चाहिए, जिनको देश-विदेश में चल रही राजनैतिक उथल-पुथल और सामयिक मामलों के बारे में जानने की गहरी दिलचस्पी हो। देश के बदलते राजनैतिक घटनाक्रम पर पैनी नजर और इसके सामाजिक एवं आर्थिक कारणों को समझने की दृष्टि और उनके आधार पर भावी राजनैतिक आहटों को समझने की क्षमता भी इस क्रम में एक विशिष्ट गुण कहा जा सकता है। इसके अलावा तथ्यों और तर्कों के आधार पर नीतिगत निर्णयों को समझने की काबिलियत को भी कम महत्वपूर्ण नहीं कहा जा सकता है। इस क्षेत्र के पेशेवरों में संवाद कौशल, भाषा पर नियंत्रण आदि का होना भी काफी मायने रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 30 हजार सरकारी स्कूलों को मिलेगी मुफ्त बिजली, सरकार ने दिया बड़ा तोहफा

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने बुनियादी सुविधाओं में सुधार के कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में लगभग 30,000 सरकारी स्कूलों को मुफ्त बिजली दी जाएगी। हाल ही में पदोन्नत हुए शिक्षकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तीन बार चुनाव जीता क्योंकि उन्होंने सरकारी स्कूलों में सुधार किया और गरीबों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की। रेवंत रेड्डी ने कहा कि जब स्कूलों के बिलों का भुगतान नहीं किया गया तो ऊर्जा विभाग की ओर से बिजली की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। उन्होंने कहा, 'जब किसानों को मुफ्त बिजली दी जाती है और गरीबों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाती है तो उन स्कूलों में मुफ्त बिजली क्यों नहीं दी जा सकती जहां तेलंगाना का भविष्य तैयार हो रहा।' उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों को तेलंगाना के 30,000 स्कूलों को मुफ्त बिजली प्रदान करने का निर्देश दिया और इसका खर्च सरकार वहन करेगी। इस बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार विदेश जाने वाले छात्रों की प्रारंभिक यात्रा का खर्च वहन करेगी। साथ ही, आईआईटी सहित शीर्ष शिक्षण केंद्रों में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले विद्यार्थियों की शिक्षा का खर्च भी उठाएगी। मुख्यमंत्री ने यह बात सरकारी स्कूलों के उन छात्रों की सराहना करते हुए कही, जो भारत और विदेश दोनों में प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई करने के लिए तैयार हैं। सरकारी स्कूलों के ऐसे 461 छात्रों को बधाई देने के लिए चेन्नई में आयोजित एक समारोह में कहा, 'स्कूल शिक्षा विभाग की पहल के बिना हम यह उपलब्धि हासिल नहीं कर सकते थे।'

### जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटाओ तुरंत, ममता बनर्जी की सीतारमण को दो टूक

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा में जीएसटी लगाने की आलोचना की। ममता ने इस मसले पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा और आग्रह किया कि वे जीवन इन पर से 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला तुरंत वापस लें। उन्होंने पत्र में कहा कि जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा का मुख्य उद्देश्य बीमारी, दुर्घटना और अकाल मृत्यु जैसे अप्रत्याशित हालात में वित्तीय सुरक्षा और सहायता देना है। बनर्जी ने एक दिन पहले भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर केंद्र स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाने के फैसले को वापस नहीं लेता है तो पार्टी आंदोलन शुरू करेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने पत्र में कहा, मैं बहुत दुख के साथ आपको जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों/ उत्पादों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने और नयी कर व्यवस्था में आयकर अधिनियम की धारा 80सी और 80डी के तहत कटौती वापस लेने के बारे में लिख रही हूं, जो मेरे हिसाब से बेहद जनविरोधी है। उन्होंने कहा कि बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाए जाने से आम लोगों पर वित्तीय बोझ बढ़ता है। बनर्जी ने कहा, यह अतिरिक्त बोझ कई व्यक्तियों को नई पॉलिसी लेने या अपने मौजूदा बीमा कवरेज को जारी रखने से रोक सकता है, जिससे अप्रत्याशित वित्तीय संकट को लेकर जोखिम बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि पुरानी कर व्यवस्था में उपलब्ध आयकर अधिनियम के प्रोत्साहनों को वापस लेने से भी आम लोगों की परेशानी बढ़ रही है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने सीतारमण से जनविरोधी कराधान नीतियों की समीक्षा करने और जीवन बीमा तथा स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने का अनुरोध किया है। बनर्जी ने कहा कि जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने और नयी कर व्यवस्था में ऐसे प्रीमियम पर आयकर अधिनियम की धारा 80सी और 80डी के तहत कटौती शामिल करने से व्यापक बीमा कवरेज की सुविधा मिलेगी। आप इस अनुरोध को पूरी गंभीरता से लेंगी.... मुझे सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद है। गौरतलब है कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी वापस लेने की मांग उठाई है।

# युवा पीढ़ी पर है देश को नई ऊचाईयों पर ले जाने की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को रामनगर स्थित पी.एन.जी.पी.जी. कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित सर्वोदय-2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऐसा संगठन है जो संस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के लिये समर्पित है। देश का भविष्य युवा पीढी के हाथ में है। उन्होने कहा कि युवा पीढ़ी पर देश को नई ऊचाई और विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की जिम्मेदारी है, उन्होने छात्र राजनीति को नये भारत के निर्माण मे योगदान देने वाला बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने, रामनगर में मीडिया सेंटर बनाने, पेयजल के 40 नलकूपों को उर्जायुक्त किये जाने, पालिका इलाकों में नई सीवर लाइन, बालिका संकाय में कक्षा कक्ष निर्माण और महा विद्यालय के खेल मैदान को बेहतर बनाने की घोषणा की। रामनगर में समाज सेवा तथा सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देने वाले 5 समाज सेवियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन में उन्हे छात्रों की ऊर्जा देखकर अपने विद्यार्थी जीवन का स्मरण हो रहा है। आज पूरी दुनिया भारत को आशा भरी निगाह से देख रही है। इसके पीछे मुख्य योगदान हमारी युवा शक्ति का है। जब इतनी बड़ी शक्ति देश निर्माण में अपना योगदान दे रही तो वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व के देशों का भी मार्गदर्शन करेंगा। हमें छात्र राजनीति भविष्य में कैसी होनी चाहिए इस पर चिंतन करना होगा, क्योंकि आने वाले भविष्य में युवा छात्र ही देश का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ मार्ग में बीते दिनों प्राकृतिक आपदा से जन जीवन प्रभावित हुआ है। वहा फंसे लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है। राहत और बचाव के कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिला प्रशासन एनडीआरएफ सेना और अन्य सुरक्षा टीम बचाव कार्य कर रही है। धाम में फंसे लोगों को हैली सेवा के माध्यम से सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में लगातार बेहतर विकास कार्य हो रहे हैं। समाज के अन्तिम पक्ति में खडे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होने कहा कि नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा सतत विकास सूचकांक की रिपोर्ट जारी की गई है पूरे देश में उत्तराखंड सतत विकास सूचकांक की सूची में प्रथम स्थान पर है। यह राज्य सरकार द्वारा राज्य के समग्र विकास में की जा रही पहल को भी दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले तीन साल में बिना किसी भेदभाव, बिना किसी पेपर लीक, बिना किसी रिश्वत या सिफारिश के 16 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दिये जाने का कार्य किया है। राज्य सरकार व शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाये जाने के लिये हमेशा प्रयत्नशील रही है तथा हर क्षेत्र में हर वर्ग के लोगो के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। आज हमारी सरकार ने नकल माफियाओं के विरुद्ध सख्त नकल विरोधी कानून का प्रावधान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश प्रगति के नये आयाम प्राप्त कर रहा है। देश विश्व में प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से उत्तराखण्ड के विकास को नई दिशा मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन और उसकी महत्ता के प्रति पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राधानमंत्री ने सभी देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम थीम पर अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने की अपील की है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार रूप देने के लिए उत्तराखण्ड में हरेला लोकपर्व के अवसर पर एक माह तक वृक्षारोपण किया जाएगा। राज्य में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में बेहत्तर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, छात्र संघ अध्यक्ष पीयूष जोशी, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एसएसपी पीएन मीणा, एडीएम शिव चरण द्विवेदी, सहित कई पदाधिकारी छात्र छात्राये मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने, रामनगर में मीडिया सेंटर बनाने, पेयजल के 40 नलकूपों को उर्जायुक्त किये जाने, पालिका इलाकों में नई सीवर लाइन, बालिका संकाय में कक्षा कक्ष निर्माण और महा विद्यालय के खेल मैदान को बेहतर बनाने की घोषणा की। रामनगर में समाज सेवा तथा सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देने वाले 5 समाज सेवियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन में उन्हे छात्रों की ऊर्जा देखकर अपने विद्यार्थी जीवन का स्मरण हो रहा है। आज पूरी दुनिया भारत को आशा भरी निगाह से देख रही है। इसके पीछे मुख्य योगदान हमारी युवा शक्ति का है। जब इतनी बड़ी शक्ति देश निर्माण में अपना योगदान दे रही तो वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व के देशों का भी मार्गदर्शन करेंगा। हमें छात्र राजनीति भविष्य में कैसी होनी चाहिए इस पर चिंतन करना होगा, क्योंकि आने वाले भविष्य में युवा छात्र ही देश का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ मार्ग में बीते दिनों प्राकृतिक आपदा से जन जीवन प्रभावित हुआ है। वहा फंसे लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है। राहत और बचाव के कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिला प्रशासन एनडीआरएफ सेना और अन्य सुरक्षा टीम बचाव कार्य कर रही है। धाम में फंसे लोगों को हैली सेवा के माध्यम से सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में लगातार बेहतर विकास कार्य हो रहे हैं। समाज के अन्तिम पक्ति में खडे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होने कहा कि नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा सतत विकास सूचकांक की रिपोर्ट जारी की गई है पूरे देश में उत्तराखंड सतत विकास सूचकांक की सूची में प्रथम स्थान पर है। यह राज्य सरकार द्वारा राज्य के समग्र विकास में की जा रही पहल को भी दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले तीन साल में बिना किसी भेदभाव, बिना किसी पेपर लीक, बिना किसी रिश्वत या सिफारिश के 16 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दिये जाने का कार्य किया है। राज्य सरकार व शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाये जाने के लिये हमेशा प्रयत्नशील रही है तथा हर क्षेत्र में हर वर्ग के लोगो के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। आज हमारी सरकार ने नकल माफियाओं के विरुद्ध सख्त नकल विरोधी कानून का प्रावधान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश प्रगति के नये आयाम प्राप्त कर रहा है। देश विश्व में प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से उत्तराखण्ड के विकास को नई दिशा मिली है।

## पूजा खेडकर कमिश्नरेट में हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किया लेकिन वह एक बार भी नहीं आई: कमिश्नर

**पुणे , एजेंसी।**
फर्जी दस्तावेजों की वजह से ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की नौकरी चली गई है। खेडकर ने पुणे के कलेक्टर सुहास दिवसे को भी लपेटे में लेने की कोशिश की थी। उन्होंने दिवसे के खिलाफ उत्पीड़न का मामला दर्ज करवा दिया था। दिवसे ने ट्रेनी आईएएस रहीं पूजा खेडकर के नखरों और मांगों की शिकायत की थी इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने उनका ट्रांसफर वाशिम में सहायक कलेक्टर के पद पर कर दिया था।



शुक्रवार को पुणे के कमिश्नर अमितेश कुमार ने कहा, हमने कई बार पूजा खेडकर को कमिश्नरेट में हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किया लेकिन वह एक बार भी नहीं आईं। ऐसे में हमने मान लिया है कि उन्हें इस मामले में कुछ नहीं कहना है। अब देखते हैं कि आगे क्या करना है। वहीं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के एक सहयोगी ने कहा कि केस जल्द ही बंद हो जाएगा।

चीफ सेक्रेटरी सुजाता सौनिक ने कहा, पुणे पुलिस मामले की प्राथमिक जांच कर रही है और अब यह खत्म होने वाली है। पूजा खेडकर तब विवाद में आई थीं जब पुणे कलेक्ट्रेट में उन्हें महाराष्ट्र सरकार के प्रतीक और लाल बत्ती वाली गाड़ी में देखा गया था। इसके अलावा पूजा खेडकर ने काम करने के लिए अलग ऑफिस मांगा था। वासिम ट्रांसफर के बाद वह मंत्रालय पहुंच गई थीं। बिना इजाजत ही वह सौनिक के कार्यालय में घुसती चली गईं। वहीं पूजा खेडकर द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को दिवासे ने खारिज किया था और कहा था कि कई सीनियर आईएएस अधिकारी उनके साथ खड़े हैं।

दरअसल ट्रेनी आईएएस ने जॉइन करते ही सुहास दिवसे से वीआईपी विशेषाधिकार मांगे थे। उन्होंने कार, बंगला और स्टाफ की डिमांड रख दी थी। इसके बाद पुणे के कलेक्टर ने शिकायत सामान्य प्रशासन विभाग में की। उन्होंने यह भी कहा था कि पूर्व अधिकारी और खेडकर के पिता दिलीप खेडकर इसके लिए दबाव बना रहे हैं। पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को भी बंदूक की नोक पर किसानों को धमकाने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को पुणे कि अदालत ने उन्हें जमानत दे दी है। पुणे की पुलिस ने मनोरमा उनके पति दिलीप और 6 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## जम्मू कश्मीर में चुनाव का ऐलान जल्द? ऐक्शन में चुनाव आयोग, तैयारियों का जायजा लेने के लिए होगा दौरा

**श्रीनगर, एजेंसी।**
जम्मू कश्मीर में चुनाव की तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। इसी क्रम में चुनाव आयोग अगले हफ्ते जम्मू कश्मीर का दौरा करेगा। यह दौरा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में 8-10 अगस्त तक होगा। इस दौरान उनके साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू भी होंगे। गौरतलब है कि इस केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर की समयसीमा तय की है। पिछले मार्च में, कुमार उस समय केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करने वाले तीन सदस्यीय आयोग के एकमात्र सदस्य थे। उन्होंने राजनीतिक दलों और जम्मू कश्मीर के लोगों को आश्वासन दिया था कि निर्वाचन आयोग जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव जल्द ही कराएगा। उस समय निर्वाचन आयुक्तों के दो पद खाली थे। सोलह मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले ही उन्हें भरा गया था।

जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा था कि यह सक्रिय भागीदारी जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक बहुत बड़ी सकारात्मक बात है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया जारी रहे। श्रीनगर में, आयोग सबसे पहले राजनीतिक दलों से मुलाकात कर सकता है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी और केंद्रीय बलों के समन्वयक के साथ समीक्षा की जाएगी। आयोग सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ-साथ मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ तैयारियों की समीक्षा भी करेगा।

आयोग दस अगस्त को कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक के लिए जम्मू का दौरा करेगा। समीक्षा प्रक्रिया पर मीडिया को जानकारी देने के लिए आयोग जम्मू में प्रेस कांफ्रेंस भी करेगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव जब भी होगा, 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किये जाने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से पहला विधानसभा चुनाव होगा।

जम्मू कश्मीर में चुनावी कवायद आमतौर पर एक महीने तक चलती है। परिसीमन कवायद के बाद, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को आवंटित सीटों को छोड़कर विधानसभा सीट की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई है। पिछले दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव जल्द कराए जाने के नये संकेत देते हुए निर्वाचन आयोग ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से कहा कि वह अपने गृह जिलों में तैनात अधिकारियों का तबादला कर दे। आयोग चुनाव से पहले यह कदम उठाता रहा है। आयोग लगातार यह नीति अपनाता रहा है कि चुनाव वाले राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन जगहों पर तैनात नहीं किया जाए, जहां वे लंबे समय से कार्यरत रहे हैं।

## राजस्थान में 25 हजार कर्मचारियों की विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

**जयपुर , एजेंसी।**
राजस्थान विधानसभा में पानी पर चर्चा का जवाब देते हुए जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने स्वीकार किया कि विभाग में इतना भ्रष्टाचार है, अगर निचले स्तर तक कर्मचारियों पर कार्रवाई करें तो एक भी नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में अब तक 40 से ज्यादा अधिकारियों को निलंबित किया गया है। मंत्री ने कहा कि डिस्कॉम की तर्ज पर पीएचईडी विभाग में भी विजिलेंस विंग बनाने पर विचार किया जा रहा है, जो अवैध कनेक्शन को लेकर कार्रवाई करेगी। अवैध कनेक्शन करने वालों पर कड़ा जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग की स्थिति सुधारने को लेकर विभिन्न पदों पर करीब 25 हजार कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।



मंत्री ने कहा कि कांग्रेस राज के दौरान जल जीवन मिशन (जेजेएम) में खूब गड़बड़ियां हुई थीं, जिसकी सजा हमें मिली है और लोकसभा चुनाव में 11 सीटों का नुकसान हुआ। कांग्रेस के पापों की सजा जनता ने हमें दी है। जनता तो यही कहती है कि हमने आपको सत्ता सौंप दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में हुए धीमी गति के कामों के कारण

मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने ईआरसीपी के नाम पर 5 साल केवल राजनीति की है।

हमारी सरकार ने सत्ता में आते ही मध्य प्रदेश के साथ दिल्ली में एमओयू किया। इसके तहत प्रदेश को 3400 एमसीएम पानी मिलेगा। योजना को लेकर राजस्थान और मध्य प्रदेश में डीपीआर बन रही है, योजना पर 48 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जिसमें 90 फीसदी राशि केंद्र सरकार देगी। मंत्री ने कहा कि राजस्थान में देश का क्षेत्रफल का करीब 10 फीसदी हिस्सा है और देश की लगभग 5.50 फीसदी आबादी यहां निवास करती है, लेकिन देश के कुल जल का लगभग 1.30 प्रतिशत यहां उपलब्ध है।

## सीएम धामी स्वयं कर रहे हैं रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** केदारघाटी में अतिवृष्टि के बाद से कई मार्ग आवाजाही हेतु बंद हो गए थे। जिन्हें खोले जाने के लिए विभिन्न रेस्क्यू टीमें लगातार अभियान चलाए हुए है। अतिवृष्टि के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग के मुख्य स्थान चीरबासा हैलीपैड़ हैली सेवाओं हेतु पूर्णतः बाधित हो गया था। आज कमांडेंट एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम द्वारा बाधित हुए चीरबासा को हैली हेतु सुचारू कर दिया गया है जो रेस्क्यू टीमों के लिए बड़ी राहत है। शनिवार दोपहर तक चीरबासा हैलीपैड़ से लगभग 8 से 10 बार हैली सेवा के माध्यम से रेस्क्यू कार्यों को अंजाम दिया जा चुका है। अब हैली सेवाओं के माध्यम से चीरबासा से रेस्क्यू कार्यों को और भी आसानी व सुगमता से किया जा सकेगा।

## जज को ही धमकी देने लगे आईएएस अधिकारी, अब हाई कोर्ट ने लिया ऐक्शन; हाजिर होने का आदेश

**श्रीनगर एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट ने एक आईएएस अधिकारी को आपराधिक अवमानना मामले में हाजिर होने का आदेश दिया है। अधिकारी गांदरबल में डिप्टी कमिश्नर पर पर तैनात हैं। आईएएस अधिकारी श्यामबीर पर आरोप है कि उन्होंने चीफ जूडिशल मजिस्ट्रेट फयाज अहमद कुरैशी के आदेश के बाद उनसे बदला लेने की कोशिश की और निजी हमला किया गया। जज ने उनके खिलाफ मुआवजे के एक मामले में फैसला सुनाया था। कोर्ट ने उनकी सैलरी रोकने का भी आदेश दे दिया था। आदेश ना मानने पर कोर्ट ने उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की। कई बार हाजिर होने का आदेश देने के बाद भी जब आईएएस अधिकारी कोर्ट में नहीं पेश हुए तो सब जज ने गुरुवार को मामले को हाई कोर्ट को सौंप दिया। बताया गया कि अधिकारी ने ना तो कोई प्रतिक्रिया दी और ना ही वह खुद कोर्ट में हाजिर हुए। इसके बाद जस्टिस संजीव कुमार और अतुल श्रीधरन ने आईएएस अधिकारी श्यामबीर 5 अगस्त को सुबह 11 बजे कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के आदेश में कहा गया है. अगर समन मिलने के बाद भी अधिकारी कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो उनकी उपस्थिति

## दारू समय पर बंद करवाऊंगा, बाकी सब 1 बजे तक खुला रहेगा; तेलंगाना सीएम का ऐलान

**हैदराबाद, एजेंसी।**
हैदराबाद के लिए अच्छी खबर है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा है कि हैदराबाद में अब सभी प्रकार के प्रतिष्ठानों को रात्रि 1 बजे तक खुले रहने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, इस आदेश में शराब की दुकानों को छूट नहीं दी गई है। यानी हैदराबाद में शराब की दुकानों को छोड़कर सभी दुकानें रात 1 बजे तक खुली रहेंगी।

तेलंगाना विधानसभा में इसकी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा, शराब की दुकानें उसी समय बंद होंगी जो उनका टाइम है। मैं दारू के खिलाफ हूं। दारू को समय पर बंद करवाऊंगा। अगर शराब की दुकानें ज्यादा देर तक खुली रहेंगी तो लोग ज्यादा शराब पीएंगे। मैं आधिकारिक तौर पर आदेश दे रहा हूं। किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। मैं वादा करता हूं कि कोई समस्या नहीं होगी।

सीएम ने कहा, अकबर साहब ने उस दिन शिकायत की थी कि पुलिस रात 11 बजे के बाद पूरे शहर में लोगों पर हमला कर रही है और यह लोगों के लिए परेशानी का सबब है। मैं वादा करता हूं कि शहर, हैदराबाद, साइबराबाद और राचकोंडा कमिश्नरेट में शराब के अलावा रेस्तरां और अन्य सभी प्रतिष्ठानों को रात 1 बजे तक काम करने की अनुमति दी जाएगी।

इससे पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की कि राज्य सरकार शहर में एक और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण करेगी। खेलों पर बहस के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नया स्टेडियम बेगरीकांचा में कौशल विश्वविद्यालय के पास बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के बारे में बीसीसीआई के साथ प्राथमिक चर्चा पहले ही पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार मार्गदर्शन के लिए हरियाणा की खेल नीति का भी अध्ययन कर रही है।

रेड्डी ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस सरकार राज्य में खेलों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने मौजूदा बजट में 321 करोड़ रुपये आवंटित



किए हैं। उन्होंने कहा कि यूसुफगुडा, गाचीबोवली, सरूरनगर और एल बी स्टेडियम जैसे मौजूदा स्टेडियमों में खेल गतिविधियों में कमी आई है, लेकिन राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं।

पेरिस ओलंपिक

## • सेन का अगला लक्ष्य ओलंपिक सेमीफाइनल



**पेरिस, एजेंसी।** ओलंपिक 2024 का 7वां दिन भारतीय एथलीटों के काफी कमाल का रहा। शुक्रवार के दिन कई भारतीय एथलीट एक्शन में नजर आए। इसी बीच भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक 2024 में बैडमिंटन के मेंस सिंगल इवेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। लक्ष्य का अब अगला टारगेट भारत के लिए मेडल पक्का करना होगा।

सेमीफाइनल मैच को अगर वह जीत जाते हैं तो भारत के लिए कम से कम सिल्वर मेडल तो पक्का हो ही जाएगा। लक्ष्य सेन इस ओलंपिक में काफी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह एक के बाद एक अपने से टॉप रैंक वाले खिलाड़ियों को हरा रहे हैं और आगे बढ़ते जा रहे हैं।

### कैसा रहा लक्ष्य का मैच

लक्ष्य सेन ने ओलंपिक 2024 में बैडमिंटन के मेंस सिंगल इवेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। लक्ष्य सेन ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच में चाइनीज ताइपे के खिलाड़ी को हराया। उनके लिए इस मैच को जीत पाना आसान नहीं रहा। अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबला के पहले सेट में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में काफी करीब आकर 19-21 से हार गए, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने खुद को काबू में रखा और अगले दो सेट में कमाल का कमबैक किया।

ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर पहला सेट हार जाने के बाद बड़े से बड़े खिलाड़ी अपना आपा खो देते हैं, लेकिन लक्ष्य सेन ने ऐसा नहीं किया और पहला सेट हारने के बाद दूसरे सेट में जोरदार प्रदर्शन किया और इस सेट को 21-15 से अपने नाम किया। बस इसी मौके पर चाइनीज ताइपे खिलाड़ी ने अपना आपा खो दिया और सेन ने इस मौका का फायदा उठाया और तीसरे सेट में उन्हें 21-12 के अंतर से हरा दिया।

### सेन ने रचा इतिहास

लक्ष्य सेन ने मेंस सिंगल इवेंट के फाइनल में जाकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह ओलंपिक के मेंस सिंगल इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले किसी भी अन्य पुरुष खिलाड़ी ने बैडमिंटन में यहां तक का सफर नहीं तय किया था। हालांकि वुमेंस सिंगल में पीवी सिंधु ओलंपिक फाइनल तक खेल चुकी हैं।


## • इमाने खेलीफ के बाद एक और विवादित मुक्केबाज की जीत से शुरुआत

## महिला एथलीट पर जमकर बरसाए मुक्के



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में लैंगिक योग्यता का मामला चर्चा में है। गुरुवार को अल्जीरिया की इमाने खेलीफ महिलाओं की 66 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में इटली के एंजेला कारिनी के खिलाफ जीत हासिल की थी। मैच शुरू होने के 46 सेकंड बाद ही कारिनी ने मैच से हटने का फैसला किया था। उन्होंने कहा था कि खेलीफ के पंच इतने तगड़े थे कि उन्हें लगा कि वह चोटिल हो जाएंगी। खेलीफ का एक पंच कारिनी ने नाक पर जाकर लगी और वह दर्द के मारे कराह उठी थीं। बाद में खेलीफ पर पुरुष गुणसूत्रों वाला खिलाड़ी होने के आरोप लगे थे। खेलीफ को पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में एक्सवाई गुणसूत्र होने के आरोप लगे थे। सिर्फ खेलीफ नहीं, उस चैंपियनशिप में एक और खिलाड़ी को इसी वजह से बाहर किया गया था।

वह हैं ताइवान की लिन यू-टिंग। अब लिन यू ने भी पेरिस में अपने शुरुआती मुकाबले में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की सितोरा तुर्दीबेकोवा को सर्वसम्मत अंक के फैसले पर हराया। हालांकि, इस दौरान लिन यू टिंग महिला मुक्केबाज पर जमकर मुक्के बरसाती दिखीं। हालांकि, लिन ने तुर्दीबेकोवा को शक्ति के बजाय चालाकी से हराया। जैब्स के साथ स्कोर करने के लिए अपनी पहुंच का उपयोग किया और लड़ाई को एकतरफा बनाने के लिए उज्बेक खिलाड़ी के प्रयासों को दरकिनार कर दिया। जीत के बाद लिन ने मीडिया से बात करने से परहेज किया।



# हैट्रिक से चूकने के बावजूद पेरिस से इतिहास रचकर लौटेंगी बुलेट क्वीन मनु भाकर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की स्टार शूटर मनु भाकर का सफर शनिवार (3 अगस्त) को समाप्त हो गया। 25 मीटर पिस्टल इवेंट में वह मेडल नहीं जीत पाईं। हालांकि, उन्होंने दो मेडल जीतने के साथ-साथ एक ही ओलंपिक में 3 फाइनल में जगह बनाकर पहले ही इतिहास रच दिया था।

महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल इवेंट में मनु चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले मनु 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीती थीं। पेरिस खेलों में इस पदक से भारत का खाता खुला था। इसके बाद 10 मीटर मिक्सड टीम ब्रॉन्ज मेडल इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। भारत ने तीन पदक जीते हैं। तीनों पदक शूटिंग में मिले हैं। मनु एक खेल में 2 मेडल जीतने वालीं भारत की तीसरी एथलीट हैं। उनसे पहले ऐसा बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और पहलवान सुशील कुमार कर चुके हैं।

मनु एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वालीं भारत की पहली एथलीट हैं। उनके अलावा किसी और पुरुष या महिला एथलीट ने ऐसा नहीं किया है। मनु से पहले पीवी सिंधु भी हैट्रिक से चूक गई थीं। 2016 और 2021 ओलंपिक में मेडल जीतने के बाद 2024 में उनके पास हैट्रिक का मौका था, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। अब मनु भी हैट्रिक नहीं जीत पाईं।

# टीम इंडिया में वापसी से पहले मोहम्मद शमी खेलेंगे घरेलू क्रिकेट

## • खुद दिया बड़ा अपडेट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी आखिरी बार 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में मैदान पर दिखाई दिए थे. शमी इन दिनों इंजरी से रिकवर हो रहे हैं. अभी भारतीय पेसर को लेकर यह साफ नहीं हो पाया है कि कब टीम इंडिया में उनकी वापसी होगी. हालांकि शमी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से पहले घरेलू क्रिकेट खेल सकते हैं. घरेलू क्रिकेट खेलने के बाद शमी की टीम इंडिया में वापसी होगी. भारतीय सीमर ने खुद घरेलू क्रिकेट खेलने के बारे में बात की.

शमी को कोलकाता में ईस्ट बंगाल क्लब ने सम्मानित किया. इसी सम्मान समारोह के दौरान शमी ने अपनी वापसी को लेकर बात की. भारतीय पेसर ने कहा, यह कहना मुश्किल है कि मैं कब वापस आऊंगा. मैं बहुत कोशिश कर रहा हूं लेकिन दोबारा भारतीय जर्सी पहनने से पहले आप मुझे बंगाल के कलर्स में देखेंगे. मैं बंगाल के लिए 2-3 मैच खेलने आऊंगा और पूरी तैयारी से आऊंगा. बता दें कि कुछ वक्त पहले ही बीसीआई के सचिव जय शाह ने सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का हिस्सा रहने वाले खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलने की बात कही थी.

आगे इंजरी को लेकर बात करते हुए शमी ने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि चोट इतनी गंभीर होगी. इसको टी20 वर्ल्ड कप के बाद देखने का प्लान था क्योंकि पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप के बाद आईपीएल और फिर तुरंत बाद टी20 वर्ल्ड कप था. लेकिन यह वनडे वर्ल्ड कप के दौरान और गंभीर हो गई और मैंने इसके साथ खेलने का रिस्क नहीं लिया. यहां तक डॉक्टर्स भी नहीं सोच सकते थे कि चोट इतनी गंभीर हो जाएगी और इसको ठीक होने में इतना टाइम लगेगा.

### वनडे वर्ल्ड कप में बरपाया था कहर

गौरतलब है शमी ने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में सिर्फ 7 मैच खेले थे. 7 मैच खेलने के बाद वह टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ थे. भारतीय पेसर ने कुल 24 विकेट अपने नाम किए थे.



# हार्दिक को रिलीज करेगी मुंबई इंडियंस?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कुछ दिन पहले बीसीसीआई के वानखेड़े ऑफिस में आईपीएल के अधिकारियों और टीम मालिकों के बीच मीटिंग हुई. कुछ टीमों के मालिक इस मीटिंग के लिए बीसीसीआई ऑफिस में उपस्थित हुए तो कुछ ने वर्चुअली इसमें हिस्सा लिया. मीटिंग से कई हैरान करने वाली खबरें भी सामने आई. हालांकि, इस बीच एक और बड़ी खबर आई है. यह खबर मुंबई इंडियंस के खेमे से जुड़ी है.

रिपोर्ट्स की मानें तो मुंबई इंडियंस अपने कप्तान हार्दिक पांड्या को रिलीज करने वाली है. दरअसल, मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 से पहले हार्दिक पांड्या को दोबारा अपनी टीम से जोड़ा था. साथ ही फ्रेंचाइजी ने रोहित शर्मा से कप्तानी लेकर इस स्टार ऑलराउंडर को दे दी थी.

फिर भी टीम कुछ कमाल नहीं कर सकी और प्लेऑफ तक में जगह नहीं बना सकी. अब खबर है कि मुंबई इंडियंस हार्दिक पांड्या को रिलीज कर देगी.

### नियमों में नहीं हुए बदलाव तो चार खिलाड़ी रिटेन कर सकेंगी टीमें

आईपीएल के नियमों के हिसाब से हर तीन साल में मेगा ऑक्शन का आयोजन होता है. इस बार दिसंबर में फिर मेगा ऑक्शन होगी. ऐसे में सभी 10 टीमों को सिर्फ चार-चार खिलाड़ी ही रिटेन करने की अनुमति होगी. हालांकि, एक रिपोर्ट यह भी है कि इस बार रिटेन करने वाले खिलाड़ियों की सख्या में इज़ाफा हो सकता है.

अभी तक बीसीसीआई या आईपीएल ने इसे लेकर कुछ नहीं कहा है. पर रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अब पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया जा सकेगा.

### इन 4 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है मुंबई इंडियंस

सूत्रों के मुताबिक, मुंबई इंडियंस किसी भी सूरत में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह को अपने साथ रखना चाहती है. ऐसे में फ्रेंचाइजी हार्दिक पांड्या को रिलीज करेगी, क्योंकि सूर्यकुमार अब टी20 फॉर्मेट में देश के कप्तान हैं. ऐसे में फ्रेंचाइजी उन्हें अपनी टीम की कमान सौंप सकती है.

रोहित भी सूर्या की कप्तानी में खेलने में सहज होंगे. रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 के लिए सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा को रिटेन कर सकती है. इसमें कोई शक नहीं है कि फ्रेंचाइजी अब नए सिरे से टीम तैयार करना चाहती है. ऐसे में आगामी सीजन में हमें टीम में कई नए खिलाड़ी देखने को मिल सकते हैं.

इंडिया वर्सेस श्रीलंका

## 14 गेंद में एक रन नहीं बना पाने से निराश हूं : रोहित शर्मा

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जीत की स्थिति में होने के बावजूद भारतीय टीम को टाई से संतोष करना पड़ा। श्रीलंका ने पहले खेलते हुए 230 रन बनाए थे। भारतीय टीम को 14 गेंदों पर एक रन चाहिए था लेकिन अर्शदीप के रूप में आखिरी विकेट गिर जाने के



कारण मुकाबला टाई हो गया। मैच के बाद निराश भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को श्रीलंका के खिलाफ मैच में जीत के लिए 14 गेंद में एक रन बना लेना चाहिए था। भारतीय टीम 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित की 58 रन की तेज पारी के बावजूद 47.5 ओवरों में 230 रन पर सिमट गई।

भारतीय खिलाड़ी श्रीलंका के 4 स्पिनरों के सामने कभी सहज नहीं रहे। कप्तान रोहित ने मैच के बाद कहा कि स्कोर हासिल किया जा सकता था। लेकिन इसके लिए आपको अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। हमने टुकड़ों में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन लय नहीं बना पाए। हमने अच्छी शुरुआत की। लेकिन हमें पता था कि स्पिन आने पर खेल बदल जाएगा। हमने कुछ विकेट गंवा दिए और पिछड़ गए। कप्तान ने ज्यादा आलोचना नहीं करते हुए कहा कि हमने अक्षर पटेल और केएल राहुल के बीच साझेदारी से वापसी की। लेकिन इनके आउट होने से फिर संतुलन गड़बड़ा गया। 14 गेंद में एक रन नहीं बना पाने से निराश हूं.



# मीराबाई चानू से इस बार गोल्ड की आस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाली देश की स्टार वेटलिफ्टर सेखोम मीराबाई चानू से इस बार गोल्ड मेडल की आस है. इम्फाल के नॉनपोक काकचिंग की यह एथलीट 49 किलो भारवर्ग में वजन उठाकर गोल्ड मेडल का जोर लगाएंगी. पेरिस ओलंपिक में इस कैटिगरी में क्वॉलीफाई कर चुके बाकी एथलीट्स को देखें तो फिलहाल दुनिया में सिर्फ एक ही वेटलिफ्टर है, जिसने मीराबाई से ज्यादा वजन उठाया है.

मीराबाई ने 2022 कॉमनवेल्थ खेलों में भी गोल्ड अपने नाम किया था और उन्होंने वर्ल्ड चैम्पियनशिप्स में भी सिल्वर मेडल जीता था. लेकिन वह 2022 एशियाई खेलों में अपना जलाव नहीं दिखा पाई थीं. अगर मीराबाई चानू पेरिस ओलंपिक में फिट रहती हैं और अपने इवेंट के दिन वह अपना पूरा दमखम झोंक पाईं तो फिर कोई कारण नहीं है कि उनके पास पीला तमगा न हो.

भारतीय फैन्स इस बार उनके स्नैच, क्लीन और जर्क राउंड में बेहतरीन तालमेल के साथ सबसे ज्यादा वजन उठाते देखने को बेताब हैं. उन्होंने कॉमनवेल्थ खेलों में कुल 201 किलो वजन उठाकर सोने का तमगा अपने नाम किया था, तब उनके मुकाबले में उनके आसपास भी कोई नहीं थी. इन खेलों में सिल्वर मेडल अपने नाम करने वाली उनकी प्रतिद्वंद्वी ने सिर्फ 172 किलो भार ही उठाया था. चानू का टारगेट इस बार अपने दोनों राउंड की वेटलिफ्टिंग में अधिकतम 115 किलो का वजन उठाने पर होगा.

पेरिस ओलंपिक

# भारत का हॉकी क्वार्टरफाइनल में

## ग्रेट ब्रिटेन से मुकाबला



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलांपिक में शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से रविवार को मुकाबला होगा। रविवार 4 अगस्त को, पूल ए विजेता जर्मनी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला रियो 2016 के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना से होगा, जो पूल बी में चौथे स्थान पर रहा, पूल बी टेबल-टॉपर्स और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम का सामना पूल ए की चौथे स्थान पर रहने वाली टीम स्पेन से होगा। नीदरलैंड पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और अब अंतिम आठ में उसे पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करना होगा, जिसमें पूल बी उपविजेता भारत पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा।

भारतीय पुरुष टीम ने म्यूनिख 1972 के लगभग 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली ओलंपिक हॉकी जीत हासिल की, क्योंकि टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कूकाबुरास के खिलाफ 3-2 की जीत में दो बार स्कोर करके पूल में दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। मॉस्को 1980 के बाद भारत को अपना पहला स्वर्ण पदक दिलाने की उम्मीद रखने वाले हरमनप्रीत ने कहा, हमने (टूर्नामेंट) जीत के साथ शुरू किया था, और हमने फैसला किया कि हम एक विजयी मैच के साथ समापन करेंगे।

भारत के शमशेर सिंह ने अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल विजेता टीमों के बीच छह अगस्त को खेले जाएंगे। भारत ने पिछले टोक्यो ओलम्पिक में कांस्य पदक जीता था।

# पेरिस ओलंपिक में गर्लफेंड के गोल्ड मेडल जीतते ही बॉयफ्रेंड ने किया ये काम

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में अभी तक 7 दिनों के खेल पूरे हो चुके हैं. हर एक देश ज्यादा से ज्यादा मेडल जीतने की कोशिश कर रहा है. इस बार ओलंपिक में कुछ विवाद भी देखने को मिल रहे हैं. लेकिन इस सब के बीच फैंस को एक प्यार भरा पल भी देखने को मिला है. चीन की एक खिलाड़ी ने लिए ये ओलंपिक सबसे ज्यादा यादगार बन गया है.

ये खिलाड़ी इस बार ओलंपिक में गोल्ड मेडल के साथ-साथ अपना शादी का प्रपोजल पाने में कायमाब रही है. चीन की बैडमिंटन खिलाड़ी हुआंग या कियोंग पेरिस ओलंपिक को अपने जीवन में कभी नहीं भूल पाएंगी. उन्होंने 2 अगस्त को साथी खिलाड़ी झेंग सिवेई



के साथ मिलकर मिक्स्ड डबल्स में गोल्ड मेडल जीता. चीन की इस खिलाड़ी ने साउथ कोरिया की किम वोन हो और जियोंग ना युन की जोड़ी को हराया.

इस मैच में चीन की छोड़ी का दबदबा देखने को मिला और 41 मिनट में 21-8, 21-11 से साउथ कोरिया की जोड़ी को हरा दिया. मिक्स्ड डबल्स का इवेंट खत्म होने के बाद मेडल सेरेमनी हुई, जहां हुआंग या कियोंग ने अपना गोल्ड मेडल हासिल किया. ये वो पल होता है जिससे कुछ दिन तक खिलाड़ी बाहर नहीं निकल पाते हैं.

हुआंग या कियोंग भी काफी खुश थीं, तभी या कियोंग के बॉयफ्रेंड लियू युचेन ने उन्हें प्रपोज किया, जिसके देखकर हर कोई हैरान रह गया, जिसे वो ना नहीं कर पाई. बॉयफ्रेंड लियू युचेन ने घुटने पर बैठकर प्यार का इजहार किया और हुआंग याकियोंग को रिंग पहनाई. बता दें, लियू युचेन भी बैडमिंटन खिलाड़ी हैं और चीन के लिए खेलते हैं.

## एक नजर

### अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने की छापेमारी

**औरंगाबाद (का.सं.)।** अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी अभियान के तहत शनिवार को बारुण थाना क्षेत्र में स्थित बालू घाटों मे अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु एसडीपीओ सदर-1, एसडीएम, डीटीओ, सीओ और एसएचओ ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।

### चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र से चुराया गैस सिलेंडर व खाद्यान्न

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा के छोटी फील्ड के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-3 में शुक्रवार की रात चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने केंद्र के ऊपर से प्रवेश किया। भंडार का दरवाजा का कुंडी तोड़ दिया। रखे रसोई गैस सिलेंडर, लगभग 50 किलो चावल चुरा ले गए। केंद्र की सेविका पूजा कुमारी ने इसकी लिखित सूचना स्थानीय थाने को दी है। सेविका ने आवेदन में बताया कि केंद्र के बगल में कुछ असामाजिक तत्व के नशेड़ियों का जमावड़ा हमेशा लगा रहता है। उन्ही के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने का संदेह जताते हुए मामले में उचित जांच की मांग प्रशासन से की है।

### बारिश से बरैलीचक में गिरा गरीब का घर, मदद की दरकार

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ पंचायत के बरैलीचक गांव में शनिवार की सुबह एक मकान गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से बरैलीचक गांव निवासी मो. इक़बाल अंसारी का घर गिर गया। गनीमत रही कि किसी को कोई नुकसान नही हुआ। गिरे हुये मकान के मलबे से रास्ता अवरुद्ध हो गया है, जिससे आने जाने वालों को दिक्कत हो रही है। बता दे कि पीड़ित परिवार बेहद गरीब है। मो. इक़बाल दिहाड़ी मजदूर है। इस भीषण बरसात के मौसम में परिवार को रहने को मुश्किल हो गया है। अभी अपने पड़ोसी के मकान में आसरा लिया है। मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में इनका नाम आया हुआ है। पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह, वार्ड सदस्य अरमान कादरी, सनाउल्लाह रिजवी एवं अन्य लोगों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। इधर, लगातार हो रही बरसात से जहां मायूस किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। वहीं हसपुरा बाजार में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार की सुबह से हीं बिजली गुल है। तेज हवा के साथ साथ बारिश भी रह रह कर होते रही, जिससे बाजार चारों तरफ जलमग्न हो गया है।

### लेडिज विंग की अध्यक्ष बनीं उमा सिंह

**पटना (नि.सं.)।** उमा सिंह को 2024-25 के लिए पंजाबी बिरादरी की लेडिज विंग की अध्यक्ष बनाया गया है। पंजाबी बिरादरी की वार्षिक बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक में पंजाबी बिरादरी के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने लेडिज विंग की सदस्यों को बधाई दी। उमा सिंह को लेडिज विंग की अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पूर्व अध्यक्ष वीणा महाजन और रोशनी सिंह ने रखा। प्रस्ताव का समर्थन पूनम सलूजा और नीलम छावड़ा ने किया। मौके पर रेणु सिंह, स्नेह गुप्ता, सरोज अरोरा, डोली कोहली आदि के साथ कई महिलाएं शामिल हुईं।

डीएम ने की सिपाही भर्ती परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने की तैयारी की समीक्षा

# सिपाही भर्ती परीक्षा 7, 11, 18, 21, 25 एवं 28 अगस्त को होगी आयोजित

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के योजना भवन सभाकक्ष में औरंगाबाद जिले में केंद्रीय चयन परिषद( सिपाही भर्ती ) के तहत बिहार पुलिस संगठन में सिपाही के पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन के मद्देनजर समीक्षा बैठक की गई। गौरतलब है कि औरंगाबाद जिले में 07, 11, 18, 21, 25, एवं 28 अगस्त को एकल पाली में यह परीक्षा आयोजित की जानी है। इसके लिए जिले में कुल 20 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट (पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ) प्रतिनियुक्ति की गई है। वें प्रेक्षक के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के 3 घंटा पूर्व में निश्चित रूप से परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे। कहा कि परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के समय 12:00 बजे मध्याह्न से एक घंटा पूर्व अर्थात 11:00 बजे पूर्वाहन तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगा। निर्धारित समय के बाद अर्थात विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में किसी भी परिस्थिति में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कहा कि स्टैटिक मजिस्ट्रेट का दायित्व होगा कि वह परीक्षार्थी की तलाशी का कार्य पूरी सघन तरीके से करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य किसी प्रकार का कोई कागजात, सामान, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच अथवा अन्य आपत्तिजनक सामान या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश नहीं करेंगे।

साथ ही सभी केंद्राधीक्षक यह आश्वस्त हो लेंगे कि सघन फ्रिस्किंग के उपरांत ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाय। महिला अभ्यर्थियों के लिए फ्रिस्किंग के लिए केंद्राधीक्षक के द्वारा एक अलग कक्ष अथवा घेरायुक्त स्थल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि सभी केंद्राधीक्षक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्रो पर लाइट, पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। परीक्षा के कदाचार मुक्त संचालन हेतु स्टैटिक, जोनल एवं उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। साथ ही पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की भी पर्याप्त मात्रा में प्रतिनियुक्ति की गई है, जो परीक्षा के स्वच्छ रूप से संचालन के लिए केंद्रों का औचक रूप से निरीक्षण करेंगे। उड़नदस्ता दल के द्वारा कदाचार करते पाए गए व्यक्तियों एवं अभ्यर्थियों के विरुद्ध तत्काल आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक द्वारा निश्चित रूप से वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व से ही तथा परीक्षा समाप्त होने तक लगातार सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं जैसे गोपनीय सामग्री सील खोलकर निकालना एवं पैक करना तथा सभी परीक्षा कक्ष में परीक्षा की प्रक्रिया जिसके दौरान सभी अभ्यर्थियों के चेहरे पर विशेष ध्यान देते हुए वीडियोग्राफी की जाएगी।इसके अतिरिक्त जिला आपदा प्रबंधन शाखा में नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की गई है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार, कंट्रोल रूम एवं सभी परीक्षा कक्षा में उपस्थित व्यक्तियों एवं अभ्यर्थियों की विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा का विस्थापन कराया गया है। सभी सीसीटीवी कैमरा से जिला नियंत्रण कक्ष में लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्र की गतिविधि की निगरानी रखी जाएगी। समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सदर एसडीएम संतन कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, डीसीएलआर स्वेतांक लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी केंद्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समाजसेवी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उत्तर कोयल नहर को अविलंब चालू करने की मांग

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** माजसेवी सह किसान मजदूर मोर्चा के मंडल संयोजक सदस्य अहमद रजा खान उर्फ लड्डू खान ने उत्तर कोयल नहर के अधूरे पड़े कार्य को पूरा कर अविलंब पानी चालू करने की मांग मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि 1970 की परियोजना राजनीति से प्रभावित होकर अब तक अधर में लटकी हुई है। इससे ऊपर उठकर जन भावना से प्रेरित होकर किसानों की गंभीर समस्या को देखते हुए इस अधूरे पड़े परियोजना को अति शीघ्र पूरा किया जाए।किसान मजदूर मोर्चा, मगध काफी लंबे समय से इस परियोजना को चालू कराने के लिए आंदोलन करते आ रहा है।केंद्र द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य को विशेष पैकेज दिया गया है। जिससे इस परियोजना को अब चालू करने में किसी भी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए। कोयल नहर को चालू करने की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा मगध द्वारा वर्ष 2004 में मगध आयुक्त गया के यहां लगातार 8 दिनों तक धरना, 2005 में दुगुल गांव से रफीगंज, इस्माइलपुर, गया होते हुए पटना में पहुंचकर तत्कालीन राज्यपाल महामहिम बूटा सिंह के यहां धरना प्रदर्शन कर वार्ता, 2015 में 19 जनवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर तत्कालीन केंद्रीय मंत्री उमा भारती से मिलकर किसान मजदूर मोर्चा के शिष्ट मंडल से वर्ष 2019 तक कोयल नहर में पानी चालू करने का समझौता सहित लगातार प्रयासरत रहे हैं। वर्ष 2021 में मंडल के कुटकु डैम में फाटक लगाने का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और वर्ष 2022 तक पानी चालू कर देने का आश्वासन दिया। उत्तर कोयल चालू करने के लिए काफी लंबे समय से प्रयास होता रहा किंतु अब तक सिर्फ आश्वासन मिलने के अलावा धरातल पर कोयल नहर में पानी चालू करने का काम नहीं किया गया और यह मामला अभी तक अधर में लटका हुआ है। आगे कहा कि उत्तर कोयल नहर के अंगरा ब्रांच, कोटवारा ब्रांच तथा चेंई नवादा ब्रांच के अधूरे कार्य को पूरा कराकर रफीगंज, मदनपुर, गुरुआ, गुरारू, परैया तथा टेकारी तक पानी पहुंचाना जनहित में अति आवश्यक है। उक्त स्थान वर्षों से सूखा के चपेट में है। जिससे किसानों के खेत पटवन के अलावा आम जनता के अन्य कार्यों के लिए भी पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है।पत्र में नम्रता पूर्वक आग्रह करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा दिए गए विशेष पैकेज का सदुपयोग करते हुए इस सुखाड़ क्षेत्र को कोयल नहर के पानी से सींचने का काम हो।

# प्रॉपर्टी डीलर के घर से 30 लाख की चोरी

**पटना (नि.सं.)।** पटना के पचरुखिया में प्रॉपर्टी डीलर के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया है। करीब 30 लाख की ज्वेलरी और 50 हजार नगद की चोरी हुई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सत्यकाम ने बताया कि थाने में पीड़ित की ओर से लिखित आवेदन दिया गया है। जांच के लिए मौके पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम भी पहुंची है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर धीरेंद्र कुमार पचरुखिया थाना क्षेत्र के सोहगीचक के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों की पढ़ाई के लिए पटना शहर में रहते हैं। यहां अक्सर आना जाना होता है। 1 अगस्त को घर में ताला लगाकर गया था।

## बैंक के कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**पटना(नि.सं.)।** बिहार शाखा के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और इंडियन बैंक के संयुक्त बैनर तले शनिवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। आयोजन बुद्ध मार्ग स्थित बैंक के अंचल कार्यालय में हुआ। उद्घाटन महाप्रबंधक राकेश सहगल ने किया। बैंक के 40 पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. विनय बहादुर सिन्हा ने रक्तदाताओं को बधाई देते हुए हर तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान का अनुरोध किया। मौके पर उप महाप्रबंधक मो. फारूखे राशिद बोखारी, अंचल प्रबंधक अमन कुमार झा, मुख्य प्रबंधक प्रलयंकर सिंह व प्रमोद कुमार, बैंकर्स क्लब के सचिव गोपाल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एसी-एसटी कोटा में क्रीमीलेयर का फैसला गैर संवैधानिक : पूर्व मंत्री

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति को मिल रहे आरक्षण को क्रीमीलेयर में लाने हेतु राज्यों को जो अधिकार दिया गया है, वह न सिर्फ असंवैधानिक है बल्कि संविधान के मूल भावना के विपरित है। अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति का आरक्षण आर्थिक आधार पर नहीं दिया गया बल्कि जातिगत, सामाजिक, छुआछूत एवं अस्पृश्यता के आधार पर डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने लड़कर संविधान में प्रावधान स्थापित करवाया था। इसीलिए किसी भी कीमत पर कोटा के अंदर कोटा यानी क्रीमीलेयर के अंदर लाया ही नहीं जा सकता है। डॉ. पासवान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जिन जजों के द्वारा इस तरह का जो फैसला दिया गया है, वह कहीं न कहीं उनके मानसिकता को दर्शाता है। फैसले में यह कहा जाना कि जिसको एकबार आरक्षण का लाभ मिल गया, उसको क्रिमिलेयर के दायरे में बाहर आ जाना चाहिए। मैं पुछना चाहता हूं कि क्या एकबार आरक्षण का लाभ मिलने के बाद सामाजिक, छुआछूत से वह परिवार बाहर हो जाएगा, क्या उसे सामान्य वर्गों की सूची में स्थान मिल जाएगा।न्यायपालिका को पहले कॉलेजियम सिस्टम पर पारदर्शी होकर फैसला करना चाहिए ताकि कुछ ही परिवार के लोगों को जो उच्च न्यायापालिकओं में स्थान सुरक्षित किया गया है, वह खत्म हो और उच्च न्यायपालिकाओं में जजों की नियुक्ति हेतु संघ लोक सेवा आयोग की तरह एक ऑटोनॉमस केंद्रीय न्यायिक आयोग का गठन किया जाना चाहिए और उसी के माध्यम से उच्च न्यायापालिकओं में जजों की नियुक्ति की जानी चाहिए।भारत सरकार और खासकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह करना चाहता हूं कि दलित-आदिवासी के आरक्षण को क्रीमीलेयर में लाने के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में रिवियू पीटिशन दायर करना चाहिए या इसी चलते सत्र में कानून बनाकर उस फैसले को निरस्त करना चाहिए, ताकि दलित-आदिवासियों के 22.50 प्रतिशत आरक्षण पर किसी तरह की आंच नहीं आ सके। डॉ. पासवान ने सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले का उदहारण देते हुए कहा कि 2019 में भी एससी- एसटी एक्ट के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसी तरह का गैर संवैधानिक फैसला दिया गया था, जिसके खिलाफ देश भर के एससी-एसटी संगठनों के साथ साथ कई राजनीतिक दलों के समर्थन से 2 अप्रैल 2019 को भारत बंद का आह्वान किया गया था जो न सिर्फ पूरा देश ऐतिहासिक बंद हुआ बल्कि उस भारत बंद को दुनिया भर के अखबारों ने इतना सफल आंदोलन बताया कि तत्कालीन मोदी सरकार को अध्यादेश लाकर उस कानून को निरस्त करना पड़ा।

# अंग्रेजी शराब के साथ पांच युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह पुलिस ने एक बोतल अंग्रेजी शराब के साथ पांच युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गुप्त सुचना मिली कि कुछ युवक कार मे शराब रखकर कही जा रहा है। पुलिस ने एक टीम गठित कर बिलारू पुल के समीप छानबीन करने लगी तो एक कार को तेज रफ्तार कर चालक भागने लगा। जिसे हमीदनगर मोड़ के समीप पकड़ लिया गया। ज़ब कार की तलाशी ली गई तो 375 एमएल के एक बोतल मैकडेवल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। ज़ब गिरफ्तार युवक से पूछताछ की गई ती संतोषजनक जबाब नहीं मिला। इसके बाद कार व गिरफ्तार युवक को थाना लाया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान इब्राहिमपुर गांव के शंकर कुमार (22), रवि कुमार(21), बिपुल कुमार(21), सतीश कुमार(20), संजय कुमार(21) शामिल है। सभी को थाना लाने के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी की गई और न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया।

## एसपी ने की हसपुरा, मदनपुर व नबीनगर थाना के गंभीर लंबित कांडों की समीक्षा



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में हसपुरा, मदनपुर और नबीनगर थाना के गंभीर लंबित कांडो की बारी-बारी से बैठक कर समीक्षा की। इस दौरान संबंधित थानों के थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता भी मौजूद रहे। बैठक में एसपी ने कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक मे दाउदनगर के एसडीपीओ, सदर एसडीपीओ-1 व 2, पुलिस उपाधीक्षक (साइबर), जिला आसूचना इकाई के प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पटना में दुकान के आगे व्यक्ति का कटा मिला पैर

**पटना(नि.सं.)।** पटना में कंकड़बाग थाना क्षेत्र के मलाही पकड़ी में एक दुकान के आगे व्यक्ति का कटा हुआ पैर मिला है। मामले की सूचना पर कंकड़बाग और पत्रकार नगर पुलिस मौके पर पहुंची। कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। कटा हुआ पैर यहां कैसा आया या किसने लाया। इस पर कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहाहै। सभीबिंदुओंपरछानबीनकी जा रही है। मामले की जांच के लिए एफएसएल और स्वान दस्ता की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची है।

## ऑपरेशन क्लीन के तहत एक माह में 146 गिरफ्तार

निज संवाददाता

**पटना।** रेलवे में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए शुरू किये गए 'ऑपरेशन क्लीन के तहत रेल पुलिस ने एक माह में 146 बदमाशों को गिरफ्तार किया। यात्रियों की चोरी और गुम हुए 116 मोबाइल भी बरामद किये। शनिवार को कार्यालय कक्ष में अपराध समीक्षा गोष्ठी के दौरान रेल एसपी पटना अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कांडों के निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट तामिला, ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश अपने मातहतों को दिया।

उन्होंने बताया कि रेलवे में अपराध को रोकने और आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए रेल पुलिस 'ऑपरेशन क्लीन शुरू किया है। रेल पुलिस ने पिछले माह 116 मोबाइल, 1344 लीटर अंग्रेजी शराब, 43 लीटर देसी शराब, एक देसी कट्टा, चार कारतूस, 13500 रुपये नकद सहित अन्य सामान बरामद किया है। बताया कि जुलाई में रेल जिला पटना के अंतर्गत दर्ज कांडों के सुनवाई के दौरान न्यायालय से 12 कांडों में 12 अभियुक्तों को सजा का आदेश पारित किया गया है। अपराध समीक्षा के दौरान रेल एसपी ने बेहतर कार्य करने वाले एक सौ पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, नकद राशि एवं सुसेवांक से सम्मानित किया। बैठक में जीआरपी के सभी पुलिस अधिकारी मौजूद थे।




# वर्ग 1 से 5 के बच्चों के बीच निपुण बिहार/भारत मिशन के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** वर्ग 1 से 5 के बच्चों के बीच निपुण बिहार/भारत मिशन से संबद्ध विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। चौथे दिन खेल दिवस के अवसर पर बच्चों में स्थानीय खेलों को खेलने एवं उसे जीवंत बनाने की पहल की गयी। स्थानीय खेल किती- किती, लुकाछिपी,रुमाल चोर,पीट्टो आदि ग्रामीण खेलों को खेलकर बच्चों ने भरपूर लुफ्त उठाया। पांचवें दिन सांस्कृतिक दिवस के अवसर पर देशभक्ति गीतों से लेकर बिहार में गई जाने वाले स्थानीय गीतों यथा छठ गीत,श्रावणी गीत, शिवचर्चा गीत, झूमर, बेटी विदाई गीत आदि को बच्चों ने विशेष रूप से गाकर भारतीय संस्कृति को संरक्षित रखने की दिशा में एक पहल जरूर की। छठे दिन कौशल विकास के अंतर्गत विविध रचनात्मक गतिविधियों को आयोजित किया गया। कुछ आई सी टी से संबद्ध गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इको क्लब द्वारा विविध स्थानीय स्थानीय कला यथा मिट्टी से विभिन्न आकृतियों का निर्माण, लकड़ी से वस्तुएं का निर्माण कराकर कौशल विकसित करने का प्रयास किया गया। सातवें दिन मिशन लाइफ के तहत इको क्लब द्वारा पोषण वाटिका का निर्माण के लिए पहल की गई।स्वस्थ जीवन जीने के लिए पोषक मेला का आयोजन किया गया। विद्यालय में शिक्षा सप्ताह के सातों दिन विविध गतिविधियों का आयोजन कर नई शिक्षा नीति के मूल उद्देश्य को सफल बनाने का भरपूर प्रयास किया गया।

## पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** पाटलिपुत्र स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग में अपशिष्ट प्रबंधन की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष के प्रो. प्रीति कश्यप ने किया। अतिथि वक्ता लक्ष्य एनजीओ के सीईओ सुमंत शेखर ने पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका के बारे में बताया। मौके प्रो. प्रवीण कुमार, प्रो. रश्मि अखौरी, प्रो. मृदुला कुमारी, प्रो. बैकुंठ राय की भी उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन अनुप कुमार झा ने किया।